राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर



# प्रात:किरण



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 | देश की आधी आबादी को उनके हक ...

महिला आरक्षण पर बीएसपी चीफ ... | 12



वर्ष : 13 | अंक : 365 | पटना, शनिवार, 18 अप्रैल, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 20.0°C

न्यूनतम तापमान 18.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,55,920 |
| चांदी | 2,99,300 |
| संसेक्स | 78,493 |
| निफ्टी | 24,553 |

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश कुमार को मिला लुटियंस दिल्ली में टाइप-8 बंगला, सुरक्षा भी बढ़ी

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार को नई दिल्ली में एक नया सरकारी आवास अलॉट किया गया है। अब वह लुटियंस दिल्ली के सबसे खास इलाकों में से एक, 9 सुनहरी बाग में स्थित टाइप-8 बंगले में रहेंगे। इस इलाके को हाई-सिक्योरिटी वीआईपी जोन माना जाता है। यहां कई बड़े राजनीतिक नेता रहते हैं, जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हैं। इससे पहले, नीतीश कुमार 6, कामराज लेन में रह रहे थे। राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद, उन्हें अब उसी टॉप-टियर कैटेगरी का एक बड़ा और ज्यादा खास आवास अलॉट किया गया है। लुटियंस दिल्ली में, सरकारी आवासों को टाइप-1 से टाइप-8 तक बांटा गया है, जिसमें टाइप-8 सबसे ऊंची कैटेगरी है। ये बंगले आम तौर पर 8,000 से 8,500 वर्ग फुट में फैले होते हैं। इनमें कई बेडरूम, बड़े लिविंग और डाइनिंग एरिया, एक स्टडी रूम, गैराज की जगह और सामने और पीछे बड़े लॉन होते हैं। इनमें सुरक्षा के आधुनिक इंतजाम होते हैं, जैसे कि 24 घंटे सुरक्षाकर्मी, सीसीटीवी निगरानी और खास कंट्रोल सिस्टम, जो यहां रहने वालों के ओहदे को दिखाते हैं। नए आवास के साथ-साथ, नीतीश कुमार की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। उन्हें पूरे देश में सीआरपीएफ की तरफ से जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है, जो भारत में सार्वजनिक हस्तियों को दी जाने वाली सुरक्षा के सबसे ऊंचे स्तरों में से एक है। इतनी खास जगह पर टाइप-8 बंगला अक्सर उन लोगों के लिए आरक्षित होता है, जो बड़े संवैधानिक और राजनीतिक पदों पर हैं या रह चुके हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम : सदन में पक्ष व विपक्ष के बीच जोरदार बहस, बिल पारित कराने में सरकार विफल

# लोकसभा में नहीं पारित हुआ महिला आरक्षण बिल



- समर्थन में 278 वोट पड़े, जबकि 211 सदस्यों ने विरोध में किया मतदान
- नडीए सरकार दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में विफल रही

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराने की कोशिश सफल नहीं हो सकी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर लोकसभा में हुई वोटिंग में, एनडीए सरकार दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में विफल रही, जिससे यह संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। सदन में प्रस्ताव के पक्ष में अपेक्षित 360 मत नहीं जुट पाए, जिसके चलते यह बिल गिर गया। मतदान के दौरान बिल के समर्थन में 278 वोट पड़े, जबकि 211 सदस्यों ने इसके विरोध में मतदान किया। इस तरह कुल 489 सदस्यों की मौजूदगी के बावजूद विधेयक आवश्यक बहुमत हासिल करने में असफल रहा। इसके साथ ही सरकार ने अन्य दो महत्वपूर्ण विधेयकों परिसीमन बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को भी आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विधेयक को लेकर सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। समर्थकों ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, वहीं विरोधी दलों ने इसके विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जताई। अब इस विधेयक का भविष्य अनिश्चित हो गया है और माना जा रहा है कि सरकार इसे संशोधनों के साथ दोबारा पेश कर सकती है। यह संशोधन बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव के लिए लाया गया था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। यदि यह बिल पास हो जाता, तो इसे 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना थी।

**21 घंटे की चर्चा, 130 सांसदों ने रखे विचार, फिर हुई वोटिंग:** मालूम हो कि गुरुवार को संसद के विशेष सत्र के पहले दिन इन तीन बिल पर देर रात तक बहस चली, शुक्रवार को भी कई घंटे की बहस हुई। जिसके बाद इस पर लोकसभा में वोटिंग हुई। बताया गया कि बिल पर 21 घंटे चर्चा हुई। कुल 130 सांसदों ने अपने विचार रखें इनमें 56 महिला सांसद थीं। इसके अलावा महिला आरक्षण से दो और बिल संसद में पेश किए गए थे। लेकिन 131वां संशोधन विधेयक पास नहीं होने के बाद सरकार ने अन्य दो बिल को वापस ले लिया।

## संसद में रूल 66 और महिला आरक्षण पर छिड़ा सियासी संग्राम

- सरकार ने अचानक लागू किया 2023 का कानून

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर ऐतिहासिक वोटिंग से ठीक पहले केंद्र सरकार ने एक बड़ा कूटनीतिक दांव चला है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने गुरुवार देर रात अधिसूचना जारी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 (106वां संविधान संशोधन) को तत्काल प्रभाव से 16 अप्रैल, 2026 से लागू कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया जब संसद में पहले से ही इस कानून में सुधार कर इसे 2029 से लागू करने के लिए नए संशोधनों पर बहस चल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिसूचना जारी होने के बाद अब यह कानून कागजों पर औपचारिक रूप से प्रभावी हो चुका है, जिससे सरकार ने एक मजबूत कानूनी आधार तैयार कर लिया है।संसद में चर्चा के दौरान रूल 66 (लोकसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम) चर्चा का केंद्र बना हुआ है। सरकार ने इस नियम के तहत तीन अलग-अलग विधेयकों—केंद्र शासित प्रदेशों में आरक्षण, 131वां संविधान संशोधन और परिसीमन विधेयक—को एक साथ जोड़कर पेश किया है। इसका तकनीकी अर्थ यह है कि अब सांसदों को इन तीनों पर अलग-अलग नहीं, बल्कि एक साथ वोट देना होगा। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने यह जाल इसलिए बुना है क्योंकि उसके पास संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत (करीब 360 वोट) की कमी है। रूल 66 के इस्तेमाल से सरकार ने विपक्ष को समर्थन या पूर्ण विरोध की स्थिति में खड़ा कर दिया है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने सरकार के इस कदम को बैकअप प्लान करार दिया है। विपक्षी नेताओं का तर्क है कि सरकार को डर है कि नया संशोधन विधेयक गिर सकता है, इसलिए उन्होंने पुराने कानून को रातों-रात अधिसूचित कर दिया ताकि श्रेय बना रहे।

## परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेशों में आरक्षण बिल लिया वापस

सरकार ने तीन अलगअलग विधेयकों– 131वां संविधान संशोधन, परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेशों में आरक्षण विधेयकको एक साथ जोड़कर पेश किया था। लेकिन लेकिन 131वां संशोधन विधेयक पास नहीं होने के बाद सरकार ने अन्य दो बिल को वापस ले लिया। प्रस्तावित संशोधनों में लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने की बात भी शामिल थी, ताकि परिसीमन के बाद महिला आरक्षण लागू किया जा सके। विपक्ष ने शुरूआत से ही इन संशोधनों का विरोध किया और इसे राजनीतिक संतुलन बदलने की कोशिश बताया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से समर्थन की अपील की थी और कहा था कि अगर विपक्ष विरोध करेगा तो उसका राजनीतिक फायदा भी उसे मिलेगा, लेकिन वह सभी को साथ लेकर चलने के लिए तैयार हैं।

**विधेयक की स्थिति**

सितंबर 2023 में संसद द्वारा पहले पारित किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संवैधानिक संशोधन, 2023) में संशोधनों पर चर्चा और मतदान हुआ था, जो इस बार पास नहीं हो पाया।

**परिणाम:**

489 सदस्यों में से, 278 ने पक्ष में और 211 ने विरोध में मतदान किया, जिससे यह प्रस्ताव विफल हो गया।

**प्रतिक्रिया**

राहुल गांधी ने कहा कि परिसीमन बिल से महिला सशक्तिकरण नहीं हो सकता और उन्होंने इसे विपक्षी दलों के गठबंधन की जीत बताया।

**विधेयक का उद्देश्य**

इस कानून का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करना था।



### हमारा अभियान जारी रहेगा : रिजिजू

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे।

## लोकसभा में परिसीमन और महिला आरक्षण पर तीखी बहस

## कांग्रेस ने परिसीमन से देश की जनता को वंचित रखा : शाह

**प्रात : किरण**



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम और परिसीमन पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई सारे सदस्यों ने अनेक प्रकार की आशंकाएं व्यक्त कीं कि परिसीमन अभी क्यों लाया जाए? तो मैं बता दूं कि जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया है, उसमें जिक्र है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद जो परिसीमन होगा, उसमें महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब ये कहते हैं कि बिल लाते समय इसका जिक्र क्यों किया गया? यह हमने नहीं किया। 1971 में इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब वे इसे फ्रीज करके गई थीं। वह फ्रीज की गई सीटों की संख्या उठाते हैं, तभी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन होता है, इसलिए हम इसे लेकर आए। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने परिसीमन विधेयक लाकर सीटों को 525 से बढ़ाकर 545 किया और फिर इसे फ्रीज कर दिया गया। 1976 में सत्ता बचाने के लिए आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन द्वारा परिसीमन पर रोक लगा दी गई। इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं, उन्होंने कानून लाकर परिसीमन पर रोक लगाई, लेकिन आज ये कितने शक्तिशाली हैं कि विपक्ष में बैठकर परिसीमन पर रोक लगाना चाह रहे हैं।

# देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश कर रही भाजपा : राहुल

**प्रात : किरण**



नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में परिसीमन और महिला आरक्षण पर शुक्रवार को जारी बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र  केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी महिलाओं के मुद्दे के पीछे छिपकर देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश कर रही है। महिलाओं को आरक्षण देने की बजाय असली मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है। सब जानते हैं कि हमारे समाज में दलितों और ओबीसी के साथ क्या हुआ और उनकी महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार किया गया। भाजपा जातीय जनगणना से बचने की कोशिश कर रही है और ओबीसी समुदाय के अधिकारों को नजरअंदाज किया जा रहा है। भाजपा भारत की बदलती राजनीति से डरी हुई है और उसे अपनी सत्ता कमजोर होती नजर आ रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो कुछ सरकार करने की कोशिश कर रही है, उसके लिए संवैधानिक संशोधन की जरूरत होगी और विपक्ष इसे किसी भी हालत में सफल नहीं होने देगा। यह पूरी तरह असंवैधानिक प्रयास है और पूरा विपक्ष इसे होने नहीं देगा।






## 'भारत की जनगणना 2027' का सीएम ने प्रदेश में किया शुभारंभ

# जनगणना सुशासन की आधारशिला, राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें : सीएम सम्राट

**प्रात : किरण**



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय अभियान-भारत की जनगणना-2027 का राज्य में शुभारंभ किया। श्री चौधरी ने भारत की जनगणना-2027 का सचिवालय से माउस क्लिक कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने राज्यवासियों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जनगणना सुशासन की आधारशिला है, जो आगामी वर्षों में विकास योजनाओं, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 तकनीकी दृष्टि से एक ऐतिहासिक पहल है। इसमें पहली बार पूर्णतः डिजिटल डेटा संग्रहण तथा स्व-गणना की सुविधा 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 02 मई 2026 से 31मई 2026 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। स्व-गणना के माध्यम से या प्रगणकों को सहयोग प्रदान कर एक सटीक, समावेशी और विश्वसनीय जनगणना संपन्न करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा किजनगणना-2027 बिहार एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार,कुमार रवि, गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच पंचायतों में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

फतुहा। प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायतों में शनिवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा 33 केवीए लाइन में मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न होगी। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फतेहपुर के अंतर्गत आने वाले मसाढ़ी, जैतिया, मानसिंहपुर, उसफा और रुकूनपुर पंचायतों के दो दर्जन से अधिक गांवों में सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, दनियावां प्रखंड मुख्यालय की बिजली आपूर्ति इस अवधि में सामान्य रूप से जारी रहेगी। इस संबंध में कनीय अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि लाइन मरम्मत कार्य को सुरक्षित और सुचारू रूप से पूरा करने के लिए यह शटडाउन आवश्यक है तथा विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सम्राट चौधरी को सीएम बनने पर गुलशन कुमार ने दी बधाई

फतुहा। सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ, एलजेपी (आर) के गुलशन कुमार ने हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश विकास, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा। साथ ही उन्होंने ईश्वर से उनके स्वस्थ, सफल और ऊजार्वान जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे पूरे समर्पण के साथ बिहार की सेवा करते रहें। अंत में उन्होंने इस गौरवपूर्ण पद के लिए पुनः शुभकामनाएं और बधाई दी।

### रेप व हत्या के खिलाफ भाकपा-माले का फतुहा में प्रतिरोध मार्च

फतुहा। राघोपुर में इंजीनियरिंग की छात्रा के साथ रेप व हत्या की घटना के विरोध में भाकपा माले ने फतुहा में आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला। मार्च पार्टी कार्यालय से शुरू होकर महारानी चौक होते हुए फतुहा चौराहा पहुंचा, जहां यह एक बड़ी नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने कहा कि पटना सहित पूरे बिहार में लगातार हो रही रेप और हत्या की घटनाओं से आम लोग दहशत में हैं और सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों को बचाने की कोशिश की जा रही है, जबकि पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। नेताओं ने मांग की कि दोषियों को स्पीडी ट्रायल के जरिए सख्त सजा दी जाए और पीड़िता अनुपमा को न्याय मिले। मार्च में अवधेश राम, बिरजा पासवान, नंदू मांझी, सुरेश दास, अशर्फी चौधरी, कृपा नारायण साह, रवि साह, तनिकन मोची, रिंकू देवी, कामेश्वर मोची, अनीता देवी, सरिता देवी, सुंदरी देवी, सोनी देवी, पुनिया देवी, सुलेखा देवी, पिंकी देवी, अरुणा देवी, गीता देवी, जागेश्वरी देवी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं चश्मा वितरण का कार्यक्रम हुआ आयोजित

दानापुर। नगर के अंतर्गत नासरीगंज स्थित मुख्य पार्षद के आवास परिसर में बुनियादी केंद्र पटना सदर द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में सभी आयु वर्ग के लोगों की आंखों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों। द्वारा की गई। जांच के उपरांत जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। प्रथम दिन शिविर में सैकड़ों लोग पहुंचे व अपनी नेत्र की जांच कराई। बुनियाद केंद्र पटना सदर की जिला प्रबंधक नीतू कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका एवं दिव्यांग विकास मंच बिहार की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। मंच के सचिव पप्पु कुमार, अमित कुमार, अनुज सोनी आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे।

### प्रबंध निदेशक ने छपरा में ग्रिड व विद्युत शक्ति उपकेंद्र का किया निरीक्षण

पटना/छपरा। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (ठढढऊ्रछ) एवं बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (इरढळउछ) के प्रबंध निदेशक श्री राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने शुक्रवार को छपरा सर्किल के विद्युत शक्ति उपकेंद्र का दौरा किया।

जहां उन्होंने मानक संचालन प्रक्रिया (रडढ) रजिस्टर, सुरक्षा उपकरणों तथा स्विचयार्ड में स्थापित पावर ट्रांसफार्मरों का अवलोकन किया।

# भ्रांतियों को दरकिनार कर किशोरियों को लगवाएं ग्राडासील वैक्सीन: जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी



- गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा के लिए ग्राडासील वैक्सीन जरुरी
- जिला के सभी संस्थान में उपलब्ध है वैक्सीन

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना- जिला सहित पूरे राज्य में इस अभियान के तहत वैसी किशोरियां जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन अभी 15 वर्ष की नहीं हुई हैं, वे सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर इस घातक सर्वाइकल कैंसर से बचाव का ह्यसुरक्षा कवचह्न प्राप्त कर रही हैं. टीका बिहार सरकार द्वारा निशुल्क लगाया जा रहा है.

**65,000 किशोरियों को टीकाकृत करने का लक्ष्य:**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि महिलाओं में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण सर्वाइकल कैंसर है, जिसे केवल समय पर टीकाकरण के जरिए ही रोका जा सकता है. उन्होंने कहा कि गार्डासिल वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और 14 से 15 वर्ष की आयु में इसे लगवाना सबसे प्रभावी साबित होता है. उन्होंने बताया कि जिला की 65,000 किशोरियों को टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है और लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है. उन्होंने बताया कि वैक्सीन जिला के सभी 24*7 संस्थान में उपलब्ध है.

**भ्रांतियों और भ्रामक बातों को करें दरकिनार:**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि ग्राडासील वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसे लगवाने से किशोरियों को कोई समस्या नहीं होती है. विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत के राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह ने इसे प्रमाणित किया है. यह टीका न केवल जान बचाता है, बल्कि परिवारों को भविष्य में होने वाले भारी-भरकम इलाज के खर्च और मानसिक प्रताड़ना से भी सुरक्षित रखता है. उन्होंने लोगों से अपील किया कि मन में व्याप्त भ्रांतियों एवं किसी के द्वारा कही जा रही भ्रामक बातों को पूरी तरह नजरअंदाज करें और निश्चित होकर किशोरियों को वैक्सीन लगवाएं. उन्होंने कहा कि इसमें जन प्रतिनिधियों की भूमिका अहम है और वह अपने स्तर से लोगों को ग्राडासील वैक्सीन की उपयोगिता और सुरक्षित होने पर जागरूक कर किशोरियों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें.

**लक्षणों की पहचान और बचाव ही एकमात्र उपाय:**

चूंकि इस कैंसर के शुरूआती चरण में जननेंद्रियों से असामान्य रक्तस्राव या दर्द जैसे कोई लक्षण दिखाई नहीं देते, इसलिए इसे ह्यसाइलेंट किलरह्न भी कहा जाता है. बीमारी बढ़ने पर ही वजन कम होना, पैरों में सूजन या पीठ दर्द जैसे संकेत मिलते हैं. ऐसे में बचाव ही सबसे बड़ा इलाज है. विशेषज्ञों का मानना है कि 35 से 45 वर्ष की आयु में जब महिलाएं अपने परिवार और नौकरी के लिए सबसे महत्वपूर्ण सहारा होती हैं, तब यह बीमारी उन्हें अपनी चपेट में लेती है. टीकाकरण के माध्यम से इस जोखिम को लगभग समाप्त किया जा सकता है.

# पटना में सजा अंतरराष्ट्रीय व्यापार का भव्य मंच इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का शुभारंभ

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। पटना के ज्ञान भवन में इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी कुमारी एवं मेले के आयोजक चंदन चटर्जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर महापौर सीता साहू ने कहा, ऐसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों का आयोजन पटना जैसे शहर के लिए गर्व की बात है। इससे न केवल स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलता है, बल्कि बिहार में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं।

इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का आयोजन भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (कोलकाता) एवं सीसीजी मार्केटिंग एंड सर्विसेज (कोलकाता) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। मेले में ईरान, सऊदी अरब, बांग्लादेश, दुबई, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, कुवैत एवं जर्मनी सहित कई देशों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों की भी व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। मेले में विभिन्न देशों के विशेष उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिनमें अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, दुबई के परफ्यूम तथा ईरान के ड्राई फ्रूट्स एवं ज्वेलरी प्रमुख हैं।

मेले की खासियत अंतरराष्ट्रीय स्तर का वातावरण है, जिसके लिए पूरे परिसर को वातानुकूलित बनाया गया है, ताकि आगंतुकों को धूल-रहित और आरामदायक अनुभव मिल सके। यह मंच अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों, कॉर्पोरेट कंपनियों, सरकारी विभागों और सूक्ष्म उद्योगों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर प्रदान कर रहा है। मेले में 75,000 से अधिक विभिन्न प्रकार के उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें फर्नीचर, इंटीरियर एवं होम डेकोर, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, महिला एवं पुरुष परिधान, आभूषण, चमड़े के उत्पाद सहित देश-विदेश के कई आकर्षक और उपयोगी उत्पाद शामिल हैं।मेले के आयोजक चंदन चटर्जी ने कहा, इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का उद्देश्य पटना और बिहार के लोगों को एक अंतरराष्ट्रीय शॉपिंग अनुभव प्रदान करना है। यहां एक ही स्थान पर देश-विदेश के बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध हैं, जो व्यापार और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लाभकारी हैं।ह्व यह मेला 26 अप्रैल 2026 तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। आयोजकों ने लोगों से अपील की है

# काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स ने पटना में पहली डीलरशिप के साथ बिहार में प्रवेश किया, राष्ट्रीय विस्तार को मिली मजबूती

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। बिहार : काइनेटिक इंडिया की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई, काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड ने आज पटना में अपनी पहली डीलरशिप का उद्घाटन कर बिहार बाजार में आधिकारिक रूप से प्रवेश करने की घोषणा की। यह उपलब्धि कंपनी की राष्ट्रीय विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत वह उभरते और उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है।नई काइनेटिक एश डीलरशिप, ी ऑटोमोबाइल, अमित होटल कैंपस, अनीसाबाद बाईपास रोड, पटना झ 800002 में स्थित है। यह एक पूर्ण रूप से एकीकृत 3र सुविधा (सेल्स, सर्विस और स्पेयर्स) है, जिसे ग्राहकों को सहज और व्यापक ओनरशिप अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।बिहार में काइनेटिक का प्रवेश टियर 2 और टियर 3 बाजारों में विस्तार की उसकी रणनीति को दशार्ता है, जहाँ भरोसेमंद, व्यावहारिक और किफायती मोबिलिटी समाधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

पटना स्थित यह डीलरशिप आधुनिक सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस है, जहाँ प्रशिक्षित तकनीशियन, जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सपोर्ट उपलब्ध होगा। यह इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में ग्राहकों का दीर्घकालिक विश्वास बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स के वाइस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अजिंक्य फिरोदिया ने कहा, बिहार में हमारा प्रवेश भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुलभ बनाने की हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण कदम है। पटना जैसे बाजार एश विकास के लिए वास्तविक अवसर प्रस्तुत करते हैं, जहाँ ग्राहक व्यावहारिक, भरोसेमंद और किफायती मोबिलिटी समाधान तलाश रहे हैं। काइनेटिक की विरासत और रोजमर्रा के उपयोग को ध्यान में रखकर बनाए गए हमारे उत्पाद के साथ, हमें इस क्षेत्र में मजबूत स्वीकृति मिलने का विश्वास है।अपने विचार साझा करते हुए, ऑटोमोबाइल के डीलर प्रिंसिपल आलोक प्रकाश ने कहा, ह्लहम काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स के साथ साझेदारी कर गर्व महसूस कर रहे हैं

# मुख्यमंत्री बनने पर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार ने दी बधाई

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। पालीगंज बिहार में नए मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के पदभार संभालने पर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के ठऊअ प्रत्याशी सुनील कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ठऊअ प्रत्याशी सुनील कुमार ने कहां कि सम्राट चौधरी एक अनुभवी एवं दूरदर्शी नेता हैं।

उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। हमें विश्वास है कि राज्य में सुशासन, विकास और जनकल्याण की योजनाओं को और गति मिलेगी। आगे उन्होंने कहा कि नई सरकार आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेगी तथा युवाओं, किसानों और गरीब वर्ग के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। हमें पूरा विश्वास है कि आपके नेतृत्व में पूरे बिहार में कानून व्यवस्था मजबूत होगी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

साथ ही, उद्योग, व्यापार और हर व्यवसाय से जुड़े लोगों को एक सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण मिलेगा। हमे उम्मीद है कि आप हर व्यक्ति की सुरक्षा, सम्मान और विकास की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और बिहार को प्रगति के नए रास्ते पर ले जाएंगे। बिहार की इस पवित्र धरती ने सम्राट अशोक जैसे महान शासक को जन्म दिया, जिन्होंने न्याय, शांति और समृद्धि का मार्ग दिखाया।

### खुसरूपुर में भाई ने भाई की चाकू मारकर की हत्या गांव में मची दहशत

फतुहा। खुसरूपुर थाना क्षेत्र के हैवतपुर पंचायत अंतर्गत लोदीपुर दानीयालपुर स्थित देवी स्थान के समीप दलित टोला में बुधवार देर रात पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां बड़े भाई ने ही छोटे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान शैलेश रविदास के रूप में हुई है, जो दिल्ली में काम करता था और हाल ही में गांव लौटा था, जबकि आरोपित बड़ा भाई शत्रुघ्न रविदास घटना के बाद से फरार है। बताया जाता है कि दोनों भाइयों के बीच आपसी संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था, जो देर रात कहासुनी के बाद हिंसक हो गया और गुस्से में आकर शत्रुघ्न ने धारदार हथियार से शैलेश पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए पीएमसीएच ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक अविवाहित था और घटना के बाद गांव में दहशत व तनाव का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम मामले की जांच करते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### पंजाब पुलिस हत्या आरोपी राहुल व संगीत कुमार को गिरफ्तार करने दानापुर पहुंची

दानापुर। नगर के अंतर्गत पंजाब के लुधियाना स्थित सान्यवल थाना क्षेत्र में करीब तीन वर्ष पूर्व हुए सन्नी देव हत्या मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने पंजाब पुलिस दानापुर पहुंची। दानापुर पुलिस की मदद से पंजाब पुलिस में कार्रवाई की परन्तु आरोपी दोनों पुलिस के हाथ नहीं लगे। जिसके बाद पुलिस कार्रवाई करते हुए बैरंग पंजाब लौट गई। गुरुवार की देर शाम पंजाब पुलिस एसआई कर्नैल सिंह समेत दो पुलिसकर्मी दानापुर के गाभतल निवासी सन्नी देव हत्या मामले में आरोपित राहुल एवं संगीत कुमार को गिरफ्तारी को लेकर दानापुर थाना पहुंचे। श्री सिंह ने बताया कि लुधियाना के सान्यवल थाना क्षेत्र में 24 अक्टूबर 22 को सन्नी देव की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद उसके साथ रहे गाभतल निवासी राहुल एवं संगीत समेत तीन लोगों को आरोपित किया गया था। जिसमें एक की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है। जबकि दो फरार चल रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए यहां आया हूं। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि सन्नी देव हत्या मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने पंजाब पुलिस आई थी।

# नारी के सहभागिता से ही बनेगा विकसित भारत: मुख्यमंत्री

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। मेरा युवा भारत, पटना, बिहार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में नारी शक्ति वंदन थीम पर राष्ट्रीय फन रन कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 06 बजे मैरिन ड्राइव रेलवे ब्रिज-जे.पी. गंगा पथ से प्रारम्भ होकर एल.सी.टी. घाट तक 2.5 किमी की दूरी तय करते हुए समाप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम में प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक समेत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, जीविका, महिला सामाजिक संगठनों, स्वंय सहायता समूह, सरकारी



अधिकारीगण, स्कूल, कॉलेज के छात्राओं, प्रोफेसर आदि 5000 से अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम नारी शक्ति को सम्मान देने और विकसित भारत के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का उद्घाटन सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा किया गया तथा हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने में यह दौड़ का कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लोक सभा एवं राज्य विधान सभा में 33% आरक्षण होने से महिलाओं का प्रतिनिधित्व प्रशासनिक एवं अन्य क्षेत्रों में सशक्त होगा। कार्यक्रम के दौरान श्रेयसी सिंह विधायक जमुई, मीना कुमारी विधायक बाबूबरही, शालिनी मिश्रा विधायक केसरिया,रमा निषाद विधायक औराई, संगीता कुमारी विधायक मोहनिया, रशिम वर्मा सदस्य बिहार वूमेन कमीशन, सीता साहू मेयर पटना, डॉ. रत्ना अमृत प्राचार्या बी.डी. कॉलेज पटना ने उपस्थित होकर महिलाओं का हौसला बुलंद किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी का पंजीकरण किया गया तथा दौड़ के समाप्ति के पश्चात प्रमाण-पत्र वितरण किया। श्रेयसी सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं में सामूहिक भागीदारी और राष्ट्रीय प्रगति की भावना और मजबूत होगी। मौके पर प्रमुख लोगो में वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ सुहेली मेहता, मेरा युवा भारत के राजयनिदेशक कपिलदेव राम, गांधीवादी प्रेम जी, उपनिदेशक सूर्यकांत कुमार, जिला युवा अधिकारी शुशील कुमार, एसपी कर्ण, शिवजी राम,केदारनाथ सिंह, चन्देश्वर पांडेय, समित कुमार राजू,रणधीर कुमार , मिश्री लाल साह, हिमांशु शर्मा, रजनी,अलका,अंजू,आकांक्षा समेत भारी सँख्या में लोग मौजूद रहे ।

# पूर्व मध्य रेलवें के महाप्रबंधक द्वारा किया गया व्यापक निरीक्षण

**प्रातः किरण संवाददाता**

हाजीपुर । छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा आज दिनांक 17.04.2026 को श्रमजीवी एक्सप्रेस से पटना-डीडीयू रेलखंड विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया ।इसके उपरांत उन्होंने डीडीयू जंक्शन से परख निरीक्षण यान द्वारा चल निरीक्षण प्रारंभ किया गया।महाप्रबंधक द्वारा डीडीयू जंक्शन से चुनार तक भारतीय रेल के पारंपरिक रेलमार्ग पर तथा इसके उपरांत चुनार से न्यू डगमगपुर स्टेशन तक पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) रेलखंड का निरीक्षण किया गया तथा वहां से वापसी में भी फ्रेट कॉरिडोर लाइन से निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मार्ग पर उपलब्ध रेल अवसंरचना, ट्रैक, सिग्नल व्यवस्था एवं परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही डीडीयू क्षेत्र से विभिन्न स्थानों पर भारतीय रेल एवं डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के मध्य कनेक्टिविटी, लिंक व्यवस्था तथा समन्वित परिचालन से जुड़े पहलुओं का भी जायजा लिया गया।

डीडीयू जंक्शन क्षेत्र से पटना दिशा की ओर गुजरने वाली प्रस्तावित तीसरी एवं चौथी लाइन के एलाइनमेंट तथा संबंधित कार्यों को लेकर भी जायजा लिया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने न्यू डीडीयू जंक्शन स्थित डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के नवनिर्मित रनिंग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान रनिंग स्टाफ हेतु उपलब्ध विश्राम कक्ष, स्वच्छ आवासीय व्यवस्था, भोजन कक्ष तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही न्यू डीडीयू जंक्शन स्थित क्रू लॉबी का भी निरीक्षण कर वहां की कार्य प्रणाली का जायजा लिया।



निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक महोदय द्वारा न्यू डीडीयू जंक्शन से न्यू गंजख्वाजा तक फ्रेट कॉरिडोर लाइन से निरीक्षण किया गया तथा वहां से भारतीय रेल के पारंपरिक ट्रैक से डीडीयू जंक्शन तक रेलखंड का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री उदय सिंह मीना सहित मंडल के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री से मिले डॉ एलबी सिंह



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी से जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के सचिव सह अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के राष्ट्रीय महासचिव डा. एलबी सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस दौरान उन्होंने एक तस्वीर भेंट की। डा. एलबी सिंह ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में बिहार विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। इनकी राजनीतिक अनुभव बिहार में काफी लंबी रही हैं। हर वर्गो को ध्यान में रखकर कार्य किये जायेंगे। हमें उम्मीद है कि इनके कुशल नेतृत्व में बिहार विकास की ऊँचाईयों को छुएगा।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह पर होटल मौर्या में किया गया फायर मॉक ड्रिल

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना : अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर होटल मौर्या में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा फायर मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा आग बुझाने के अद्भुत तरीके प्रस्तुत किए गए। फायर अलार्म द्वारा आग की सूचना मिलते ही मार्शल टीम हरकत में आ गई।

अतिथि को इमरजेंसी लैंडर द्वारा रूम से बारी - बारी से सुरक्षित उतारा गया। इसके बाद होटल मौर्या के एडमिनिस्ट्रेटर आर के सिंह द्वारा अतिथि को प्राथमिक उपचार (बी पी जांच) मुहैया कराया गया और एम्बुलेंस के द्वारा नजदीक के रेनबो अस्पताल भेजा गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित अजीत कुमार (सबडिविजनल फायर ऑफिसर, पटना) ने अग्नि सुरक्षा पर होटल मौर्या के कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं अन्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. करीम एवं डॉ. दीपक शरण (रेड क्रॉस सोसाइटी), चंद्र प्रकाश सिंह (उपाध्यक्ष, इंटक), प्रो. मधुबाला (आपदा प्रबंधन) ने भी अग्नि सुरक्षा को लेकर अपने - अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर उपस्थित होटल मौर्या के प्रबंध निदेशक आदित्य प्रकाश सिन्हा ने भी सुरक्षा पर अपने विचार प्रकट किए जबकि होटल मौर्या के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बी डी सिंह ने कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर लोगों को इससे अवगत कराया। साथ ही प्रत्युष त्रिपाठी (होटल मैनेजर) ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए होटल मौर्या के एडमिनिस्ट्रेटर आर के सिंह ने कहा कि होटल मौर्या के पास सभी प्रकार के फायर एक्सटीन्गुइसर उपलब्ध है जिसके सहारे हम सभी विषम परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हैं। हमारे पास पब्लिक एड्रेस सिस्टम, एडवांस स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म, हाइड्रेंट सिस्टम, फोम जेट और फायर स्मोक एक्सट्रैक्टर की पूरी व्यवस्था है।

# एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फेलोशिप युवाओं के लिए उपयोगी: डॉ रत्ना अमृत

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। बी.डी. कॉलेज, पटना में एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फेलोशिप के सहयोग से एक पूर्व-नियोजन संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को करियर, इंटर्नशिप, सामाजिक नेतृत्व तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े अवसरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की संरक्षक महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. रत्ना अमृत रहीं। उन्होंने अपने उद्घाटन संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव, सामाजिक भागीदारी और कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। ऐसे फेलोशिप कार्यक्रम युवाओं को न केवल रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें समाज के लिए कार्य करने की दृष्टि भी प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप समन्वयक डॉ. मोहम्मद अली उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय तथा एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फेलोशिप के बीच सफलतापूर्वक समझौता होने के बाद यह अवसर पूरे विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं के लिए पूरी तरह से खुल चुका है।

उन्होंने कहा कि यह अवसर विद्यार्थियों को एक नई दिशा में आगे बढ़ने और सीखने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा, जहाँ छात्र बिहार से बाहर अन्य राज्यों में जाकर फेलोशिप पूर्ण कर सकेंगे। यह पहल विद्यार्थियों के लिए सामाजिक नेतृत्व, क्षेत्रीय अनुभव तथा करियर निर्माण के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।कार्यक्रम के संयोजक तथा महाविद्यालय के प्लेसमेंट टीम की ओर से डॉ. स्वर्णा कुमार (प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर), डॉ. सीमा कुमारी एवं डॉ. सुधीर कुमार (सदस्य, प्लेसमेंट सेल) ने कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप, फील्ड वर्क तथा कौशल आधारित अवसरों को बढ़ावा देना आवश्यक है और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक सार्थक कदम है।

महाविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विशाल विजय की भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका रही।एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फेलोशिप की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि जैद अंसार ने फेलोशिप की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह फेलोशिप युवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, कृषि विकास, डिजिटल साक्षरता जैसे क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर देती है। साथ ही उन्होंने आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया, मासिक सहयोग राशि एवं फेलोशिप के लाभों पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई वरिष्ठ शिक्षकगण भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. रवि कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. राहुल अमृतराज, डॉ. विजय मीना, डॉ. दीपिका कुमारी तथा डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य शिक्षकगण सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से श्री प्रेम कुमार भी उपस्थित रहे।महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने फेलोशिप से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के करियर उन्मुख, कौशल विकास तथा फेलोशिप जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# सीएम सम्राट चौधरी ने बाबा हरिहर नाथ मंदिर में परिवार संग की पूजा अर्चना



■ राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की, लगातार तीसरे दिन गए धर्म स्थल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को सपरिवार बाबा हरिहर नाथ मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री करीब 20 मिनट तक मंदिर के गर्भगृह में रहे और विशेष पूजा संपन्न की। मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। दरअसल, मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी लगातार धार्मिक स्थलों का दौरा कर रहे हैं। 15 अप्रैल को शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने राजवंशी नगर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इसके बाद 16 अप्रैल को उन्होंने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया था। अब बाबा हरिहर नाथ मंदिर में दर्शन के साथ उनका यह धार्मिक क्रम जारी है। राजनीतिक गलियारों में इसे उनकी आस्था और परंपरा से जुड़ाव के साथ-साथ नए कार्यकाल की शुभ शुरूआत के तौर पर भी देखा जा रहा है। वही सारण पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे पहले मंदिर परिसर में उनके पहुंचते ही स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। सोनपुर के भाजपा नेता ओम कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय हरिहरनाथ और सम्राट चौधरी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ी, जिससे माहौल पूरी तरह राजनीतिक और धार्मिक उत्साह से सराबोर दिखा।

## सड़क दुर्घटना के शिकार हुए विधायक संजय गुप्ता से मिलने पहुंचे सीएम

पटना। बीते 14 अप्रैल को पटना के कुम्हरार विधान सभा के बीजेपी विधायक संजय गुप्ता सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे। घटना में उन्हे गंभीर चोटे आई थी। हालांकि अब वे खतरे से बाहर है। शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उनसे मिलने पहुंचे। जहां उन्होने विधायक संजय गुप्ता के स्वास्थ की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ्य होने बात की। बताते चले कि बीते 14 अप्रैल को भाजपा के कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता सड़क हादसे में घायल हो गए थे। यह दुर्घटना बेगूसराय में देर रात करीब 2:30 बजे हुई थी। संजय गुप्ता सिलीगुड़ी से चुनाव प्रचार कर पटना लौट रहे थे। उन्हें पटना में होने वाली भाजपा विधायक दल की अहम बैठक में शामिल होना था, लेकिन रास्ते में ही उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई थी। उनकी गाड़ी नेशनल हाईवे पर कई बार पलटी मारते हुए सड़क किनारे जा टकराई। हादसा



इतना भयानक था कि गाड़ी ने हवा में ही दो से तीन बार पलटी मारी। इस गाड़ी में अकेले विधायक ही नहीं बल्कि उनका परिवार भी था। हालांकि गनीमत यह रही कि इसी दौरान गाड़ी का एयरबैग खुल गया, जिस वजह से विधायक और उनके परिवार के सदस्यों को मामूली चोट आई। फिर उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## बिहार में उद्योगों को बढ़ावा, नए निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर बढ़ाएंगे रोजगार के अवसर: बिजेन्द्र

■ उपमुख्यमंत्री ने कहा- सरकार औद्योगिक निवेश पर ज्यादा जोर देगी, इंफ्रास्ट्रक्चर पर बल दिया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने नई सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2025-30 को लेकर जो बातें की थीं, जो वादे किए थे, उस चुनावी घोषणा पत्र को हम लोग पूरा करेंगे। उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि संपन्न और समृद्ध बिहार बनाना है। सरकार औद्योगिक निवेश पर ज्यादा जोर देगी। इंफ्रास्ट्रक्चर पर बल दिया जाएगा। एयर कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, रोड कनेक्टिविटी और रिवर कनेक्टिविटी पर फोकस किया जाएगा। पिछली सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो योजनाएं चल रही हैं, वो आगे भी चलेंगी और नई योजनाएं भी शामिल की जाएंगी।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ तालमेल और जिम्मेदारियों के बंटवारे पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सब कुछ सामंजस्य के साथ चल रहा है। जल्द



ही पूरा मंत्रिमंडल गठन हो जाएगा और उसके बाद विभागों का स्पष्ट बंटवारा कर दिया जाएगा। बिहार में रोजगार सृजन को लेकर सरकार योजना के बारे में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास पर ज्यादा फोकस रहेगा। एग्रो इंडस्ट्री के साथ बाकी चीजें भी जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि रोजगार हमारे लिए सबसे अहम मुद्दा है। उद्योगों को बढ़ावा देकर, नए निवेश लाकर और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करके रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। युवाओं के पलायन को लेकर उन्होंने कहा कि पलायन एक बड़ा मुद्दा है। हम राज्य में ही रोजगार के अवसर बढ़ाने पर काम कर रहे हैं, ताकि युवाओं को बाहर जाने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा कि कोसी-तटबंध में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी से आए लोग हैं। ककरी-फूट की खेती करते हैं। दुनिया में जब अर्थव्यवस्था एक है तो पलायन शब्द कहां से आ गया। किस राज्य में किस राज्य के लोग नहीं है, किस देश में किस देश के लोग नहीं है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के रोडमैप के बारे में उन्होंने कहा कि किसानों के लिए पहले से चल रही योजनाओं को और मजबूत किया जाएगा।

उनकी आय बढ़ाने के लिए नई योजनाओं पर भी काम जारी है। देश में महिला आरक्षण विधेयक 2023 लागू किए जाने को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए बिहार पहले से ही एक मॉडल रहा है। पंचायती राज में महिलाओं को जो अवसर मिला है, उसे और मजबूत किया जाएगा। विपक्ष की ओर से जनादेश के खिलाफ सरकार बनाने को लेकर उन्होंने कहा कि एनडीए को जनादेश मिला था। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए अभी है और आगे भी रहेगा। चुनाव सरकार नहीं लड़ती, चुनाव तो पार्टी लड़ती है। जनता ने एनडीए की सरकार चुनी तो एनडीए सरकार है। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत और राजनीतिक निर्णय है। पार्टी और सरकार पूरी तरह उनके साथ है।

# महिलाओं को अधिकार देने के ऐतिहासिक अवसर पर भी सियासत कर रहा विपक्ष : सरावगी

■ बोलें- नारी शक्ति को निर्णय लेने से रोकने की साजिश, विपक्ष की संकीर्ण सोच उजागर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के पारित नहीं हो पाने पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विपक्ष पर तीखा और व्यापक हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों, सम्मान और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। श्री सरावगी ने कहा, विपक्ष प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विरोध में



इतना अंधा हो चुका है कि वह नारी शक्ति को मिल रहे ऐतिहासिक अधिकारों को भी छीनने पर उतारू हो गया है। यह सीधा-सीधा महिलाओं को नीति-निर्धारण की प्रक्रिया से दूर रखने की साजिश है, जिसे देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह बिल केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत की महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और नीतिगत स्तर पर सशक्त बनाने का मजबूत माध्यम था। जब देश की आधी आबादी को बराबरी का अधिकार देने की बात हो रही थी, तब सभी दलों को मिलकर इसे सर्वसम्मति से पारित करना चाहिए था। लेकिन विपक्ष ने अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के चलते इस ऐतिहासिक अवसर को भी गंवा दिया, उन्होंने कहा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज देश की हर महिला यह देख रही है कि कौन उनके अधिकारों के लिए खड़ा है और कौन अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण उनके रास्ते में बाधा बन रहा है। विपक्ष का असली चेहरा अब पूरी तरह उजागर हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव कदम उठाती रहेगी।

## पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाएं : निशांत

■ जदयू प्रवक्ताओं के साथ की महत्वपूर्ण बैठक, आगामी रणनीतियों पर हुआ मंथन

■ बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा रहें मौजूद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को निशांत कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के साथ पार्टी प्रवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान पार्टी की आगामी रणनीतियों एवं समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के दो दशकों के



ऐतिहासिक कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने की रूपरेखा पर विशेष चर्चा हुई। उन्होंने पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने पर बल दिया। श्री निशांत कुमार ने पार्टी प्रवक्ताओं के साथ बैठक के दौरान यह निर्देश दिया कि हमारी पार्टी सभी तबकों का सम्मान करती है एवं किसी भी धार्मिक एवं सामाजिक समूह की भावना आहत न हो, यह हमारे नेता नीतीश कुमार जी एवं जदयू की नीति रही है। बैठक के दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने निशांत कुमार से आग्रह किया कि वे लोगों के बीच जय निशांत, तय निशांत के नारे के साथ जाना चाहते हैं। प्रदेश प्रवक्ताओं ने इस नारे को लेकर उनसे सहमति भी मांगी। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, विधान पार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, विधायक शालिनी मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा, परिमल कुमार, हिमराज राम, अंजुम आरा, डॉ भारती मेहता, अरविंद निषाद, डॉ अनुप्रिया यादव, जितेंद्र कुमार, मनीष यादव, अजित पटेल एवं प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित रहे। बैठक के बाद निशांत कुमार ने पार्टी कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकताओं से भी मुलाकात की एवं उनका हाल-चाल जाना।

## सृजन साथी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत: बिहार कांग्रेस बनाएगी पारदर्शी और मजबूत डिजिटल संगठन

■ डिजिटल सिस्टम से जमीनी कार्यकर्ताओं को सीधे नेतृत्व से जोड़ेगी बिहार कांग्रेस :राजेश राम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से सृजन साथी जनसंपर्क अभियान नामक विशेष डिजिटल ड्राइव की शुरूआत की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान के तहत इच्छुक लोग सृजन साथी के रूप में पंजीकरण कर कांग्रेस की विचारधारा और संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। सृजन साथी बनने के लिए आवेदक का बिहार का पंजीकृत मतदाता होना और उसकी आयु न्यूनतम 18 वर्ष होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक किसी अन्य राजनीतिक दल का सदस्य नहीं होना चाहिए तथा पार्टी के संविधान और विचारधारा में उसका पूर्ण विश्वास होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए वैध वोटर आईडी और एक ताजा लाइव फोटो अनिवार्य होगा। इस जनसंपर्क अभियान के तहत 50 का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसकी वैधता सामान्यतः 5 वर्ष तक रहेगी। इसके तहत बिहार के सभी 53 सांगठनिक जिलों के जिला अध्यक्षों को अभियान की पूरी जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक जिला अध्यक्ष को स्वयं 2,000 सृजन साथी बनाने होंगे और अपने जिले में ब्लॉक एवं प्रदेश स्तर के दावेदारों द्वारा तय लक्ष्यों की निगरानी करनी होगी। इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्ष पद के दावेदारों के लिए कम से कम 200 सृजन साथी बनाना अनिवार्य किया गया है। वहीं प्रदेश स्तर के पदों के लिए भी लक्ष्य तय किए गए हैं, जिनके अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष पद के दावेदार को 3,000 सृजन साथी बनाना, महासचिव पद के दावेदार को 2,000 सृजन साथी बनाना, प्रदेश सचिव के लिए 1000 सृजन साथी बनाना और जिला में पदाधिकारी बनने के लिए 200 सृजन साथी बनाना होगा। साथ ही इस अभियान में महिला, ओबीसी, इबीसी, अल्पसंख्यक, रउ, रळ समेत दिव्यांग के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई हैं। प्रदेश कांग्रेस एवं अन्य सभी समितियों के सांगठनिक ढांचे में 50% सदस्य 50 वर्ष से कम आयु के होंगे ताकि नए लोगों को, युवाओं को भरपूर मौका मिल सके। संवाददाता सम्मेलन में मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, पार्टी के वरिष्ठ नेता असितनाथ तिवारी, बैद्यनाथ शर्मा, प्रेमचन्द्र सिंह, डॉ अमन कुमार मौजूद थे।

## अब बिहार को उन्नत बीज और पौध के उत्पादक राज्य के रूप में किया जाएगा विकसित : प्रधान सचिव

■ उद्यानिकी रोपण-सामग्री उत्पादन के लिए पीपीपी मॉडल विषय पर मीठापुर स्थित कृषि भवन में हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रोपण-सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक सुदृढ़, पारदर्शी एवं टिकाऊ उत्पादन प्रणाली विकसित की जा रही है। अब बिहार केवल उपभोक्ता राज्य नहीं बल्कि उद्यानिकी फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीज एवं पौध के उत्पादक राज्य के रूप में



विकसित किया जाएगा। ये बातें कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कही। वे मीठापुर स्थित कृषि भवन में बिहार में उद्यानिकी रोपण-सामग्री उत्पादन के लिए पीपीपी मॉडल विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में विभिन्न स्तरों के हितधारकों, विभागीय पदाधिकारियों, राज्य स्थित कृषि विश्वविद्यालयों एवं भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बीज उत्पादक संस्थानों, एफपीओ, नर्सरी संचालकों मौजूद थे। इसमें प्रधान सचिव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रोपण सामग्री की समय पर उपलब्धता जरुरी है। यह फल, सब्जी, मसाला एवं अन्य उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता, गुणवत्ता और किसानों की आय वृद्धि की आधारशिला है। गुणवत्तापूर्ण सामग्री की कमी और इसके लिए बाहरी राज्यों पर निर्भरता जैसी चुनौतियां किसानों की लागत बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादन क्षमता को सीमित करती है। इस मौके पर कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ बीरेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझावों को संकलित कर राज्य के लिए एक व्यावहारिक एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे बिहार में सब्जी, मसाला एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के लिए गुणवत्तापूर्ण रोपण-सामग्री की आत्मनिर्भर आपूर्ति प्रणाली स्थापित की जा सके। उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि बिहार में उद्यानिकी रोपण सामग्री का 80 प्रतिशत से ज्यादा बिहार के बाहर के राज्यों से आपूर्ति कराई जाती है। इस कारण परिवहन भाड़ा के साथ रोपण सामग्रियां किसानों को उच्च मूल्य पर प्राप्त हो पाती है। कृषि विभाग के अन्तर्गत 300 से ज्यादा नर्सरियां एवं 60 से ज्यादा कृषि फार्म आधारभूत संरचना के साथ सुदृढ़ किए गए हैं, जहां पीपीपी मॉडल आधारित सब्जी बीज एवं रोपण सामग्री का उत्पादन किया जा सकता है। चर्चा के दौरान पीपीपी आधारित हब-एंड-स्पोक मॉडल, स्थानीय नर्सरियों के उन्नयन, बीज ग्राम अवधारणा, गुणवत्ता मानकों के अनुपालन, तथा डिजिटल ट्रैकिंग एवं पारदर्शिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए। साथ ही, किसानों के हितों की सुरक्षा, समयबद्ध आपूर्ति एवं गुणवत्ता आश्वासन को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव, बिहार राज्य बीज निगम के प्रबंध निदेशक स्पर्श गुप्ता, बसोका निदेशक संतोष कुमार उत्तम, निजी बीज कंपनियों के प्रतिनिधि, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, डॉ आरपीसीएयू, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के वैज्ञानिक एवं अन्य विभागीय वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिहार में जनगणना- 2027 की प्रक्रिया की औपचारिक शुरूआत

## राज्यपाल ने जनगणना 2027 का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार में जनगणना-2027 की प्रक्रिया की औपचारिक शुरूआत हो चुकी है। इसकी शुरूआत खुद राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने की। उन्होंने स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) के जरिए अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर इस बड़े अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने राज्य की जनता से भी अपील की कि वे इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें और अपने परिवार की जानकारी खुद ऑनलाइन भरें। दरअसल, जनगणना को दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया माना जाता है। इस बार भारत में इसे और भी आधुनिक बनाने की कोशिश की गई है। जनगणना-2027 में पहली बार पूरी तरह डिजिटल तरीके से डेटा इकट्ठा किया जाएगा, यानी अब कागज-पेन की जगह तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल होगा, जिससे प्रक्रिया तेज और ज्यादा सटीक हो सकेगी। इस बार लोगों को एक खास सुविधा भी दी गई है, जिसे स्व-गणना कहा जा रहा है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति घर बैठे, अपने मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए एक सुरक्षित वेबसाइट पर जाकर अपनी और अपने परिवार की जानकारी खुद दर्ज कर सकता है। बिहार में यह सुविधा 17 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है और 1 मई 2026 तक चलेगी। इसके बाद जनगणना का पहला चरण, यानी मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन), 2 मई से 31 मई 2026 तक पूरे राज्य में चलाया जाएगा। इस दौरान अधिकारी घर-घर जाकर मकानों से जुड़ी जानकारी इकट्ठी करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि यह एक बहुत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, क्योंकि इससे सरकार को यह समझने में मदद मिलती है कि राज्य में कितने लोग रहते हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है और किस तरह की योजनाओं की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस प्रक्रिया में पूरी जिम्मेदारी के साथ हिस्सा लें और सही जानकारी दें।

## देश की आधी आबादी को उनके हक और अधिकार से वंचित करना दुर्भाग्यपूर्ण : विजय

■ कहा- महिलाओं का अधिकार अधूरा रखने का प्रयास लोकतंत्र और समानता के अधिकार के खिलाफ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने एक बार फिर महिलाओं के अधिकारों के साथ विश्वासघात किया है। देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने वाले महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा में सिर्फ 54 वोटों से हराने की साजिश रची गई। यह विपक्ष का वही चेहरा है जिसने पहले भी महिला आरक्षण का विरोध किया था। जहां भाजपा पूरी गंभीरता और ईमानदारी से महिला सशक्तीकरण के लिए प्रयासरत है, वहीं कांग्रेस सदन में बहाने बनाकर इसे गिराने में लगी रही। महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में उचित



प्रतिनिधित्व दिलाने का यह ऐतिहासिक अवसर कांग्रेस की नकारात्मक सोच के कारण हाथ से निकल गया। कांग्रेस, राजद और सपा जैसी पार्टियों के लिए राजनीति महिलाओं के भविष्य से ज्यादा मायने रखती है। कांग्रेस और विपक्षी दलों की महिला विरोधी सोच का खामियाजा हमारे देश की महिलाओं को उठाना पड़ेगा। देश की महिलाओं के लिए भाजपा सत्ता के दरवाजे खोलने के लिए जी-जान से जुटी थी। महिलाओं के प्रति उनके इस अपराध का उत्तर जनता अवश्य देगी। देश की बहनें-बेटियां कांग्रेस को उनकी इस घृणित प्रयास के लिए कभी माफ नहीं करेंगी।

### एसआईआर सूची के आधार पर नालंदा में 2.25 लाख गरीबों का राशन छीनना अमानवीय और अलोकतांत्रिक

पटना। भाकपा माले राज्य सचिव कुणाल ने नालंदा जिले में एसआईआर सूची के आधार पर करीब 2.25 लाख ढऊर लाभार्थियों के नाम राशन कार्ड से हटाने की तैयारी की खबर पर कड़ी निंदा की है और इसे गरीब-विरोधी, अन्यायपूर्ण तथा संविधान की भावना के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड किसी भी गरीब परिवार के लिए जीवन और भूख के बीच की सबसे अहम कड़ी है. ऐसे में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को आधार बनाकर बड़े पैमाने पर नाम काटना न केवल प्रशासनिक मनमानी है, बल्कि यह लाखों जरूरतमंद परिवारों को भूख और असुरक्षा की ओर धकेलने जैसा कदम है। यह भी कहा कि हाल के दिनों में रकफ सूची को ही जाति और निवास प्रमाणपत्र जारी करने का आधार बनाया गया है, जो बेहद चिंताजनक है. त्रुटिपूर्ण रकफ को मास्टर रिकॉर्ड बनाकर लोगों के बुनियादी अधिकारों से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश कुमार के दृढ़ नेतृत्व से बदला बिहार, हर गांव-शहर में दिख रहा बदलाव : जदयू

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने जारी बयान में कहा कि बिहार की विकास यात्रा आज एक नए आत्मविश्वास और उम्मीद की कहानी बन चुकी है। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया, बल्कि माननीय नीतीश कुमार के दृढ़ संकल्प, धैर्य और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने ऐसे समय में राज्य की बागडोर संभाली थी, जब बिहार कई चुनौतियों और अंधकारमय परिस्थितियों से जूझ रहा था। उनके नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था से लेकर बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज गांव-गांव तक सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच चुकी हैं, जिससे आम लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव आया है। नीतीश कुमार ने हमेशा विकास को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे लोगों के जीवन में महसूस होने वाला परिवर्तन बनाया। उनके कार्यकाल में समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति ने सामाजिक समरसता और विश्वास को मजबूत किया है। आलोचनाओं और राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद वो अपने मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। उनका अडिग संकल्प ही वह शक्ति रहा, जिसने बिहार को पिछड़ेपन की छवि से निकालकर विकास और आत्मसम्मान की दिशा में आगे बढ़ाया है।

### महिला सशक्तीकरण की दिशा में माइलस्टोन साबित होगा नारी शक्ति वंदन विधेयक : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर आधी आबादी में उत्साह का माहौल है। यह अधिनियम महिला सशक्तीकरण की दिशा में माइलस्टोन साबित होगा। इस विधेयक को लेकर बिहार में उत्सवी माहौल है। नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत शुक्रवार को नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। यह दशार्ता है कि इस विधेयक को लेकर महिलाएं कितनी उत्साहित और ऊर्जान्वित हैं। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तीकरण का यह स्वर्णिम दौर है। केंद्र की एनडीए सरकार महिलाओं के मान-सम्मान और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के लिए देश और प्रदेश में कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रहीं। श्री मिश्र ने कहा कि कुछ लोग इस विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। गलत नैरेटिव गढ़ा जा रहा है कि महिला आरक्षण विधेयकों के माध्यम से दक्षिण के राज्यों की लोकसभा में क्षमता कम हो जायेगी, उनका बड़ा नुकसान होगा। यह पूरी तरह गलत है। लोगों को सिर्फ भ्रमित करने के लिए यह आख्यान गढ़ा और पढ़ा जा रहा है। लोकसभा की सीटों के लिहाज से दक्षिण के किसी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा।

### महिला आरक्षण के मामले में कोटा के अंदर कोटा को ही स्वीकार किया जाएगा : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इस पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने का चुनावी स्टंट करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजद इस बिल के वर्तमान स्वरूप का तब तक विरोध करती रहेगी, जब तक इसमें वंचित वर्गों की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाती है। एजाज अहमद ने आगे कहा कि भाजपा संसद में परिसीमन और महिला बिल पर चर्चा सिर्फ इसलिए करा रही है ताकि दो राज्यों में होने वाले चुनावों में इसका राजनीतिक लाभ लिया जा सके। आगे कहा कि महिला आरक्षण के मामले मेंह्यकोटा के अंदर कोटाह्ल की व्यवस्था होनी चाहिए। जब तक दलित, शोषित, पिछड़े और अति-पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान नहीं होगा, तब तक इस बिल का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं तक नहीं पहुंचेगा। राजद प्रवक्ता ने पुराने घटनाक्रमों की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस स्टैंड पर दशकों से अडिग है। इन्होंने याद दिलाया कि जहानाबाद के राजद सांसद सुरेंद्र यादव ने महिला आरक्षण में कोटा के अंदर कोटा की मांग को लेकर सदन के भीतर बिल की कॉपी फाड़ी थी। यह विरोध किसी नीति के खिलाफ नहीं, बल्कि पिछड़ों के हक की अनदेखी के खिलाफ है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में शिक्षिका की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी प्रखंड से एक दुखद खबर सामने आई है, जहां मध्य विद्यालय अकुराहां खरगी में कार्यरत शिक्षिका बबीता कुमारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा थर्मल कॉलोनी गेट के समीप हुआ। आज सुबह बबीता कुमारी स्कूल जा रही थीं, तभी अचानक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं विद्यालय और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शिक्षिका के असामयिक निधन से शिक्षा जगत में भी गहरा दुख व्याप्त है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बोचहां मे लूटी गई कार गाय घाट क्षेत्र से बरामद

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर लूटी गई कार को बरामद कर लिया है। 16 अप्रैल को बोचहां थाना क्षेत्र में कार लूट की घटना सामने आई थी। घटना के बाद बोचहां थाना कांड संख्या 110/26 दर्ज कर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के अनुश्रवण में तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूर्वी-01 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सघन जांच और लगातार छापेमारी करते हुए गायघाट थाना क्षेत्र के मुन्नी कल्याण टोला के पास सड़क किनारे से लूटी गई कार को बरामद कर लिया। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और मामले में आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है।

### प्रभारी प्रधानाध्यापिका बनी कुमारी अपराजिता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत संचालित जिला के चर्चित राजकीय रघुनंदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समर्था की प्रभारी प्रधानाध्यापिका विशिष्ट शिक्षिका कुमारी अपराजिता को घोषित किया गया है। उक्त बात की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने पत्र निर्गत कर दी है। निर्गत पत्र में बताया गया है की उक्त विद्यालय से प्राप्त पदस्थापना विवरणी एवं विभागीय पत्र में निहित निदेश के आलोक में उक्त विद्यालय में विशिष्ट शिक्षिका कुमारी अपराजिता वरीय शिक्षिका है। अतः तत्काल प्रभाव से कुमारी अपराजिता विशिष्ट शिक्षिका को उक्त विद्यालय का प्रभारी प्रधानाध्यापिका घोषित किया जाता है। वरीय शिक्षिका कुमारी अपराजिता को निदेश दिया जाता है कि विद्यालय का संपूर्ण प्रभार प्राप्त कर विद्यालय के समुचित गतिविधियों का संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय में नियमित प्रधानाध्यापक के पदस्थापन अथवा विभाग के प्रतिकूल आदेश प्राप्त होने के उपरांत यह आदेश स्वतः समाप्त समझा जाएगा। यह भी बताया गया है कि कुमारी अपराजिता को प्रभारी के रूप में कार्य करने के लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त लाभ देय नहीं होगा। उक्त बात की जानकारी पत्र के माध्यम से संबंधित विद्यालय की शिक्षिका, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को भी दी गई है।

### बदमाशों ने महिला की गले से चक्ती छीन कर हुआ फरार

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के भरपुरा में ऑटो से अपने मायके जा रही एक महिला के गर्दन से बाइक सवार बदमाशों ने चक्ती छीन कर फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़िता इंदु देवी ने बताई की वह अपनी ससुराल वारिसनगर रहुआ से अपने पति के साथ विभूतिपुर के महथी अपने पिता शिवजी पासवान के घर जा रही थी। समस्तीपुर से ऑटो पड़कर चली। भरपुरा पहुंचते ही एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने गर्दन से सोना का चक्ती छीनकर सिंघिया की ओर ही फरार हो गया।

### डीवाईएफआई की बैठक में लिया कई निर्णय

विभूतिपुर/समस्तीपर। भारत की जनवादी नौजवान सभा अंचल कमेटी विभूतिपुर की बैठक एक निजी संस्थान बसोटोल में बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता डीवाईएफआई के अंचल उपाध्यक्ष छोटन कुमार सहनी ने की। बैठक में 19 अप्रैल से इकाई सम्मेलन करने, मई माह में विभूतिपुर अंचल सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश कुमार, ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए एवं आम युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक में संगठन के नेता कृष्णमूर्ति, अंचल सचिव ललन कुमार सुमन,विजय कुमार, संतोष कुमार, अर्जुन दास, संतोष कुमार पासवान, अंजनी भूषण सिंह आदि ने भाग लिया।

# शिवहर के तरियानी में 253 एकड़ में होगा औद्योगिक क्षेत्र का विकास : आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह द्वारा शिवहर जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना एवं विकास को लेकर ठोस पहल की गई है। इस क्रम में आयुक्त ने शिवहर जिला का भ्रमण कर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया तथा तरियानी प्रखंड कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की गई। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाये ताकि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिले और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित हो सके । इसी उद्देश्य से शिवहर जिला के तरियानी अंचल अंतर्गत मोहम्मदपुर, थाना संख्या-06 तथा बेलाही दुल्लह, थाना संख्या-141 क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए भूमि चिन्हित की गई है। इन स्थानों पर कुल लगभग 253.7879 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। बैठक के दौरान आयुक्त ने भूमि अधिग्रहण, आधारभूत संरचना के विकास तथा निवेश के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के विकास से न केवल जिले की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी विकास की गति तेज होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाये।इसके उपरांत आयुक्त ने अधिकारियों की टीम के साथ प्रस्तावित स्थल का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जमीन की स्थिति, पहुंच मार्ग, उपलब्ध संसाधनों एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्थल से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाये और विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखी जाये।आयुक्त ने यह भी कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से शिवहर जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बनाकर कार्य करें और परियोजना को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। आयुक्त ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत उसका समाधान सुनिश्चित करें। इस महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से जिला का औद्योगिक दृष्टिकोण से एक नई पहचान कायम होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# जनता दरबार में जिलाधिकारी ने 50 से अधिक परिवाद को किया समाधान

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिलाधिकारी आमलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या को सुना और समाधान किया।जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित किया जाता है। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने जनता के दरबार कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखण्डों एवं पंचायतों से 52 से अधिक परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें 17 ऑनलाइन एवं 30 से अधिक ऑफलाइन आवेदक शामिल थे। जनता दरबार कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग, गृह विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, राजस्व विभाग, भूमि विवाद, पंचायती राज विभाग, कारा, शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।जिलाधिकारी ने सभी परिवादियों को बैठाकर समस्याओं को संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र जाँच कर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग की जाए तथा निष्पादन की प्रगति से आवेदकों को अवगत कराया जाए।उन्होंने कहा कि आवेदकों की शिकायतों को निवारण के लिए सभी अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्त्ता (राजस्व) श्री मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल, आई.टी पूजा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों में नैतिक विकास के लिए आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित



विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत संचालित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय चकविदुलिया में बच्चों में नैतिक विकास के लिए विद्यालय की ओर से आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी पाठशाला के संचालिका बीके रंजना, सतीश चंद्र चौधरी, रामदेव, रामनारायण, लक्ष्मी रमन अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। उपस्थित अतिथियों द्वारा आध्यात्मिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में नैतिक विकास पर जोड़ दिया गया वहीं संचालिका बीके रंजना के द्वारा आध्यात्मिक में स्पिरिचुअल नॉलेज को जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि बच्चों में शुद्धता का ज्ञान, शुभ सोचना, शुभ करना एवं शुभ देखना तभी संभव होगा जब बुद्धि परमात्मा शिव से जुड़ी होगी। बच्चों के विचारों में परिवर्तन कर उनमें पॉजिटिव एनर्जी भरना हम सबों का दायित्व है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# एनएसयूआई कॉलेज इकाई ने 23 सूत्री मांगों से संबंधित प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। एनएसयूआई कॉलेज इकाई के शिष्ट मंडल शुक्रवार को डीबीकेएन कॉलेज नरहन के प्राचार्य से मिलकर छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है।छात्र नेता जिला उपाध्यक्ष विवेक विराट ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है,जिससे छात्रों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इन मांगों को पहले भी कई बार प्रशासन के समक्ष रखा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है, तो एनएसयूआई आंदोलन करने को बाध्य होंगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी।ज्ञापन में छात्रा सुरक्षा के लिए पिंक बूथ, बाकी विषयों में पीजी पाठ्यक्रम की शुरूआत, प्राध्यापकों की नियुक्ति, इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स लागू करने, छात्रावास, पेयजल, बिजली, वाशरूम, सीसीटीवी, एनसीसी स्थापना, खेल मैदान, तथा महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना सहित कुल 23 महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। शिष्टमंडल में एनएसयूआई कॉलेज अध्यक्ष आदित्य कुमार, सचिव नीरज कुमार शामिल थे। मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण

प्रात : किरण संवाददाता




विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत संचालित जेपीएनएस नरहन उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पॉलीटेक्निक कॉलेज समस्तीपुर का शैक्षणिक परिभ्रमण किया। छात्रों को यह परिभ्रमण विद्यालय की एचएम कुमारी किरण सिन्हा एवं शिक्षक बाबू प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में कराया गया।महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.अफताब अंजुम एवं प्रो. नीरज कुमार के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं एवं कक्षाओं का अवलोकन कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। परिभ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया गया। प्रस्थान के अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक विनीत कुमार, अजीत कुमार, कुमारी रजनी, दिनेश चंद्र, डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह, मुकेश कुमार, गुलफसन खातून, अजय कुमार, प्रणव पोद्दार, मो. अबुजर, वशिष्ठ कुमार, मनोज कुमार, सच्चिदानंद, लक्ष्मीकांत एवं लिपिक रश्मि कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# मधुबनी में गैस पेट्रोल-डीजल का अपडेट जारी उपलब्धता को लेकर प्रशासन ने दी जानकारी

## गैस पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है तथा आमजनों को किसी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। दिनांक 17 अप्रैल 2026 को जिले में कुल 46 हजार 60 घरेलू गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। गैस आपूर्ति के लिए विभिन्न कंपनियों के कुल 103 वितरक कार्यरत हैं। 01 मार्च 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक कुल 6 लाख 56 हजार 881 गैस बुकिंग दर्ज की गई है। वर्तमान व्यवस्था के तहत एलपीजी सिलिंडर की डिलीवरी के उपरांत अगली बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी।उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी (डीएसी) के माध्यम से अधिकृत वितरक से ही गैस प्राप्त करें। जिले की सभी एजेंसियो द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जा रही है। आमजन से अनुरोध है कि वे गैस एजेंसियो पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं तथा पैनिक बुकिंग से बचे।समस्या के समाधान हेतु उपभोक्ता गैस कंपनी के हेल्पलाइन नंबर 1906, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के टोल फ्री नंबर 1800-23333-555, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के 1800-22-4344 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के 1800 -2333-555 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से भी आमजन अपनी शिकायत अथवा सुझाव दर्ज करा सकते हैं।जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06276-222576 पर भी सूचना दी जा सकती है। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के लिए गठित टीम लगातार निगरानी कर रही है। प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हुए होम डिलीवरी के माध्यम से गैस प्राप्त करे।वही, जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर 17 अप्रैल 2026 को 495.7 हजार लीटर पेट्रोल तथा 689.1 हजार लीटर डीजल (हाई स्पीड डीजल) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने लोगों से पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है।

## डीएम ,एसएसपी के नेतृत्व में केन्द्रीय कारा में चलाया गया तलाशी अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में शुक्रवार सुबह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में तलाशी अभियान चलाया गया। यह तलाशी अभियान सुबह करीब 4:30 बजे शुरू हुआ। डीएम और एसएसपी के साथ कई थाने की पुलिस और पुलिस लाइन के जवानों ने जेल परिसर को चारों ओर से घेर लिया। अधिकारियों ने जेल के सभी वार्डों की बारीकी से जांच की। तलाशी के दौरान जेल में बंद कई कुख्यात अपराधियों के हाई सिक्योरिटी वार्ड पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस टीम ने कैदियों के बिस्तरों, शौचालयों और वार्ड के हर कोने की तलाशी ली। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल के भीतर से संचालित होने वाले संभावित आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करना और मोबाइल फोन, सिम कार्ड या मादक पदार्थों जैसी आपत्तिजनक सामग्री बरामद करना था।करीब 3 घंटे चली इस सघन तलाशी के बावजूद जेल के अंदर से कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई नियमित सुरक्षा समीक्षा और पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के तहत की गई थी। जिसमें सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, सभी एसडीपीओ और कई थानों की पुलिस के साथ-साथ पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल तैनात किया गया था।

## गर्मी से पहले जलापूर्ति मजबूत करने की कवायद

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। एसडीओ मनीष कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में नगर परिषद के अधिकारी कुमार संभव ने नल-जल योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी । नगर क्षेत्र के 29 वार्डों में कुल 40 योजनाएं संचालित हैं, जिनमें वार्ड-20 की एक योजना फिलहाल बंद है। इसे शीघ्र चालू करने की प्रक्रिया जारी है। जलापूर्ति व्यवस्था के तहत 30 सिंटेक्स टंकियां और 58 समर्सिबल पंप स्थापित किए गए हैं। आपात स्थिति के लिए 2 बड़े व 5 छोटे टैंकर उपलब्ध हैं। नगर परिषद के अनुसार पाइपलाइन लीकेज व अन्य खराबियों की मरम्मत लगातार की जा रही है। गर्मी को देखते हुए दो मरम्मत दल तैनात किए गए हैं, ताकि जलापूर्ति बाधित न हो।

## आवासीय विद्यालयों में मेस, सफाई व पोशाक आपूर्ति की समीक्षा



मधुबनी। उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीआरडीए स्थित कार्यालय कक्ष में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयो में जीविका द्वारा संचालित मेस, परिसर की साफ-सफाई सेवा तथा पोशाक आपूर्ति से संबंधित सेवाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा विद्यालयों में जीविका दीदियों के माध्यम से संचालित रसोई एवं साफ-सफाई कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने उपस्थित प्रखंड परियोजना पदाधिकारी (जीविका) एवं नॉन-फार्म मैनेजर को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से विद्यालयो का भ्रमण कर कार्यो का निरीक्षण करे। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला परियोजना पदाधिकारी (जीविका) को संयुक्त रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उन्होने यह भी निर्देशित किया कि निर्धारित मीनू के अनुसार समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध कराया जाए।उप विकास आयुक्त ने जीविका दीदियो के लिए ड्रेस, एप्रन, ग्लव्स एवं हेड कवर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक द्वारा सफाई सामग्री की कमी की जानकारी दिए जाने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए जीविका प्रबंधन को पर्याप्त मात्रा में सफाई सामग्री उपलब्ध कराने तथा पूरे परिसर की नियमित एवं समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, नॉन-फार्म मैनेजर (जीविका), प्रखंड परियोजना पदाधिकारी (जीविका), प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह-विद्यालय प्रबंधक एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, मधुबनी, रामनगर एवं बलिराजपुर के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## जन समस्याओं के समाधान को लेकर पुलिस अधीक्षक की पहल, जन सुनवाई में 40 मामलों की सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी । पुलिस अधीक्षक मधुबनी द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। इस दौरान कुल 40 फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा कार्यवाही में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखे।जन सुनवाई के माध्यम सेपुलिस-प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## जदयू नेता अभिषेक झा का मतदाता संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सह तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित भावी प्रत्याशी ई. अभिषेक झा ने शनिवार को साहेबगंज प्रखंड में स्नातक मतदाताओं के साथ संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की और मतदाताओं से समर्थन की अपील की। अभिषेक झा ने कहा कि अभी चुनाव में समय है, लेकिन जल्द ही साहेबगंज प्रखंड का तूफानी दौरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड के दो दर्जन से अधिक स्थानों पर जाकर समूह में मतदाताओं से संपर्क कर उनके पक्ष में मतदान की अपील की जाएगी। मतदाता संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष ध्रुव साह ने की। कार्यक्रम में शाहिद भारती, रामेश्वर पटेल, छात्र नेता ब्रजेश सिंह, आत्मा अध्यक्ष राजेश सिंह, अवध किशोर पटेल, विजय कुमार प्रभात, सुनील मिश्र, सुग्रीव राय, मिलन यादव, श्रीकांत मिश्र, प्रो. प्रवीण सिंह, ब्रज मोहन पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के समापन के बाद अभिषेक झा ने सामाजिक कार्यकर्ता माधो मिश्र के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## सार्वजनिक जगहों पर लगे शुद्ध पेयजल प्याऊ का विधायक ने किया शुभारंभ

मुजफ्फरपुर ।कांटी नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख चौक- चौराहे पर भीषण गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल की प्याऊ की व्यवस्था की गई है। नगर परिषद क्षेत्र के 15 प्रमुख चौक चौराहे क पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को कांटी प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर लगे प्याऊ का शुभारंभ विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार, ईओ अजय कुमार, मुख्य पार्षद दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विधायक अजीत कुमार ने प्याऊ का खुद ठंडे जल भी ग्रहण किया एवं कहा कि भीषण गर्मी में अब लोगों एवं राहगीरों को ठंडे पानी पीने को मिलेंगी ।विधायक श्री कुमार ने कहा कि मैं नगर परिषद के हर कोने का सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है । इस कार्य को मैं सभी वार्ड सभी वार्ड पार्षद के साथ मिलकर एक बेहतर व सुंदर नगर परिषद बनाएंगे।इस मौके पर ईओ अजय कुमार, मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, चंदन पांडे, राम मोहन पासवान, नाथू पासवान, संतोष पासवान, रामकुमार मोनू, संजय साह, पार्षद प्रतिनिधि उज्जवल गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, शंकर प्रसाद, विनय झा, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## बड़े ही धूमधाम से मानेगी भगवान परशुराम की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। राजस्थानी विप्र मंडल दरभंगा की ओर से श्री श्री 1008 भगवान परशुराम जयंती19 अप्रैल को दिन रविवार को सुभाष चौक स्थित पोद्दार विवाह भवन मे बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष जानकारी देते हुए विप्र मंडल के मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा ढंड ने बताया भगवान परशुराम शक्ति, ज्ञान एवं पराक्रम के प्रतीक जगत कल्याण में अग्रणी रहे जिनकी जयंती को भव्य रूप से मनाया जाना सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा श्रोत है। उक्त जयंती अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न नृत्य, खेलकूद सहित समान्य ज्ञान प्रतियोगियों का आयोजन किया गया है। 19 अप्रैल को अपराह्न 1 बजे से पूजा एवं रात्री में भजन कीर्तन की व्यवस्था की गई है। मूर्ति विसर्जन 20 अप्रैल को किया जाएगा। मंडल की आयोजित सभा में अध्यक्ष अनूप शर्मा, प्रधान सचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष गोपाल शर्मा, उत्सव संयोजक कृष्णा मिश्रा, खेलकूद प्रभारी कृष्णा शर्मा डीडवानिया सहित प्रख्यात भजन गायक बिनोद शर्मा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से जनजीवन प्रभावित, मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

हवेली खड़गपुर,(मुंगेर)। बिहार में पिछले लगभग दो महीनों से चल रही राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की हड़ताल के कारण विभागीय कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया है।इससे आम जनता को काफी परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इस संबंध में पूर्व प्रवक्ता, जिला जदयू मुंगेर, मनोज कुमार (रघु) ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे जमीन से जुड़े कार्य, दाखिल-खारिज, प्रमाण पत्र एवं अन्य जरूरी सेवाएं बाधित हो गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द हड़ताल समाप्त कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि नई सरकार से लोगों को काफी उम्मीदें हैं और इस समस्या के समाधान से जनता का विश्वास और मजबूत होगा।

### डॉ सीताचरण झा बने व्याकरण विभाग के नए अध्यक्ष

दरभंगा। संस्कृत विश्वविद्यालय में व्याकरण विभाग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ० सीताचरण झा ने आज कार्यभार संभाल लिया है।वे फिलहाल मदनेश्वरनाथ संस्कृत महाविद्यालय, मदनेश्वरस्थान मधुबनी में प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि इस बाबत जारी अधिसूचना में साफ कहा गया है कि डॉ झा को अगले तीन वर्ष या सेवानिवृत्ति जो पहले हो के लिए विभागाध्यक्ष का दायित्व निर्वहन करना है।ज्ञात हो कि इनका वेतन भुगतान पैतृक महाविद्यालय से पूर्ववत होता रहेगा।डॉ० सीताचरण झा ने निवर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो दयानाथ झा से प्रभार ग्रहण किया। मौके पर स्नातकोत्तर विभागों के कई प्राध्यापक उपस्थित रहे। पूर्व कुलपति प्रो. उमेश शर्मा, प्रो. दिलीप कुमार झा, डॉ साधना शर्मा, डॉ एल सविता आर्या समेत कई प्राध्यापकों ने नए विभागाध्यक्ष डॉ झा को बधाई दी है।

### किसानों के बीच गरमा बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरपुर। जिले के मड़वन प्रखंड के ई-किसान भवन में शुक्रवार को गरमा बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कांटी विधायक ई. अजीत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र सरैया के वैज्ञानिक रामकृष्ण, आत्मा के उप परियोजना निदेशक विनोद कुमार सिंह, बीएओ गिरीश कुमार, बीडीओ विनय कुमार तथा सीओ मुकेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख मो. मोहसिन, अवधेश सिंह, रमाशंकर सिंह, नवल सिंह, प्रेम कुमार, राम उपनेश ओझा, अशोक मिश्रा, संतोष कुमार सिंह, केतु सिंह, मनोज सिंह, बिपिन ओझा और राम कल्याण सहनी सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक की मौजूदगी में करीब 100 किसानों के बीच मूंग, अरंडी एवं मक्का के बीज का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को फसल की बुआई, देखभाल और उत्पादन बढ़ाने के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि विधायक ई. अजीत कुमार ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कृषि से संबंधित हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि किसानों को किसी भी समय कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

### कल्याण ज्वैलर्स ने बिहार में किया रिटेल विस्तार, खोला नया स्टोर

लखीसराय। अग्रणी आभूषण कंपनियों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने बिहार के लखीसराय में अपना नया शोरूम शुरू किया है। इस शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के कई अलग-अलग कलेक्शंस से एक से बढ़कर एक आभूषणों में से अपनी मनचाही खरीदारी का स्वर्णिम अवसर आपको प्राप्त होगा। साथ ही यहाँ आपको मिलेगा विश्व-स्तरीय वातावरण और आधुनिक सुख-सुविधाओं का संगम। नए शोरूम के शुभारंभ पर अपनी बात रखते हुए कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरमन ने कहा कि लखीसराय में इस शोरूम के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक ऐसी सर्वसमावेशी व्यवस्था का निर्माण करना है, जो हमारे ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए उनके खरीदारी के अनुभव को और अधिक सुखद बना सके। हमारा संकल्प है, स्वयं को निरंतर और बेहतर बनाना, ताकि विश्वास और पारदर्शिता के अपने मूल सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए हम ग्राहकों को विश्व-स्तरीय वातावरण प्रदान कर सकें। कल्याण ज्वैलर्स में हम गुणवत्ता और सेवा पर विशेष ध्यान देते हुए अद्वितीय और उत्कृष्ट आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला सदैव प्रस्तुत करते रहेंगे।

# प्रमंडलीय आयुक्त की समीक्षा बैठक

**● काम में रुचि न लेने वाले संबंधित पदाधिकारी को कारण पृच्छा देने का निर्देश**

**● अपूर्ण योजनाओं को समय मानकों के साथ पूर्ण करने का आयुक्त ने दिया निर्देश**

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। आयुक्त प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रमंडलीय सभागार में विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय स्थापित करने हेतु मुंगेर प्रमंडल मुंगेर अंतर्गत संयुक्त निदेशक( शष्य ), संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां भागलपुर- सह- मुंगेर, क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, उप निदेशक खाद्य,उप निदेशक पंचायती राज,उप निदेशक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, उप मत्स्य निदेशक मुंगेर परिक्षेत्र मुंगेर, क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी , उप श्रम आयुक्त मुंगेर /बेगूसराय प्रमंडल ,उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क,उप निदेशक खान एवं भूतत्व अंचल मुंगेर,उप निदेशक सांख्यिकी, उपायुक्त, उत्पाद भागलपुर- सह- मुंगेर प्रमंडल , सहायक निबंधक महानिरीक्षक, एवं उपनिदेशक सामाजिक सुरक्षा के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयुक्त के सचिव मुंगेर प्रमंडल मुंगेर सुधीर कुमार उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में सभी पदाधिकारियों ने अपने -अपने विभाग से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन से आयुक्त को अवगत कराया। कृषि विभाग के समीक्षा के क्रम में उर्वरक कालाबाजारी एवं छापामारी पर कृत कार्रवाई के संबंध में प्रतिवेदन देने एवं नियमित छापामारी कराने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने निर्देशित किया कि सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को योग्य लाभुकों तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया जाए। गेहूं अधिप्राप्ति की समीक्षोपरांत भुगतान का प्रतिशत कम रहने पर उसे नियमानुसार प्रतिशत बढ़ाते हुए 100 प्रतिशत कराने का निर्देश दिया। आयुक्त ने पंचायती राज विभाग के समीक्षा के क्रम में पंचायत सरकार भवन निर्माण की अपूर्ण योजनाओं को मानको एवं गुणवत्ता अनुपालन सहित स-समय पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। आयुक्त ने समीक्षा के क्रम में सभी पदाधिकारियों को अपने संबंधित विभागों का नियमित समीक्षा करने ,स्थल निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन देने, समीक्षा के क्रम में पाए गए त्रुटि का निराकरण कराने एवं कार्य में रुचि न लेने वाले संबंधित पदाधिकारियों से कारण पृच्छा करते हुए योजनाओं को सफल संचालन एवं अपूर्ण योजनाओं को स-समय, गुणवत्ता एवं मानकों के अनुपालन सहित पूर्ण कराने का सार्थक प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# मुख्यमंत्री को धमकी देने वाला आरोपी अहमदाबाद से गिरफ्तार, एसपी ने किया खुलासा

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर/बांका। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले का खुलासा मुंगेर के एसपी सैयद इमरान मसूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। जानकारी के अनुसार, 14 अप्रैल को संग्रामपुर पुलिस को एक ऑडियो प्राप्त हुआ, जिसमें दो व्यक्तियों के बीच बातचीत के दौरान एक युवक द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहे जा रहे थे और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी की पहचान बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र के खड़ौधा गांव निवासी शेखर यादव (32) के रूप में हुई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी गुजरात में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत है और लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। इसके बाद मुंगेर पुलिस की टीम का गठन कर गुजरात भेजा गया। सघन ट्रैकिंग के बाद आरोपी की लोकेशन अहमदाबाद के सानंद में मिली, जहां बिहार और गुजरात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसे बार-बार कॉल आने से वह परेशान था, जिसके कारण उसने आपत्तिजनक बातें कही। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ बेलहर थाना में पूर्व से मारपीट का एक मामला दर्ज है, हालांकि अन्य कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस आरोपी को अहमदाबाद से मुंगेर ला रही है, जहां उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## धरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली बीएलएस एम्बुलेंस, लोगों को मिलेगा त्वरित इलाज का लाभ




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । धरहरा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए धरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नई बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट) एम्बुलेंस प्रदान की गई है। इस एम्बुलेंस के उपलब्ध होने से क्षेत्र के मरीजों को आपात स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचाने में काफी सुविधा मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि बीएलएस एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही जरूरी चिकित्सा सहायता दी जा सकेगी। खासकर सड़क दुर्घटना, गंभीर बीमारी और प्रसव जैसी आपात स्थितियों में यह एम्बुलेंस काफी उपयोगी साबित होगी। धरहरा दक्षिण पंचायत के मुखिया मनोज कुमार सिंह उर्फ मनोहर ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में एम्बुलेंस की कमी महसूस की जा रही थी। अब इस सुविधा के मिलने से मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा और अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी। जिला रोगी कल्याण समिति के सदस्य दीनबंधु सिंह चौहान ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, और इसी कड़ी में धरहरा को यह एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है।

## मुंगेर विश्वविद्यालय मैदान में T-10 क्रिकेट प्रतिय ोगिता संपन्न, बैंक क्रिकेट क्लब ने श्यामपुर को हराया

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेरः। मुंगेर विश्वविद्यालय के पाँच नंबर मैदान में आयोजित 12 टीमों की ळ-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल बैंक क्रिकेट क्लब ने जीता। रोमांचक मुकाबले में बांक की टीम ने श्यामपुर को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए साहिल को ह्यमैन ऑफ द सीरीज चुना गया। विजेता टीम को 2000 नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट विकेटकीपर सहित सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के सक्रिय कार्यकताओं को भी सम्मान मिला।आयोजक कुश यादव एवं शिव कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है।हम अंडर-19 टूनार्मेंट कराकर बच्चों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। खेत-खलिहान से भी एक से बढ़कर एक प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। शिव कुमार ने कहा कि टेनिस क्रिकेट में भी बहुत स्कोप है। कई क्रिकेटर लाखों कमा रहे हैं। हाल में बिहार टीम ने महाराष्ट्र में हुए कप में जीत दर्ज कर 1 करोड़ की इनामी राशि जीती, जहाँ बरियारपुर के बिट्टू मैक्सी आकर्षण का केंद्र रहे। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों में मोटिवेशन भरते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता आमिर भाई ने भी पहुँचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुंगेर विश्वविद्यालय पाँच नंबर ग्राउंड के खिलाड़ी अनुशासन और बेहतर आयोजन के लिए जाने जाते हैं। बांक क्रिकेट क्लब बना चैंपियन : मुंगेर विश्वविद्यालय मैदान में 12 टीमों की ळ-10 प्रतियोगिता में बैंक क्लब ने श्यामपुर को हराया। मैन ऑफ द सीरीजः साहिल इनामः 2000 + ट्रॉफी आयोजक कुश यादव व शिव कुमार बोले झ खेत-खलिहान से प्रतिभा निकल रही है। टेनिस क्रिकेट में भी बड़ा स्कोप है। बिहार टीम ने महाराष्ट्र में एक करोड़ का कप जीता, बड़ियारपुर के बिट्टू मैक्सी छाए। सामाजिक कार्यकर्ता आमिर भाई ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। सभी विजेताओं को बधाई दी गई।

## बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू, विधायक का भव्य अभिनंदन



बहेड़ी(दरभंगा)। बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की पढ़ाई प्रारंभ कराने के अवसर पर विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी का महाविद्यालय परिवार द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. शमशाद अख्तर, डॉ. विजय प्रताप सिंह, डॉ. सुजीत कुमार द्विवेदी, डॉ. आदित्य नारायण चौधरी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के विस्तार को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह निर्णय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए राज्य सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा और उन्हें अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही, यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने, रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों, जिनमें प्रो. अशोक कुमार त्रिवेदी, डॉ. रवीन्द्र चौधरी, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. महेश यादव, डॉ पृथ्वी पासवान,डॉ नरेश कुमार यादव, डॉ अनुज कुमार, डॉ सरिता कुमारी, पूनम कुमारी, निवेदिता कुमारी, माया नंदन सिंह, कृष्ण कुमार चौधरी, भगवान प्रसाद झा ,शंकर यादव, कमलेश यादव, सोना राम, हरिशंकर सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# होली मिशन स्कूल के कुमारी श्रिजा 98.2 प्रतिशत लाकर बनी जिला टॉपर

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। लहेरियासराय स्थित होली मिशन स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 के परिणाम में ऐसा ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है, जिसकी गूंज पूरे जिले में सुनाई दे रही है। इस बार के नतीजों ने न सिर्फ स्कूल बल्कि दरभंगा की शिक्षा व्यवस्था को नई पहचान दी है। हर ओर छात्रों की मेहनत और सफलता की चर्चा हो रही है। इस शानदार सफलता के केंद्र में रहीं विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी श्रिजा, जिन्होंने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर दरभंगा टॉपर बनते हुए नया इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि अगर लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची, तो सफलता जरूर मिलती है। परिवार, स्कूल और पूरे इलाके में जश्न का माहौल है। वहीं, अन्य छात्रों ने भी जबरदस्त प्रदर्शन कर स्कूल की इस उपलब्धि को और ऊंचाई दी। कृति सुमन 96प्रतिशत, राघव कुमार 93.8 प्रतिशत,रोहन राज 93.4 प्रतिशत, आयुष भारद्वाज 92.2 प्रतिशत, और सारिका कुमारी 91.8 प्रतिशत ने शानदार अंक लाकर यह दिखा दिया कि होली मिशन स्कूल प्रतिभाओं की खान है।रिजल्ट जारी होते ही स्कूल परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक सभी जश्न में डूबे नजर आए। प्राचार्य ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाले वर्षों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस मौके पर स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। होली मिशन स्कूल के निदेशक रंजीत प्रसाद ने कहा कि विद्यालय के छात्रों के प्राप्तांक को लोग जमकर सराह रहे हैं। दरभंगा में एक बार फिर साबित कर दिया की यहां मिट्टी में है टैलेंट, और होली मिशन स्कूल बना उसकी सबसे बड़ी पहचान।

# आयुक्त ने 9 लोगों के आवेदनों पर त्वरित करवाई करते हुए अधीनस्थ को दिए और निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



आयुक्त प्रेम सिंह मीणा के शुक्रवारीय जनता दरबार में 09 आवेदकों ने अपना आवेदन दिया। इन आवेदनों पर सुनवाई आयुक्त ने किया। आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार करीब 09 आवेदकों ने अपनी समस्या से संबंधित अलग-अलग आवेदन आयुक्त को दिया है । आयुक्त कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंगेर जिले से सात, शेखपुरा जिले से एक, जमुई जिले एक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें भूमि विवाद , न्यायालय में पारित आदेश का अनुपालन नहीं करने के सम्बन्ध मे एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल थे। आयुक्त ने सुनवाई के क्रम में प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदन पत्रों पर त्वरित कारवाई करते हुए अविलंब निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है। आयुक्त द्वारा प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को किए जा रहे जनता दरबार से प्रशासन के प्रति फरियादियों का काफी विश्वास बढ़ा है।

## प्रोजेक्ट विमाना और प्रोजेक्ट ऑपेरियन लॉन्च



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एसएसआई मल्टी-स्पेशियल्टी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रेंस 2026 के दौरान एसएस इन्नोवेशंस इंटरनेशनल ने अत्याधुनिक तकनीकों प्रोजेक्ट विमाना और प्रोजेक्ट ऑपेरियन का अनावरण किया। ये तकनीकें भविष्य की सर्जिकल और आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली को नई दिशा देने वाली मानी जा रही हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन में 1500 से अधिक डॉक्टरों और 250 विशेषज्ञों ने भाग लिया, जहां रोबोटिक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेली-सर्जरी पर चर्चा हुई तथा लाइव सर्जरी का प्रदर्शन किया गया। प्रोजेक्ट विमाना एक उन्नत बैटलफील्ड सर्जिकल सिस्टम है, जो ड्रोन के माध्यम से आपात स्थिति में सर्जरी संभव बनाता है, जबकि प्रोजेक्ट ऑपेरियन एक मोबाइल ऑपरेटिंग रूम सिस्टम है, जिसे दूरदराज और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया जा सकता है। सम्मेलन में एसएसआई काया ह्यूमनॉइड एप्लिकेशन भी पेश किए गया, जो स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, लॉजिस्टिक्स, आपदा प्रबंधन और औद्योगिक क्षेत्रों में मानव क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि भारत तेजी से मेडटेक क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। वहीं, एसएस इन्नोवेशंस के सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने इन तकनीकों को सर्जिकल सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सॉफ्टेल लाया पारंपरिक पिसाई का आधुनिक समाधान

प्रात : किरण

पटना। 35 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ सॉफ्टेल ने आधुनिक रसोई के लिए कॉम्पैक्ट घरघंटी पेश की है, जो ताजा पिसाई को आसान और सुविधाजनक बनाती है। यह मशीन आकार में छोटी होने के बावजूद अनाज, बाजरा और मसालों को आसानी से पीसने में सक्षम है, जिससे पारंपरिक स्वाद और पोषण बरकरार रहता है। पत्थर-आधारित पिसाई तकनीक के साथ यह प्रति घंटे 7.5 से 10 किलोग्राम तक पीस सकती है और ऊर्जा की खपत भी कम है। सॉफ्टेल तीन मॉडल फुली ऑटोमैटिक, सेमी ऑटोमैटिक और मैनुअल में यह उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, जिससे उपभोक्ता अपनी जरूरत के अनुसार चयन कर सकते हैं।

# शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीडीसी ने दिए सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। शुक्रवार को उप विकास आयुक्त (DDC) श्रीमती गुंजन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उ्छ्छ ने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यालयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन की वास्तविक स्थिति तथा मध्याह्न भोजन (टउ्ट) की गुणवत्ता की नियमित जांच अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने बीआरपी (BRP) द्वारा निरीक्षण में पाई गई विसंगतियों को गंभीरता से लेने का निर्देश देते हुए दोषी शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा, उ्छ्छ ने निर्देश दिया कि बीते 5 वर्षों में इरएक्छ्छ एवं शिक्षा विभाग के तकनीकी पदाधिकारियों द्वारा कराए गए सिविल कार्यों की अद्यतन सूची 20 अप्रैल 2026 तक हर हाल में उपलब्ध कराई जाए। बैठक में यह भी सामने आया कि कई विद्यालयों में निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भवन का हैंडओवर नहीं किया गया है या हैंडओवर के बाद भी वर्ग संचालन शुरू नहीं हुआ है। इस पर उ्छ्छ ने ऐसे मामलों में संबंधित प्रधानाध्यापकों को चिन्हित कर उनसे कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। साथ ही, छ्अएड स्तर पर लंबित एवं अपूर्ण योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्राप्त कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027: डीएम तनय सुल्तानिया ने की स्व-गणना ,लोगों से की भागीदारी की अपील

प्रात : किरण संवाददाता

शुक्रवार को जिला पदाधिकारी भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया ने भारत की जनगणनाझ्र2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया के तहत अपने कार्यालय कक्ष में स्वयं घोषणा पत्र भरकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे जागरूकता के साथ आगे आएं और अधिक से अधिक संख्या में इस प्रक्रिया में शामिल होकर सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों की आधारशिला होते हैं, इसलिए इसमें सभी की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

## जनता दरबार में 18 मामलों की सुनवाई त्वरित निष्पादन के निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार वरीय उप समाहर्ता श्रीमती मीनू कुमारी द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत ह्लजिला जनता दरबारह्व का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 18 लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर वरीय उप समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी और अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समयबद्ध राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि शिकायतों के निपटारे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक मामले की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए, जिससे जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें।

## लोक शिकायत निवारण : द्वितीय अपील के 16 मामलों की हुई सुनवाई

आरा। डीएम तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार शुक्रवार को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील के कुल 16 मामलों की सुनवाई की गई। इन मामलों में मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायती राज विभाग से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। सुनवाई के दौरान कुल 6 मामलों का निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों पर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि लंबित मामलों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय और राहत मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली मीटर अपडेट के नाम पर साइबर ठगी, खाते से उड़े 85 हजार

दिघवारा। साइबर ठगों ने बिजली मीटर अपडेट कराने का झांसा देकर एक उपभोक्ता के खाते से 85 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस संबंध में थाना क्षेत्र के रामपुर आमी गांव निवासी अंजनी सिंह ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, अंजनी सिंह के मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें बताया गया कि उनका बिजली कनेक्शन उनकी पत्नी ममता सिंह के नाम पर है और वह अपडेट नहीं है। इसे अपडेट कराने के लिए कॉल करने वाले ने एक लिंक भेजा और 100 रुपये स्कैन कर भुगतान करने को कहा। पीड़ित ने जैसे ही स्कैनर के माध्यम से 100 रुपये ट्रांसफर किया, उनके खाते से दो बार में कुल 85 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### आपसी विवाद के मारपीट मे चार लोग घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के गनौली गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी. जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे हिंसक झड़प में बदल गयी. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति देख सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया. घायलों की पहचान गनौली गांव निवासी गणेश राम, दिनेश राम, लालती देवी, रिंकी कुमारी के रूप में हुई।

### 20 अप्रैल से होगा मॉर्निंग कोर्ट

छपरा। व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग के आदेश संख्या 58 /26 दिनाक 15/4/26 के द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसमे बताया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय के पुर्व में आदेश दिया था कि जिस जिले में मॉर्निंग चलाना है। वहां के विधि मंडल द्वारा जिला जज को प्रस्ताव दिया जाएगा और उसके बाद विधि मंडल और जिला जज के सामान्यजस के बाद मॉर्निंग कोर्ट चलाया जाएगा।इस आलोक में विधि मंडल के अध्यक्ष रवि रंजन प्रसाद सिंह एवं महामंत्री शशि भूषण त्रिपाठी ने अपने कार्यकारिणी की बैठक कर मॉर्निंग करने हेतु जिला जज को पत्र भेजा था। जिसके आलोक में जिला जज ने छपरा व्यवहार न्यायालय एवं सोनपुर अनुमंडलीय न्यायालय, मढ़ौरा अनुमंडलीय न्यायालय, रेलवे न्यायालय सोनपुर को 20 अप्रैल से लेकर 27 जून 2026 तक प्रातः कालीन न्यायालय चलाने का आदेश दिया है। न्यायालय का समय 7,30 प्रातः से 1 बजे दोपहर तक रहेगा।अल्पाहार का समय 9:30 से 10:00 बजे तक रहेगा।

### मशरक तख्त गांव के उर्दू स्कूल की जल्द मरम्मत करवाने की उठी मांग

मशरक। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मशरक तख्त गांव स्थित मस्जिद के पास की प्राथमिक उर्दू विद्यालय के जर्जर भवन का निर्माण जल्द से जल्द करवाने और स्थानांतरित बच्चो को पुनः इस स्कूल में लाने की मांग की गयी, जिससे स्कूल का अस्तित्व बना रहे. विद्यालय के जर्जर भवन के कारण इस विद्यालय के छात्रों को मशरक कन्या मध्य विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सन 1934 ई में इस स्कूल का स्थापना हुआ था. अब यह विद्यालय विलुप्त होने के कगार पर खड़ा हैं. शिक्षा विभाग ने भवन विहिन जर्जर विद्यालय को दूसरे जगह टैग कर अपना कार्य कर दिया. मशरक का सबसे पुराना उर्दू प्राथमिक विद्यालय अपने भवन के लिए वर्षो से तरस रहा था. इस बात को लेकर. स्थानीय नाराज है कि ना कोई अधिकारी ना कोई जनप्रतिनिधि विद्यालय के जीर्णोद्धार के लिए कोई पहल किया. तख्त गांव के अहमद अली खान, जगमोहन शर्मा, रोजादीन मियां, नसीब खान, उमाशंकर प्रसाद, समशुर तौहिद खान, फिरोज खान जयकिशोर प्रसाद आदि ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालय को दुरूस्त कर इसके अस्तित्व को बचाने की मांग की गयी है।

### 30 और 31 मई को होगी बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा

पटना। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2026 आगामी 30 मई और 31 मई को आयोजित की जाएगी। 30 मई को यह परीक्षा चार पालियों में और 31 मई को एक पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बीते 15 अप्रैल से शुरू हो चुका है और यह 5 मई 2026 तक चलेगा। पंजीकृत उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद 6 मई तक भुगतान किया जा सकता है। आवेदन पत्र में 7 मई से 8 मई तक किसी तरह का सुधार किया जा सकता है। वहीं, 22 मई को बीसीईसी परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने 14 अप्रैल 2026 को जारी अपने विज्ञापन के द्वारा इस परीक्षा में शामिल होने और चयन के बाद नामांकन के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया है।

# जनता दरबार में गूंजा आमजन का दर्द, डीएम ने 62 मामलों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



- हर सोमवार-शुक्रवार समाधान की गारंटी: जनता दरबार में जमीन-मुआवजा मामलों पर प्रशासन सख्त

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सबका सम्मान, जीवन आसान के संकल्प को साकार करते हुए जिलाधिकारी द्वारा आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम आमलोगों के लिए भरोसे का मंच बनता जा रहा है। सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में कुल 62 फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़े मामलों की संख्या अधिक रही, जिन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। दरियापुर के एक आवेदक द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में देरी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को तत्काल जांच कर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं मौजमपुर के एक अन्य मामले में एनएच -19 से जुड़े मुआवजा भुगतान में विलंब को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं इसकी सुनवाई करने का निर्णय लिया। इसके अलावा छपरा के एक आवेदक द्वारा फर्जी बैनामा कराने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया और मामले को अपने स्तर पर देखने की बात कही। अन्य सभी आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन की समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित हो सके। बता दें कि जनता दरबार का यह प्रयास न केवल प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत कर रहा है, बल्कि लोगों में न्याय और समाधान की उम्मीद को भी नया बल दे रहा है।

### लोक शिकायतों पर सख्त जिलाधिकारी, 16 मामलों की सुनवाई में 4 का ऑन-द-स्पॉट निपटारा

छपरा। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लोक शिकायतों की द्वितीय अपील से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 16 मामलों का निपटारा किया। सुनवाई के दौरान 4 मामलों में जिलाधिकारी द्वारा अंतिम आदेश पारित कर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया, जबकि शेष 12 मामलों में संबंधित लोक प्राधिकारों को विस्तृत प्रतिवेदन के साथ अगली निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यवाही के दौरान मांझी प्रखंड के लक्ष्मण मांझी तथा बनियापुर के दीपक कुमार सिंह से जुड़े दो महत्वपूर्ण मामलों में विद्युत बिल सुधार से संबंधित प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, छपरा पश्चिमी के कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण मांगते हुए जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों के प्रति सजग, संवेदनशील और सक्रिय रहें, ताकि आम लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। जिला प्रशासन की इस सख्ती और सक्रियता से आम लोगों में विश्वास बढ़ा है और लोक शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# हरिहरनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की पूजा-अर्चना, विधायक छोटी कुमारी ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर छपरा की विधायक छोटी कुमारी एवं उनके पति सह भाजपा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। विधायक छोटी कुमारी ने भी मुख्यमंत्री के साथ मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं राज्य की उन्नति की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी का हरिहरनाथ मंदिर आगमन हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उनके नेतृत्व में राज्य निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। आज उन्होंने भगवान से प्रदेशवासियों के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की है। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बिहार नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर विधान पार्षद सच्चितानंद राय, विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह, विधायक जनक सिंह, विधायक राजू सिंह, विधायक रणधीर सिंह के साथ-साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता बलवंत सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष वैद्यनाथ प्रसाद विकल, लोजपा के जिला अध्यक्ष रोबिन सिंह, हम पार्टी के श्रीवास्तव, अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता राकेश सिंह, उपेन्द्र सिंह एवं पूर्व मुखिया देवेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं को सशक्त बनाने में कारगर सिद्ध होगी नारी शक्ति वंदन अधिनियम: विधायक

छपरा। छपरा के साढ़ा में आयोजित ह्यनारी शक्ति वंदन सम्मेलनह्व में महिलाओं की अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक उपस्थिति पर छपरा की विधायक छोटी कुमारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनसमर्थन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि क्षेत्र की माताएं-बहनें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी जनकल्याणकारी नीतियों पर पूर्ण विश्वास रखती हैं। विधायक छोटी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्व देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जो उन्हें राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में उनका उचित अधिकार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं का सम्मान और उनका सशक्तिकरण ही एक मजबूत और समावेशी लोकतंत्र की पहचान है। सम्मेलन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी यह दशार्ती है कि अब देश की नारी जागरूक है, संगठित है और अपने अधिकारों के प्रति सजग है।

# छपरा मंडल कारा में आधी रात छापामारी, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

- जिलाधिकारी व एसपी की संयुक्त कार्रवाई, जेल में नहीं मिली कोई आपत्तिजनक सामग्री

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में बीती रात मंडल कारा, छपरा में औचक छापामारी की गई। इस दौरान जेल के सभी बैरकों की गहन एवं सघन जांच की गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। छापामारी के क्रम में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई, जो जेल प्रशासन की सतर्कता और अनुशासन को दशार्ता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जेल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को लगातार सक्रिय एवं प्रभावी बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जेल की सुरक्षा और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं अन्य पुलिस उपाधीक्षक समेत दर्जनभर से अधिक पदाधिकारी एवं लगभग 170 पुलिस बल उपस्थित थे। इस संयुक्त कार्रवाई से जेल प्रशासन में सतर्कता बढ़ी है और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# छपरा के वैभव राज बने 10वीं टॉपर इंजीनियर बनने का सपना लेकर बढ़ाए कदम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शिक्षा के क्षेत्र में छपरा के लिए गर्व की बात सामने आई है, जहां आकाश इंस्टीट्यूट (ऑफलाइन ब्रांच) के छात्र वैभव राज ने 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉपर की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। महज एक वर्ष पहले शुरू हुए इस संस्थान ने अपने पहले ही बैच में सफलता की नई कहानी लिख दी है। वैभव राज ने फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ अपनी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंग्रेजी साहित्य में 93, गणित में 90 और सामाजिक विज्ञान में 97 अंक प्राप्त किए। उनकी इस सफलता के पीछे संस्थान के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अंग्रेजी के शिक्षक डी. के. ओझा, गणित की शिक्षिका कृति सागर तथा सामाजिक विज्ञान के शिक्षक शैलेश तिवारी ने उन्हें बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के ब्रांच हेड मोहम्मद एम. अली आजाद ने बताया कि वैभव की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाना है। छपरा के वार्ड संख्या 34 निवासी वैभव राज के माता विनीता श्रीवास्तव और पिता राजेश रौशन ने भी इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि सही माहौल और मार्गदर्शन से ही बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। गौरतलब है कि वैभव ने आकाश इंस्टीट्यूट के छपरा ऑफलाइन सेंटर से एक वर्ष का फाउंडेशन कोर्स किया है। उनका सपना एक सफल इंजीनियर बनकर देश के विकास में योगदान देना है।

# परसा में स्थानांतरित शिक्षकों का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



परसा। कन्या मध्य विद्यालय माड़र कन्या परिसर में स्थानांतरित शिक्षकों का विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ राकेश कुमार पूर्व प्राचार्य अम्बिका प्रसाद राय,शिक्षाविद रामप्रवेश पंडित, प्राचार्य रामप्रवेश सिंह,पूर्व मुखिया राजेंद्र राय,प्रो विमल प्रसाद एवं संजू कुमारी सरोज,शिक्षक जाफर अली,सीताराम मांझी,ई. बुद्धदेव मांझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया। यह समारोह विद्यालय के तीन शिक्षकों सुरेश कुमार सिंह, उषा कुमारी एवं उजाला कुमारी के स्थानांतरण के उपरांत उनके सम्मान एवं विदाई के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य अम्बिका प्रसाद राय ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की सबसे मजबूत कड़ी होते हैं। उनके कार्यों और संस्कारों का प्रभाव पीढ़ियों तक दिखाई देता है। उन्होंने स्थानांतरित शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जहां भी वे जाएंगे, अपनी मेहनत और लगन से शिक्षा जगत को नई दिशा देंगे। शिक्षाविद रामप्रवेश पंडित ने कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने का कार्य नहीं करते, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों ने अपने कार्यकाल में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। वद्यालय के प्राचार्य रामप्रवेश सिंह ने स्थानांतरित शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यों से विद्यालय को नई पहचान मिली। उन्होंने कहा कि उनकी कमी विद्यालय परिवार को हमेशा खलेगी, लेकिन उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी शुभकामनाएं देते हैं।कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक जाफर अली ने कहा कि विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि वर्षों तक साथ मिलकर किए गए कार्यों, सहयोग और आत्मीय संबंधों को सम्मान देने का अवसर होता है। इस दौरान प्राचार्य अजय कुमार सिंह, गजेंद्र कुमार राय,शिक्षक संघ अध्यक्ष उमेश राय,विवेक वर्मा,उपेंद्र राय,संजय कुमार राम,रामप्रवेश सिंह,नितेश कुमार सिंह,मुकेश कुमार राय सहित कई गण्यमान्य लोग एवं अतिथियों ने स्थानांतरित शिक्षकों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर नगरा में एनडीए कार्यकर्ताओं में खुशी, दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण/नगरा। बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के बाद नगरा प्रखंड क्षेत्र में एनडीए कार्यकताओं के बीच खुशी का माहौल देखा गया। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी एवं विजेंद्र प्रसाद यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश महासचिव तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ सह बीस सूत्री सदस्य रवि प्रकाश, प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, बीस सूत्री सदस्य मो. रेयाजुदीन, पप्पू कुमार सोनी, बब्लू कुमार, मोना अंसारी, चितरंजन सिंह, अरुण कुमार ब्याहुत, रंधीर कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में विकास को नई गति मिलेगी और जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रदेश में सुशासन को और मजबूत करने की उम्मीद जताई।

### जमीनी विवाद के मारपीट मे एक व्यक्ति घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के ब्राहिमपुर गांव मे जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट मे एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मशरक मे कराया गया। इस मामले मे घायल ब्राहिमपुर गांव निवासी स्व मौजी लाल शर्मा का पुत्र श्रवण शर्मा द्वारा थाना मे आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गयी है। जिसमे कहा गया है कि मै अपने दरवाजे के सामने साफ-सफाई कर रहा था तभी पट्टीदार रामजी शर्मा उनके भाई भरत शर्मा, शत्रुध्न शर्मा और पुत्र लव शर्मा आकर गाली-गलौज करने लगे।

# बिजली चोरी पर विभाग ने की कार्रवाई, पांच उपभोक्ताओं पर जुमार्ना, प्राथमिकी दर्ज

- जांच के दौरान इन उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने का मामला सामने आया

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण/नगरा। सारण जिले के नगरा प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग ने कार्रवाई करते हुए पांच उपभोक्ताओं पर जुमार्ना लगाया है तथा उनके विरुद्ध स्थानीय थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान इन उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी दिलीप मांझी पर 11,159 रुपये, कालूपुर निवासी अशोक मांझी पर 52,470 रुपये, छबीला महतो पर 9,021 रुपये, जाहिद हुसैन पर 10,881 रुपये तथा शाहपुर निवासी चंडेश्वर मांझी पर 48,123 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिसके बाद नगरा विद्युत विभाग के जेई मोहम्मद ओबेदुल्ला अंसारी ने इस संबंध में खैरा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि जांच के दौरान सभी उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

वहीं इस संबंध में विद्युत जेई मोहम्मद ओबेदुल्ला अंसारी ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विधिसम्मत तरीके से ही बिजली का उपयोग करें,अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### उर्वरक उपयोग पर जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

छपरा ग्रामीण/नगरा। सारण जिले के नगरा प्रखंड कृषि कार्यालय सभागार में शुक्रवार को उर्वरकों के संतुलित उपयोग को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान तथा उसके नियंत्रित एवं संतुलित उपयोग के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता घटती है और फसल उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके विकल्प के रूप में जैविक उर्वरकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को बताया गया कि जैविक उर्वरक न केवल मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखते हैं, बल्कि फसल की पैदावार और गुणवत्ता में भी सुधार करते हैं। शिविर में सहायक तकनीकी प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा, कृषि समन्वयक दीपक कुमार, अनिरुद्ध कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, किसान सलाहकार मनोज कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, विनोद कुमार चौरसिया, उदय कुमार सिंह, कमलेश्वर राय सहित कई कृषक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों से अपील की गई कि वे संतुलित एवं वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों का उपयोग करें, ताकि भूमि की उर्वरता बनी रहे और बेहतर उत्पादन प्राप्त हो सके।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा में लगा अल्ट्रासाउंड, परसावासियों में हर्ष

- सरकार लगातार कर रही है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक उपकरणों से लैस
- उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है
- प्रसूता महिलाओं की नियमित जांच, पेट संबंधी बीमारियों की पहचान और अन्य चिकित्सीय जांच अब समय पर हो सकेगी

प्रात : किरण संवाददाता



परसा। परसा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना होने से पूरे परसा वासियो में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से इस सुविधा के अभाव में मरीजों को जांच के लिए दूर-दराज के निजी केंद्रों या जिला अस्पताल का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी होती थी। अब इस नई सुविधा के शुरू होने से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों तथा अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। पहले जहां एक साधारण अल्ट्रासाउंड जांच के लिए लोगों को कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था और निजी केंद्रों पर अधिक शुल्क देना पड़ता था, वहीं अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुमन कुमार व स्वास्थ्य प्रबन्धक शिव कुमार पासवान ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सरकार लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक उपकरणों से लैस कर रही है ताकि गांव के लोगों को शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू होने के बाद प्रसूता महिलाओं की नियमित जांच, पेट संबंधी बीमारियों की पहचान और अन्य चिकित्सीय जांच अब समय पर हो सकेगी। इससे जटिल बीमारियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पता चल सकेगा और इलाज भी आसान होगा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनके लिए किसी वरदान से कम नहींह्व है। लोगों का मानना है कि इससे न केवल इलाज की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि आर्थिक बोझ भी कम होगा।

वरीय नेता प्रभु कुवर,वार्ड पार्षद जितेंद्र सिंह उर्फ भूलन सिंह ,विकास कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से यह भी मांग की है कि केंद्र पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि अल्ट्रासाउंड सहित अन्य सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। कुल मिलाकर, परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना से क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिली है और ग्रामीणों को बड़ी राहत प्राप्त हुई है।

# फिजिक्सवाला के छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। फिजिक्सवाला के कई छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। इनमें ऐसे छात्र भी शामिल रहे जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंड्या और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान मोहापात्रा शामिल रहे, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, पीडब्ल्यू विद्यापीठ - जो फिजिक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं ने पटना में सम्मान समारोह आयोजित किया। शहर के उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों में मितुल मृगांक (97.20 प्रतिशत), कुशाग्र किरण (98.40 प्रतिशत) और निमय लोहानी (97.40 प्रतिशत) शामिल रहे। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा, नियमित तैयारी, निरंतर अभ्यास और स्कूल व फिजिक्सवाला के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की। अमोलिक पंड्या ने बताया, नियमित पुनरावृत्ति और नमूना प्रश्न पत्र हल करना 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रहा। आयुष्मान मोहापात्रा ने जोड़ा, अनुशासन बनाए रखना और सुनियोजित अध्ययन योजना का पालन करना मुझे पूर्ण अंक दिलाने में सहायक रहा। परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए अलख पांडेय, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फिजिक्सवाला ने कहा, हम उन सभी छात्रों पर गर्व करते हैं जिन्होंने परीक्षा दी और उनके समर्पण व मेहनत की सराहना करते हैं।

# बिहार: प्रधान शिक्षकों के स्कूल आवंटन की सूची जारी, 21-22 अप्रैल को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

सिवान/दारौंदाः बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने दूसरे चरण के तहत नियुक्त प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों के लिए प्रखंड एवं विद्यालय आवंटन का आदेश जारी कर दिया है। विभाग के इस फैसले से नियुक्ति का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। इस संबंध में दारौंदा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि अकेले दारौंदा प्रखंड के आठ विद्यालयों के लिए प्रधान शिक्षकों की सूची जारी हुई है। नए शिक्षकों के आने से क्षेत्र की शैक्षणिक व्यवस्था में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है।

**विकल्प के आधार पर हुआ आवंटनः** विभागीय निदेर्शों के अनुसार, जिला आवंटन के बाद अभ्यर्थियों से ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से 16 फरवरी 2026 तक पांच-पांच प्रखंडों के विकल्प मांगे गए थे। 15 अप्रैल 2026 को गठित समिति की बैठक में इन विकल्पों और उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर विद्यालय आवंटन पर अंतिम मुहर लगाई गई।

**महत्वपूर्ण तिथियांः** 20 अप्रैल 2026 तकः जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालयों द्वारा औपबंधिक नियुक्ति पत्र, पदस्थापन पत्र और योगदान प्रपत्र तैयार किए जाएंगे। 21 एवं 22 अप्रैल 2026ः चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित दस्तावेज और नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी तरीके से पूरी कर ली गई हैं और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी नवनियुक्त प्रधान शिक्षक अपने आवंटित विद्यालयों में योगदान दे सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### शाहपुर थाने की पुलिस में हरिहरपुर गांव में कार्रवाई करते हुए 200 लीटर महुआ पास किया नष्ट

शाहपुर। थाने की पुलिस इन दोनों अवैध शराब, शराबियों और वारंटी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में जुट गई है। इसी कड़ी में आज शाहपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र की हरिहरपुर गांव में कार्रवाई करते हुए 200 लीटर महुआ पास को नष्ट करते हुए उपकरण को बरामद किया। शाहपुर थाना अध्यक्ष राजेश मालाकार में बताया शुक्रवार सुबह 10:00 बजे सूचना मिली कि गुप्त रूप से हरिहरपुर गांव में अवैध शराब बनाया जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए। मौके से 200 लीटर महुआ पास नष्ट करते हुए। उसके बनाने वाले उपकरण को बरामद किया। हालांकि पुलिस की आने की सूचना मिलते ही शराब बनाने वाले लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस शराब बनाने वाले की पहचान कर कार्रवाई करने में जुट गई है। शाहपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई लगातार थाना क्षेत्र में चलती रहेगी।

### बबुरा में 150 लीटर देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, बाइक जब्त

कोईलवर। शुक्रवार को बबुरा थाने की पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 150 लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पचरुखीया गांव में छापेमारी की गई, जहां से आरोपी को भारी मात्रा में देशी शराब के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार व्यक्ति कोईलवर थाना क्षेत्र के महादेव चक सिमरिया गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके से एक बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जिसका उपयोग शराब के परिवहन में किया जा रहा था। इस संबंध में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब की खरीद-बिक्री, परिवहन या सेवन करते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बबुरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता तीन आरोपी गिरफ्तार

कोईलवर। शुक्रवार का दिन बबुरा थाना पुलिस के लिए उपलब्धियों भरा रहा। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पहले मामले में कांड संख्या 302/17 के आरोपी चुनचुन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी बड़हरा थाना क्षेत्र के सिरिसियां गांव निवासी जगदीश सिंह का पुत्र है। दूसरे मामले में न्यायालय द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट के आधार पर योगीन्द्र राय को गिरफ्तार किया गया। वह बबुरा थाना क्षेत्र के भातु चकिया गांव का रहने वाला है और हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार था। उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर उसके गांव से ही की गई। तीसरे मामले में न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर जय नंदन राय को गिरफ्तार किया गया है। वह भी भातु चकिया गांव का निवासी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों गिरफ्तारियां गुप्त सूचना के आधार पर की गई हैं। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### 60 लीटर महुआ शराब बरामद, युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त

कोईलवर। कोईलवर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कोईलवर थाना कांड संख्या 90/26 के प्राथमिकी अभियुक्त सुभग राय (उम्र करीब 25 वर्ष), पिता जग रोपण राय, ग्राम बड़का चंदा, थाना कोईलवर, जिला भोजपुर को अवैध शराब के परिवहन के आरोप में हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उसे टीवी सेंट्रियम सोन वाली बांध के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 60 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है तथा मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरना शुरू

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2025-29 के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र भरने को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार छात्र-छात्राएं 16 अप्रैल 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भर सकेंगे।

# डीएम एसपी ने मंडल कारा आरा किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 तथा अन्य वरीय अधिकारियों ने मंडल कारा आरा का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का गहनता से आकलन किया। इस क्रम में सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने, निगरानी व्यवस्था को निरंतर सक्रिय रखने तथा कारा संचालन से जुड़े निर्धारित मानकों के सख्ती से पालन के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कारा प्रशासन को यह भी निर्देशित किया कि सुरक्षा, अनुशासन एवं बंदियों की सुविधाओं के बीच संतुलन बनाए रखते हुए कार्य किया जाए। जिला प्रशासन एवं भोजपुर पुलिस द्वारा जनसुरक्षा और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# नवीन पुलिस केंद्र आरा में प्रशिक्षु सिपाहियों की परेड का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज द्वारा नवीन पुलिस केंद्र, भोजपुर (आरा) में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों की परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली और परेड में शामिल सिपाहियों के पहनावे, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं परेड कौशल का बारीकी से मूल्यांकन किया। निरीक्षण के क्रम में परेड के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षु सिपाहियों को अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे भविष्य में बेहतर पुलिसकर्मी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

# वीर कुंवर सिंह जी के विजयोत्सव दिवस के आयोजन की तैयारी शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार के महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की स्मृति में विजय उत्सव दिवस के आयोजन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस विशेष अवसर पर लोगों को अपने इतिहास, अस्मिता और गौरव से पुनः जुड़ने का संदेश दिया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य न केवल वीर कुंवर सिंह के अदम्य साहस को याद करना है, बल्कि उनके द्वारा स्थापित आदर्शों और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की भावना को पुनर्जीवित करना भी है।यह कार्यक्रम 23 अप्रैल 2026, गुरुवार को आयोजित होगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाला यह समारोह आरा के चंदवा स्थित रॉयल हेरिटेज रिसोर्ट में संपन्न होगा।आयोजकों के अनुसार, यह दिन बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का प्रतीक है, क्योंकि वीर कुंवर सिंह ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी।कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों और युवाओं की भागीदारी अपेक्षित हैआयोजकों का कहना है कि इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को देशभक्ति, स्वाभिमान और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया जाएगा। साथ ही, यह भी बताया गया कि उपस्थित लोगों की गरिमामयी सहभागिता से कार्यक्रम को सफलता और पूर्णता मिलेगी।इस आयोजन के निमंत्रण श्री कुमार सिंह ,पूर्व प्रत्याशी,आरा विधानसभा,भूतपूर्व सैनिक और राजीव रंजन राज पूर्व प्रत्याशी, संदेश विधानसभा हैं,जो समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हैं। सुशील टाइगर ने कहा कि यह विजय उत्सव दिवस न केवल एक ऐतिहासिक स्मरण का अवसर है, बल्कि वर्तमान पीढ़ी को प्रेरित करने का भी एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।ब्रजकिशोर सिंह बबलू ने कहा कि आजादी के महानायक वीर कुंवर सिंह ने अपने जीवन के अंतिम पायदान पर रहते हुए भी अंग्रेजों का झंडा यूनियन जैक और अंग्रेजों को इस शाहाबाद और उत्तरप्रदेश के पूर्वांचल के धरती से उखाड़ कर फेंकने का कार्य किया। इसमें बैठक में शामिल लोग पूर्व वार्ड पार्षद भीमलाल,युवा नेता अंशु सिंह सिक्रिवाल,रोहित बजरंगी,अमीत पांडे आदि लोगों ने शिरकत करके यह आह्वान किया कि इस विजयोत्सव के कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रबुद्ध जन शामिल हो। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से विजयोत्सव में शामिल होने के लिए पूरा शाहाबाद के लोगों को पासवान चौक स्थित रॉयल हेरीटेज रिजॉर्ट में आमंत्रण हेतु आग्रह किया गया।

# आरा की बेटी डॉक्टर अपूर्वा वर्मा बनीं मिसेज इंडिया

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। आरा जैसे छोटे शहर से निकलकर राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाना आसान नहीं होता, लेकिन जब इरादे मजबूत हों और सपनों पर भरोसा अडिग हो, तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है। भोजपुर जिले के आरा शहर की रहने वाली डॉक्टर अपूर्वा वर्मा ने मिसेज इंडिया का खिताब जीतकर यह साबित कर दिया है कि छोटे शहर की बेटियां भी देशभर में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकती हैं। गुजरात के अहमदाबाद में 11 अप्रैल को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से आई 22 प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। कई चरणों में हुए इंटरव्यू, टैलेंट और पर्सनैलिटी टेस्ट जैसे कठिन दौरों को पार करते हुए अपूर्वा वर्मा ने आखिरकार यह ताज अपने नाम कर लिया। यह जीत सिर्फ एक ताज की नहीं, बल्कि लंबे संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत का परिणाम है। अपूर्वा वर्मा आरा के पुरानी पुलिस लाइन इलाके की निवासी हैं और एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता विजय लाल व्यवसायी हैं, जबकि माता सरोज श्रीवास्तव गृहिणी हैं। उनके पति अरुंजय वर्मा भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। इस पूरे सफर में माता-पिता, पति और सास-ससुर का भरपूर सहयोग उन्हें लगातार मिलता रहा। अपूर्वा स्वयं मानती हैं कि परिवार का साथ और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। अपूर्वा कहती हैं कि आरा जैसे छोटे शहर में जन्म लेकर इतना बड़ा सपना देखना अपने आप में एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने हमेशा यह विश्वास रखा कि सच्ची कोशिश और मेहनत से कोई भी सपना दूर नहीं रहता। यही सोच उन्हें हर कठिन दौर में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रही। सौंदर्य प्रतियोगिता ही नहीं, साहित्य और शिक्षा में भी अपूर्वा ने रचा इतिहास सिर्फ सौंदर्य प्रतियोगिता ही नहीं, अपूर्वा शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है। उनकी लिखी किताब ह्लद वेट ऑफ इमोशंसह्व 30 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी है, जो उनकी साहित्यिक प्रतिभा का प्रमाण है। इसके अलावा उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। इससे पहले अपूर्वा वर्ष 2025 में ह्लमिसेज बिहारह्व का खिताब भी जीत चुकी हैं और लगातार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनकी यह उपलब्धि अब सिर्फ एक व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि बिहार की बेटियों के लिए एक नई प्रेरणा बन गई है।

# कृषि कार्यक्रम : संतुलित उर्वरक के उपयोग पर जोर



प्रात: किरण संवाददाता

कोइलवर। शुक्रवार को कोइलवर प्रखंड कृषि कार्यालय में संतुलित उर्वरक प्रयोग एवं समेकित उर्वरक प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के किसान, प्रसार कर्मी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकारों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सौजन्य से आत्मा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। सहायक निदेशक राजेश कुमार पांडे ने यूरिया व डीएपी के अत्यधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए किसानों को मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की सलाह दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार यादव ने फसल चक्र के अनुसार उर्वरक प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी, जबकि डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व को समझाया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने टिकाऊ एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस अवसर पर आत्मा अध्यक्ष सर्वजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हड़ताल पर गए पांच राजस्व कर्मी निलंबित

प्रात: किरण संवाददाता




भोजपुर। विभागीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने के आरोप में भोजपुर जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने पांच राजस्व कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई विभागीय निदेर्शों के आलोक में हड़ताल/सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण की गई है. निलंबित किए गए कर्मियों में श्रीमन नारायण शर्मा (राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय तरारी), चन्द्रशेखर चौबे (राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय बिहिया), संजय कुमार सिंह (राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय चरपोखरी), रंजीत कुमार (राजस्व कर्मचारी, उदवंतनगर, प्रतिनियुक्ति अंचल कार्यालय गड़हनी) तथा श्री राहुल राय (राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय सदर आरा) शामिल है. जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना सचिव के पत्र के आलोक में की गई है. पत्र में बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ/संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा 11 फरवरी 2026 से हड़ताल/सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण विभागीय कार्यों में उत्पन्न व्यवधान को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया था.जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मी बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम-8 के प्रतिकूल कार्य कर रहे थे. साथ ही उन्होंने वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना की और लोक व्यवस्था से संबंधित कार्यों में बाधा उत्पन्न की, जो सेवा नियमों का उल्लंघन है. इसी के तहत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9 की कंडिका-1 के प्रावधानों के अनुसार सभी संबंधित कर्मियों को जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. निलंबन अवधि के दौरान सभी निलंबित कर्मियों का मुख्यालय संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता के कार्यालय में निर्धारित किया गया है।

# शिवम का चयन भारोत्तोलन साई सेन्टर उतराखंड के लिए

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भारत सरकार द्वारा संचालित भारोत्तोलन प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर उत्तराखंड के लिए भोजपुर जिले के खिलाड़ी मीरगंज निवासी सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र शिवम कुमार का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं मेहनत के फल स्वरुप किया गया है शिवम कुमार स्थानीय खेल भवन आरा में प्रशिक्षक सह सचिव मुकेश कुमार, सतोष कुमार के देख रेख में अभ्यास करते हैं शिवम आदर्श मध्य विद्यालय मीरगंज आरा के छात्र हैं साई सेन्टर मे चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरेन्द्र कुमार सिह, खेल टीचर पंकज कुमार शर्मा एवं सुशील कुमार ने खुशी व्यक्त की है और उन्होंने बताया है कि उन्हें विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।भोजपुर जिला संघ के प्रशिक्षक सह सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि अब शिवम के रहने खाने शिक्षा एव प्रशिक्षण की सारी जिम्मेवारी स्पोटर्स अथरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा किया जायगा। साई सेन्टर में चयन होने पर जिला खेल पदाधिकारी श्री आलोक गौतम ,आर एल मेमोरियल के संस्थापक सह खेल प्रेमी भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष डाक्ट विजय गुप्ता, समाज सेवी खेल प्रेमी श्री अजय कुमार सिंह,एथलेटिक्स सचिव यंशवत सिह,शैलेश जी, प्रशिक्षक जयशंकर प्रसाद मनमोहन कुमार,अंजलि कुमारी, प्रशिक्षक अभय पान्डेय ,उमेश तिवारी ने शिवम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कोईलवर में ओवरस्पीड ट्रक जब्त गिरफ्तार आरोपी बंध पत्र पर रिहा

प्रात: किरण संवाददाता

कोईलवर। कोईलवर थाना पुलिस ने लापरवाह वाहन संचालन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए होमगार्ड जवान को घायल करने वाले ट्रक को जब्त कर लिया है।थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि ओवरटेकिंग एवं निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने के कारण हुई इस घटना में ट्रक (निबंधन संख्या इफ-24क्क5089) को जब्त किया गया है। इस संबंध में कोईलवर थाना कांड संख्या 89/26 दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। वहीं, एक अन्य मामले में कोईलवर थाना कांड संख्या 88/26 के प्राथमिकी अभियुक्त सिनोज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के चक हसन गांव का निवासी बताया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को बंध पत्र के आधार पर थाने से ही जमानत दे दी गई।

# स्नातक नामांकन के लिए प्राचार्यों की बैठक 18 अप्रैल को

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2026झ30 के नामांकन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में 18 अप्रैल को सभी अंगीभूत और सरकारी कॉलेजों के प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुल 19 कॉलेजों के प्राचार्यों को इस बैठक में आमंत्रित किया है। यह बैठक विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होगी, जिसमें नामांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।बैठक में कुलपति प्रो. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी भी उपस्थित रहेंगे। उनके साथ नामांकन समिति के सदस्य भी भाग लेंगे। इस दौरान नामांकन की पूरी रूपरेखा, प्रक्रिया और समय-सीमा तय की जाएगी, ताकि प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जा सके। बैठक से पहले विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी कॉलेजों से उनके-अपने विभागों में उपलब्ध सीटों की संख्या मांगी थी। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर कुल सीटों का निर्धारण किया गया है। विश्वविद्यालय में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय को मिलाकर इस बार कुल लगभग 1 लाख 12 हजार सीटों पर नामांकन होने की संभावना है। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश राय ने बताया कि बैठक में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को लेकर विशेष चर्चा होगी। विश्वविद्यालय की योजना है कि सभी आवेदनों को ऑनलाइन माध्यम से ही लिया जाए, जिससे प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बन सके।उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की संख्या बढ़कर अब 78 हो गई है। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए सभी कॉलेजों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास है कि समय पर और व्यवस्थित तरीके से नामांकन प्रक्रिया पूरी कर छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सहार प्रखंड में शिक्षकों का जनगणना 2027 का प्रशिक्षण शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

सहार। सहार प्रखंड में शिक्षकों का जनगणना 2027 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। सहार 2 उच्च विध्यालय और प्रोजेक्ट बालिका उच्च विध्य ालय में अलग अलग जागहों पर जनगणना में प्रतिनियुक्त 45-45 शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रशिक्षण में 2 उच्च विः में प्रशिक्षक संतोष कुमार सिंह और राज कुमार सिंह और प्रोजेक्ट बालिका उच्च विध्यालय में अविनाश कुमार और राम भूअन सिंह द्वारा जनगणना कार्य कार्य में लगाये गये शिक्षकों को दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य में लगाये गये शिक्षकों को प्रशिक्षकों द्वारा पहले अपने अपने क्षेत्रों का बटवारा करने, वहीं मकान सूची करण करने, नजरी नक्सा बानाने को कहा गया है। प्रशिक्षण में सरकार द्वारा आम जनता से महारजिस्ट्रेशन कर 33 बिंदु पर पर पुछताछ कर ओनलाइन भरने की बात कहीक्त शिक्षकों का तीन शिफ्ट में गई। वहीं शिक्षको को एप लोड कर उस ऐप के द्वारा माहा रजिस्ट्रेशन कर जनगणना 2027 करने की बात बताई गयी। वहीं जनगणना में प्रतियुक्त सभी शिक्षकों को जनगणना में कोई भी गलती से बचने की सलाह दिया गया। इस संबंध में चार्य पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जनार्दन तिवारी ने बताया की जनगणना में प्रतिनिय 90-90 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वही उन्होंने कहा कि एक बैच को लगातार तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा। वहीं उनहोंने जनगणना 2027 को सफलता पूर्वक करने का सभी शिक्षकों को बताया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों में मो हैदर अली, सतेन्द्र कुमार सिंह, सुनील कुमार, अजय ओझा, प्रकाश कुमार, कुमार।

# हड़ताल पर गए पांच राजस्व कर्मी निलंबित डीएम ने की कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिला पदाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया द्वारा विभागीय निदेर्शों के आलोक में हड़ताल/सामूहिक अवकाश पर रहकर कार्यों में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में पांच राजस्व कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कर्मियों में श्रीमन नारायण शर्मा (अंचल कार्यालय तरारी), चन्द्रशेखर चौबे (अंचल कार्यालय बिहिया), संजय कुमार सिंह (अंचल कार्यालय चरपोखरी), रंजीत कुमार (उदवंतनगर, प्रतिनियुक्तिझअंचल कार्यालय गड़हनी) तथा राहुल राय (अंचल कार्यालय सदर आरा) शामिल हैं। यह कार्रवाई सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में की गई है। पत्र में उल्लेख किया गया था कि बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ/संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा 11 फरवरी 2026 से हड़ताल/सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण विभागीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए अनुशासनिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जांच में सभी कर्मी बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम-8 के प्रतिकूल पाए गए। साथ ही वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना एवं लोक व्यवस्था से जुड़े कार्यों में बाधा उत्पन्न करने का दोषी माना गया।इसके तहत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9 (कंडिका-1) के प्रावधानों के अनुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी संबंधित कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।निलंबन अवधि के दौरान सभी कर्मियों का मुख्यालय संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता के कार्यालय में निर्धारित किया गया है।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल पर सख्त एक्शन में सरकार

## डीएम ने सभी बीडीओ को कड़ा एक्शन लेने के दिये निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

कोईलवर। डीएम तनय सुल्तानिया ने जिले में हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अनधिकृत रूप से अनुपस्थित या हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों पर नो वर्क नो पे का सिद्धांत लागू किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर हड़ताल पर जाने वाले सभी पंचायत सचिवों पर कड़ा एक्शन लेने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि पंचायत सचिवों के हड़ताल पर रहने के कारण राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं और दैनिक प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, हड़ताल के कारण कार्य बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि पंचायतों के दैनिक कार्यों के निष्पादन हेतु लेखापाल-सह-आईटी सहायक को नामित/प्राधिकृत करने का प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने साफ किया है कि जो पंचायत सचिव अपने कर्तव्य पर वापस नहीं लौटते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी बीडीओ को हड़ताली पंचायत सचिवों के विरुद्ध प्रपत्र के गठन करने के निर्देश दिया गया है। इससे यह संदेश दिया गया है कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार चोरी की बाइक किया जब्त

करनामेपुर थाने के पुलिस ने गुप्त रूप से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए।अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। करनामेपुर थाना अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति शराब लेकर जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करने पर उसे शराब के साथ गिरफ्तार किया जा सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत कार्रवाई करते हुए, महुआर पुल के पास एक मोटरसाइकिल को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई। तो उसके पास से 8 पीएम ब्रांड की 180 एमएल की 81 पीस जिसकी कुल मात्रा 14.58 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। साथ ही आरोपी के पास से एक चोरी की बाइक को भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी बक्सर जिले के थाना नैनिजोर का रहने वाला बताया जाता है।

संक्षिप्त खबरें

## वीडब्ल्यूडीसी के माध्यम से संवेदनशील गवाहों की कराएं गवाही : प्रभारी प्रधान जिला जज

गया जी।संवेदनशील गवाहों की गवाही सफलतापूर्वक संवेदनशील गवाह बयान केंद्र (वीडब्ल्यूडीसी) के माध्यम से संपन्न कराने की दिशा में न्यायमंडल गयाजी के प्रभारी प्रधान जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शशिकांत ओझा की अध्यक्षता में सिविल कोर्ट सभागार में बैठक की गयी. बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि वीडब्ल्यूडीसी के जरिये डरे सहमे गवाहों की गवाही शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जा सकता है। इससे संवेदनशील गवाहों सुरक्षित महसूस कर सकेंगे. प्रभारी प्रधान जिला जज ने कहा कि वीडब्ल्यूडीसी के जरिये गवाहों को डराने-धमकाने से बचाना व उन्हें न्याय प्रक्रिया में शामिल होने के अनुकूल माहौल देना है। बताया गया है परिवार न्यायालय न्यायाधीश सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, यौन अपराधों के पीड़ित या ऐसे व्यक्ति जिन्हें शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक धमकी का सामना करना पड़ रहा हो. वैसे गवाह को एक अलग कमरे में बैठकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से गवाही ली जाएगी. जिससे उन्हें आरोपी का सामना न करना पड़े। वैसे गवाहों के लिए हीं वीडब्ल्यूडी सेंटर काफी सहयोगी सिद्ध होगा।इस मौके पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शशिकांत ओझा एवं परिवार न्यायालय न्यायाधीश सुनील कुमार वर्मा ,सचिव अरविंद कुमार दास के अलावा सभी न्यायिक पदाधिकारीगण मौजूद थें।

## शेरघाटी जेल में देर रात औचक छापेमारी, सब कुछ सामान्य

शेरघाटी।अनुमंडल प्रशासन की ओर से बृहस्पतिवार की देर रात शेरघाटी जेल परिसर में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं डीएसपी अजय प्रसाद के संयुक्त नेतृत्व में रात करीब 12 बजे शुरू हुई और तड़के लगभग 3 बजे तक चली। करीब तीन घंटे तक चले इस अभियान में जेल के विभिन्न वार्डों, बैरकों और आसपास के क्षेत्रों की गहन तलाशी ली गई।

छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने हर पहलू की बारीकी से जांच की, लेकिन किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। निरीक्षण में जेल की विधि-व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा के तहत की गई थी और जांच में सब कुछ सामान्य मिला। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैदियों के बीच किसी प्रकार की अव्यवस्था या प्रतिबंधित सामग्री नहीं पाई गई।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने कैदियों से बातचीत कर उनकी स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली। जेल परिसर में साफ-सफाई और अनुशासन की स्थिति भी बेहतर नजर आई।इस छापेमारी में शेरघाटी सर्किल इंस्पेक्टर नियाज अहमद, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं जेल अधीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और किसी तरह की अनियमितता सामने नहीं आई। प्रशासन ने इस तरह की कार्रवाई को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम बताया है।

## रॉन्ग साइड आई बस ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर

शेरघाटी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गोपालपुर गांव के समीप तेज रफ्तार और अनियंत्रित बस रॉन्ग साइड में आकर एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान गोपालपुर निवासी रोहित कुमार के रूप में की गई है। घटना के समय उनकी माता भी बाइक पर सवार थीं, जिन्हें भी चोटें आई हैं।दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तुरंत शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन रोहित कुमार की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर लगे जाम को हटाने में जुट गई। पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सामान्य करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस चालकों की लापरवाही और रॉन्ग साइड में वाहन चलाने की आदत के कारण आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है।

# 25 नागरिकों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को कराया अवगत

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट गया द्वारा में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता साक्षात्कार में लगभग 25 नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। समस्याएँ मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, कब्जा, बंटवारा, डिजीटल धोखाधड़ी, मापी, राजस्व विभाग, अंचलाधिकारी कार्यालय, थाना प्रभारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, आईसीडीएस कार्यालय, विद्युत विभाग, पंचायत शाखा, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। रामपुर चौरम थाना स्थित ग्राम तेजपुरा निवासी राजेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि मौजा समनपुरा स्थित सरकारी करहा को समरेश कुमार सुखी विगहा निवासी द्वारा करहा को भरकर तथा ईंट का दीवार बनाकर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे गाँव के किसानों को काफी दिक्कत हो रही है। अतिक्रमण मुक्त करवाने की कृपा की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी अरवल को स्थलीय एवं अभिलेख जींच करते हुए शीघ्र नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम अस्लानपुर कुटीया निवासी जनक कुमार द्वारा बताया गया कि जिले के व्यापारियों से संगठित डिजीटल लूट, पे फोन, पेटीएम, बिजनेस प्रोफाइल के माध्यम से ठगी का शिकार हो रहे है, जिससे गरीब जनता को काफी दिक्कत हो रही है। उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। किंजर थाना स्थित ग्राम पुरैनिया निवासी रामेश्वर सिंह द्वारा बताया गया कि आपके न्यायालय में द्वितीय अपील दायर की गई थी, जिसमें अंचलाधिकारी करपी को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निदेशित कि गई थी पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतिक्रमण मुक्त करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी करपी को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में स्व-गण की प्रक्रिया हुआ प्रारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत अरवल जिले में स्व-गणना की प्रक्रिया विधिवत प्रारंभ कर दी गई है। यह विशेष सुविधा 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2028 तक संचालित रहेगी। स्व-गणना को लेकर जिले में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष, कलेर ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख कलेर मो. सेराज आलम द्वारा स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। इनकी पहल से अन्य नागरिकों को भी प्रेरणा मिल रही है तथा लोग तेजी से इस डिजिटल प्रक्रिया से जुड़ रहे हैं। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करें। स्व-गणना हेतु नागरिक भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर आवश्यक जानकारी भर सकते हैं। सफल पंजीकरण के पश्चात उन्हें एक रए क्ळ प्राप्त होगी, जिसके माध्यम से वे मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से लॉगिन कर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके अंतर्गत राज्य, जिला एवं स्थानीय विवरण का चयन, डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करना तथा मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरना शामिल है। प्रगणक के आगमन पर संबंधित रए क्ळ उपलब्ध कराना होगा, जिसके आधार पर जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्व-गणना की प्रक्रिया के लिए किसी भी प्रकार के दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। नागरिक अपने मोबाइल फोन अथवा लैपटॉप के माध्यम से घर बैठे ही यह प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकते है। स्व-गणना के माध्यम से समय की बचत होती है, सटीक एवं त्रुटिरहित जानकारी का संकलन संभव होता है तथा डेटा प्रोसेसिंग की प्रक्रिया भी तेज होती है। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल एवं पारदर्शी है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय है सभी नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्व-गणना की अवधि 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक तथा मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य 02 मई से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। जिला पदाधिकारी, अरवल ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं और स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाएं, ताकि जिले एवं देश के विकास हेतु सटीक आंकडे उपलब्ध हो सकें।

## शिक्षा शास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर हुए रवाना

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के सत्र 2025-27 के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर राजगीर नालंदा एवं पावापुरी के लिए रवाना हुए हैं आज प्रातः 6:00 बजे गया महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र विभाग अध्यक्ष शिक्षा शास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक परिक्रमण की बस को रवाना किया मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर सरस्वती सिंह चंद्र ने कहा कि शैक्षिक परिभ्रमण बी एड पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है साथ ही साथ विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से चीजों को सिखने एवं समझने में शैक्षिक परिभ्रमण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है नालंदा और राजगिर का यह शैक्षिक परिभ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान अर्जन की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा साथ ही साथ भारत के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को जानने का यह स्वर्णिम अवसर भी है विभाग अध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि भारत के भविष्य को गढ़ने वाले इन भावी शिक्षकों को भारतीय इतिहास से भी परिचित होना अति आवश्यक है नालंदा एवं राजगीर का सामरिक इतिहास यह बताता है कि नालंदा आज अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल है परंतु इतिहास के पन्नों में जाने पर यह भी पता चलता है कि नालंदा समस्त विश्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान का भी केंद्र रहा है और संपूर्ण विश्व से ख्याति प्राप्त विद्वान ज्ञान अर्जन हेतु नालंदा के पावन भूमि पर आए हैं डॉ धीरज ने विद्यार्थियों यह भी अपील किया के शैक्षिक परिभ्रमण के दौरान अपने व्यवहार को संयमित रखें ताकि आपके सहपाठियों को आपके व्यवहार से कोई कष्ट न पहुंचे

## मानपुर भूसंडा मेला इस बार होगा ऐतिहासिक



■ घोड़ा रेस इस मेले का प्रमुख आकर्षण होगी

प्रात: किरण संवाददाता

मानपुर। मानपुर स्थित ऐतिहासिक भूसंडा मेला इस वर्ष एक बार फिर अपने पारंपरिक स्वरूप में लौटता नजर आ रहा है। मेले में आयोजित भव्य घोड़ा रेस प्रतियोगिता ने लोगों के बीच खासा उत्साह और आकर्षण पैदा कर दिया है। लंबे अंतराल के बाद इस पारंपरिक प्रतियोगिता की पुनः शुरूआत होने से मेला परिसर में रौनक और भी बढ़ गई है।

इस अवसर पर आयोजक अनीश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में यहां मुख्य रूप से गायों का मेला लगता था, जो क्षेत्र की पहचान हुआ करता था। करीब एक दशक पहले तक घोड़ा रेस भी इस मेले का प्रमुख आकर्षण हुआ करती थी, लेकिन समय के साथ यह परंपरा बंद हो गई थी। इस वर्ष पुनः इसकी शुरूआत कर पुराने गौरव को लौटाने का प्रयास किया गया है।

घोड़ा रेस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नालंदा, पटना, आरा सहित उत्तर प्रदेश से भी कई प्रतिभागी अपने-अपने घोड़ों के साथ पहुंचे हैं।

# वर्चुअल माध्यम से शब्दवीणा की मासिक भेटवार्ता एक शाम साहित्य के नाम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की मासिक भेंट वार्ता एक शाम साहित्य के नाम कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भेंट वार्ता में विभिन्न प्रदेशों के समितियां ने हिस्सा लिया जिसमें हरियाणा प्रदेश समिति एवं फरीदाबाद जिला समिति की विशेष सहभागिता रही।

भेंट वार्ता के अप्रैल अंक के आयोजन में बतौर आमंत्रित साहित्यकार हरियाणा की कवयित्री एवं इनर व्हील क्लब आफ साउथ-वेस्ट कोलकाता की पूर्व अध्यक्ष रह चुकी सुमन माहेश्वरी रहीं।शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने सुमन माहेश्वरी का शब्दवीणा परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री रिया अग्रवाल एवं संयोजन शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश सचिव सरोज कुमार ने किया। वाताकार रिया अग्रवाल के प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्रीमती माहेश्वरी ने अपने साहित्यिक एवं समाज सेवा से जुड़े अनुभव, खट्टी-मीठी अविस्मरणीय यादों को साझा किया।साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं होना चाहिए। साहित्य का उद्देश्य समाज में नकारात्मकता का अंत करके सकारात्मकता का सृजन करना होना चाहिए। मासिक भेंटवार्ता में सुरेश विद्यार्थी, दीपक कुमार,बबन बदिया, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, पी. के. मोहन, सरिता कुमार, रश्मि बिनानी, अजय माहेश्वरी, श्रवण सहस्त्रांशु, रमेश चंद्र, अजय कुमार, अनुराग सैनी मुकुंद, आशा साहनी, रचना झा,डॉ विजय शंकर, संतोष कुमार जयंत सहित देश के विभिन्न प्रदेशों के साहित्यकार जुड़े।

## सीबीएसई बोर्ड दसवीं की परीक्षा में शांति निकेतन एकेडमी , गोविंदपुरम, रौना ( चाकंद ) के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया

प्रात: किरण संवाददाता



अंकिता कुमारी साक्षी कुमारी प्राची सिंह हबीबा खानम शुभाशीष नारायण कुमारी वैष्णवी

गया जी ( सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में शांति निकेतन एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है , सीबीएसई द्वारा बुधवार को जारी दशम वर्ग के वार्षिक परीक्षा में बच्चों ने शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का नाम को गौरवान्वित किया है

शुभाशीष नारायण 96 प्रतिशत, हबीबा खानम 95 प्रतिशत, प्राची सिंह 94 प्रतिशत, अंकिता कुमारी 93 प्रतिशत, साक्षी कुमारी 92 प्रतिशत, सलोनी वर्मा 92 प्रतिशत, कुमारी वैष्णवी 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तथा 150 से अधिक बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है ।विद्यालय परीक्षा परिणाम शानदार रहा तथा विद्यालय के शत-प्रतिशत छात्र सफल रहे। विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम तथा सही मार्गदर्शन से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने छात्र के उत्कृष्ट सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों की लगनशीलता का आभार प्रकट किया तथा छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना किया साथ शिक्षकों को अब सभी छात्र-छात्राओं को बेहत्तर शिक्षा एवं 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम मिले इसके लिए बेहतर योजना पर बल दियाजाये ताकि विद्यालय उच्च शिक्षा में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।

## औरंगाबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण करने पर मिला आपत्तिजनक सामग्री

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल के नेतृत्व में मंडल कारा, औरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लाइन डीएसपी, ट्रैफिक डीएसपी सहित अन्य 230 पुलिस बल उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान मंडल कारा के सभी पुरुष एवं महिला वार्डों, रसोईघर, कारा अस्पताल तथा पूरे जेल परिसर का सघन एवं विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन आकलन किया गया।तलाशी अभियान के क्रम में सभी वार्डों की बारीकी से जांच की गई, जिसमें कुछ आपत्तिजनक सामग्री जैसे 1 पिलास, 2 पेचकस, लोहे का छोटा टुकड़ा, खाली चुनौटी, टीन का टुकड़ा बरामद किए गए। बरामद सामग्री को तत्काल जब्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। यह निरीक्षण 6.25 बजे समाप्त हुई। निरीक्षण के क्रम में मंडल करा अधीक्षक दीपक कुमार, प्रभारी उपाधीक्षक संजीव कुमार, कक्षपाल उपस्थित रहे एवं जांच में आवश्यक सहयोग प्रदान किया।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कारा प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, नियमित रूप से सघन तलाशी अभियान चलाने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस के निदेशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम, अरवल के द्वारा जीविका परियोजना कार्यालय कलेर में अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले संभावित बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जीविका समूह की दीदियां एवं कर्मियों ने भाग लिया और उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक प्रभावों के बारे में जिला परियोजना प्रबंधक विनय प्रताप के द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यही उपस्थित जिला मिशन समन्वयक धीरेन्द्र कुमार के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा एवं जीविका पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस दौरान उपस्थित लोगों को महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं यथा वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शशक्तीकरण हब एवं 181 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम के अंत में लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जीविका कॉर्डिनेटर आरती कुमारी, शर्मिला कुमारी, जीविका दीदी सरिता देवी, प्रियंका कुमारी, रूबी कुमारी., विकास पथ विक्रम संस्था के सदस्य एवं वन स्टॉप सेंटर तथा हब के कर्मी के साथ अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं: अनंत धीश अमन

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी। समाजसेवी सह कवी अनंत धीश अमन ने बिहार के 24वें एवं भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दीं है। आगे कहा कि आपका दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट समर्पण और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता निश्चित ही बिहार को प्रगति, समावेशी विकास और नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर करेगी। भगवान विष्णु से कामना है कि आपके कुशल मार्गदर्शन में बिहार निरंतर उन्नति, समृद्धि और गौरव की नई पहचान स्थापित करे। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए आपको पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इसके साथ ही उन्होंने विजय कुमार चौधरी एवं विजेन्द्र प्रसाद यादव को बिहार के उप मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है

## सीबीएसई कक्षा 10वीं में आर.जी.एन. पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता



ललित रंजन। अक्षरा। अमित कुमार। रवि कुमार।

गया जी।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 के परिणामों में देशभर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में आर.जी.एन. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 185 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें सभी छात्र सफल रहे – यह विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है।

विद्यालय के मेधावी छात्रों में अमित कुमार (93.4%), रवि कुमार (93%), अक्षरा ब्राम्हणी (91.2%),ललित रंजन (90.2%), आयुष राज (90%), सनी कुमार (89.6%), अंश राज (89.5%), प्रिया कुमारी (89.4%), सहज कुमार (89%), आकर्षण कुमार (88%) , प्रिंस कुमार (88%) एवं नंदनी कौशिक (87%)ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने बताया कि छात्रों ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है।विद्यालय प्रबंधन सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

साथ ही, शिक्षकों एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करता है।

## धुरिया में सात दिवसीय देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं भागवत कथा का समापन



औरंगाबाद। जिले के बारुण प्रखंड के ग्राम धुरिया में सात दिवसीय भागवत कथा का हवन पूजन के साथ समापन किया गया।ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त 11 अप्रैल को जलभरी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी।जिसका आज विधिवत समापन किया गया।यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष सह पिपरा पैक्स के अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सात दिनों तक लगातार श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा का लोगों ने श्रवण किया। तत्पश्चात विविध कर्मकांड से संपादित होकर ग्राम देवी की स्थापना की गई। महाआरती के बाद संध्या में भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ फेरी के छठे दिन डिंपल कुमारी एवं शिल्पी कुमारी ने लगातार 12 घंटे तक यज्ञ की परिक्रमा की। ग्राम देवी स्थापना के साथ-साथ संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति की भी स्थापना की गई।यज्ञ के सफल संचालन में नीतीश पांडेय,शशि रंजन सिंह, बृजेश पांडेय ,मनीष पांडेय,रौशन पांडेय ,सतीश पांडेय,प्रिंस कुमार सिंह,टूटू पांडेय, मुख्य यजमान पप्पू पांडेय ,आदित्य पांडेय,हरेंद्र पांडेय,ज्ञानी जी, बालेश्वर पांडेय सहित सैंकड़ों ग्रामीणों ने विशेष भूमिका निभाई। सनातन धर्म में आस्था रखने वाली मुस्लिम महिला शाहजहां देवी ने भी यज्ञ में फेरी लगाई।

## जीतन राम मांझी ने हरिवंश के तीसरी बार राज्यसभा सभापति पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर दी बधाई

गया जी।हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित होने पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि हरिवंश का तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति पद पर निर्विरोध निर्वाचन यह बताता है कि उनके निष्पक्ष व्यक्तित्व ने सभी के बीच उनकी स्वीकार्यता बनाई है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि हरिवंश ने सदन के निष्पक्ष संचालन से अपनी एक अतुलनीय पहचान बनाई है। मांझी ने कहा कि हरिवंश जी का संसदीय अनुभव और सदन के प्रति समर्पण का भाव अद्वितीय है। मांझी ने कहा कि किसी मनोनीत सदस्य को इस महत्वपूर्ण पद के लिए चुना जाना ऐतिहासिक निर्णय है। यह बताता है कि हरिवंश जी को सदन में व्यापक विश्वास के साथ फिर से चुना गया है। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने एक पत्रकार से राजनेता तक का सफर बड़ी सरलता-सौम्यता से तय किया है और अपने सहृदय व्यक्तित्व से वे एक विशिष्ट राजनेता बन चुके हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने हरिवंश को राज्यसभा उपसभापति पद पर पुनः निर्वाचन के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आभार जताया है।

## बिहार के कई जाने -माने कलाकार स्व: बोस के निवास स्थान पर जाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दिया श्रद्धांजलि

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।सुविख्यात चित्रकार पद्मविभूषण आचार्य नन्दलाल बोस की जन्मस्थली हवेली खड़गपुर (मुंगेर ) में विहार कला मंच, पटना के द्वाराह्वअभीव्यंजनाह्व अंतर्गत तीन दिवसीय समकालीन कला प्रदर्शनी का समापन 16 अप्रैल गुरुवार को हो गया है.इस प्रदर्शनी में कोने कोने से पधारे कलाकारों ने अपनी पेंटिंग्स, फोटोग्राफी, मूर्तिकला का शानदार प्रदर्शन किया है ।हवेली खड़गपुर में पहली बार आयोजित इस भव्य कला प्रदर्शनी का स्थानीय लोगों ने भूरी - भूरी प्रशंसा की है. विदित हो की सुप्रसिद्ध चित्रकार आचार्य पद्मविभूषण नन्दलाल बोस की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय क्यू मैक्स पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कला प्रदर्शनी में बिहार के कई जाने -माने कलाकार पद्म श्याम शर्मा के नेतृत्व में स्वङ्क बोस के निवास स्थान पर जाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, और उनकी कलाकृति का अवलोकन किया है.कला प्रदर्शनी में वरिष्ठ छायाकार कलाकार रूपक सिन्हा के नेतृत्व में गया जी के चयनित कलाकार फरहाना इमाम, प्रवीण कुमार,निशा लाज, प्रियंका सिन्हा,मिनेश कुमार, रोहित कुमार की पेंटिंग, गौरव की मूर्तिकला तथा रूपक सिन्हा की फोटोग्राफी की लगायी गयी कलाकृति की आगँतुकों - दर्शकों ने खुब सराहा है. कला प्रदर्शनी में बिहार के कलाकार सर्वश्री पद्मश्री श्याम शर्मा, डॉ. अजय कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार बच्चन वीरेंद्र कुमार सिंह,मनोज कुमार साहनी, कुमार,सत्या सार्थ, . निशि कुमारी , स्मिता पराशर तथा डॉङ्क धनंजय कुमार , (हवेली खड़गपुर )श्याम कुमार साहनी (बेगूसराय ) डॉङ्क प्रदीप कुमार, बिहार के कई नामी गिरामी कलाकार सहित बड़ी संख्या मैं इस अवसर पर स्कूली बच्चे -अभिभावक मौजूद थे.

## ओप्पो इंडिया ने लॉन्च की एफ33 सीरीज

प्रात: किरण संवाददाता



गयाजी । ओप्पो इंडिया ने भारत में अपनी नई एफ33 सीरीज लॉन्च की, जिसमें ओप्पो एफ33 प्रो 5जी और ओप्पो एफ33 5जी शामिल हैं। यह सीरीज मिड-रेंज सेगमेंट में उन्नत फीचर्स के साथ पेश की गई है। एफ33 सीरीज की खासियत 50एमपी अल्ट्रा-वाइड सेल्फी कैमरा, 7000एमएच की बड़ी बैटरी और आईपी69के ड्यूरेबिलिटी है। स्मार्टफोन में 80 वाट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग दी गई है, जिससे फोन तेजी से चार्ज होता है। डिवाइस में 6.57 इंच का अमोलेड डिस्प्ले, 120एचजेड रिफ्रेश रेट और मीडिया टेक डीमेंसिटी प्रोसेसर दिया गया है, जो स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है। इसके साथ कलरओएस16 आधारित एआई फीचर्स और 5जी प्लस प्लस कनेक्टिविटी भी मिलती है। कीमत की बात करें तो एफ33 प्रो 5जी की शुरूआती कीमत 37,999 रुपये और एफ33 5जी की 31,999 रुपये रखी गई है। यह स्मार्टफोन 23 अप्रैल 2026 से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।कंपनी ने ग्राहकों के लिए बैंक डिस्काउंट, नो-कॉस्ट इएमआई और एक्सचेंज ऑफर्स भी पेश किए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सक्षम और अनुभवी एजेंसियां कर सकतीं हैं आगामी 2 मई तक ऑनलाइन दावेदारी

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में ह्यएबीसीह्व अर्थात एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एजेंसी चयन की निविदा जारी की गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित द्वारा जारी निविदा में इच्छुक और योग्य संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इस योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में एबीसी केंद्रों का निर्माण, उपकरण आपूर्ति तथा संचालन एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी चयनित एजेंसी को सौंपी जाएगी। निविदा प्रक्रिया बीते 4 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है, जबकि तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 2 मई 2026 निर्धारित की गई है। प्री-बिड बैठक 20 अप्रैल को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होगी। इच्छुक एजेंसियां 13 अप्रैल तक अपनी जिज्ञासाएं ईमेल के माध्यम से भेज सकी हैं। तकनीकी बिड 7 मई को खोली जाएगी। चयन ह्लन्यूनतम दरह्व के आधार पर एजेंसी का चयन नगर निगम प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पांच लाख की एफडी तथा 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि अनिवार्य रखी गई है। इस योजना का उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों एवं पशुओं की समस्या पर नियंत्रण के साथ इससे आम जन जीवन को हो रही परेशानी को प्रभावी तरीके नियंत्रित करना है।

### वन भूमि विवाद को लेकर बगहा में उग्र प्रदर्शन

बगहा। बगहा पुलिस जिला क्षेत्र में वन भूमि और आवास अधिकार को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को सिकटा के पूर्व विधायक वीरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भाकपा माले एवं आदिवासी संघर्ष मोर्चा के सैकड़ों कार्यकताओं ने अनुमंडल कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम चांदनी कुमारी को आवेदन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि जंगल से सटे विभिन्न पंचायतों में रहने वाले आदिवासियों और पारंपरिक वनवासियों की आवासीय व कृषि भूमि पर वन विभाग द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जो वन अधिकार कानून 2006 का उल्लंघन है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा जबरन बेदखली की कार्रवाई की जा रही है। पुराने समय की बंदोबस्ती तथा रामनगर राज में दिए गए पट्टों को निरस्त कर दिया गया है और मालगुजारी रसीद काटना भी बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, बीते कुछ महीनों से गोनौली, मदनपुर रेंज, कटहरवा, नौतनवा एवं रामपुर समेत कई पंचायतों में जमीन को वन भूमि घोषित कर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान बुलडोजर चलाकर मकानों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है तथा गेहूं, मसूर और गन्ना जैसी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल लगभग 840 वर्गकिलोमीटर था, जिसे बढ़ाकर करीब 981 वर्ग किलोमीटर कर दिया गया है। इसके बाद कई गांवों की जमीन वन क्षेत्र में शामिल हो गई।

### ठकरहा गांव में भटक कर पहुंचा हिरण का रेस्क्यू

बगहा। ठकरहा क्षेत्र के मलाही गांव में मंगलवार रात करीब 10 बजे हिरण के पहुंचने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सफल रेस्क्यू अभियान चलाया। रेंजर मलाकार ने जानकारी देते हुए बताया कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के जंगल से भटककर एक हिरण मलाही गांव में आ गया था। सूचना मिलते ही प्रभारी वनपाल अंजू कुमारी के नेतृत्व मे फिल्म स्टाफ विजय कुमार, केटल गार्ड विनोद चौधरी, चंदेश्वेर कुमार, जितेंद्र कुमार व लालबाबू की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद हिरण को सुरक्षित कब्जे में लिया गया। रेस्क्यू के बाद टीम ने उसे सुरक्षित तरीके से वापस वीटीआर के घने जंगल में छोड़ दिया। इस दौरान गांव में लोगों की भीड़ जुट गई थी, लेकिन किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है।

# जिला पदाधिकारी के जनसुनवाई कार्यक्रम में 50 मामलों की हुई सुनवाई

■ कई मामलों का मौके पर ही हुआ निपटारा

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने एक-एक कर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कुल 50 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मुद्दे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कई मामलों में जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। जनसुनवाई में रंभा कुंवर, पप्पू प्रसाद जायसवाल, दशरथ तुरहा, निर्मला देवी, शायरा खातून, जफर अख्तर, महताब अली, शंभू प्रसाद यादव, अजय कुमार, धर्मशिला देवी सहित अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। यह कार्यक्रम सात निश्चयझ3 के तहत चलाए जा रहे ह्लसबका सम्मानझजीवन आसानह्व अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रोचना माद्री, वरीय उप समाहर्ता, नगमा तबस्सुम, मो. अली अहमद, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बेतिया मासूम अंसारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एलपीजी आपूर्ति सुदृढ़, 24 घंटे में 12 हजार से अधिक सिलेंडरों की होम डिलीवरी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुचारू और सुदृढ़ बनी हुई है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में 29,122 (14.2 किलोग्राम) एवं 868 (19 किलोग्राम) एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटों के दौरान 12,121 सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी की गई है, जो आपूर्ति तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। गैस आपूर्ति से संबंधित प्राप्त 29 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रसारित कर दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अपर समाहर्ता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी अथवा अन्य किसी समस्या की स्थिति में जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सरकारी कार्य बाधित करने और हड़ताल के लिए प्रेरित करने के आरोप में दो राजस्व कर्मचारी निलंबित

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले में राजस्व कार्यों को बाधित करने और कर्मचारियों को सामूहिक हड़ताल के लिए उकसाने के गंभीर आरोप में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने दो राजस्व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि मझौलिया अंचल के राजस्व कर्मचारी ललन कुमार भारती और गौनाहा अंचल के राजस्व कर्मचारी राहुल रंजन पर जिले के अन्य कर्मियों को सामूहिक अवकाश पर जाने हेतु प्रेरित करने का आरोप है, जिसके कारण 11 फरवरी 2026 से जिले के सभी राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। इस हड़ताल की वजह से आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य जैसे जमाबंदी संशोधन, आधार सीडिंग, सरकारी भूमि का सत्यापन और लोक सेवाओं के अधिकार के कार्य पूरी तरह बाधित हो गए हैं, साथ ही जनगणना-2027 जैसे राष्ट्रीय महत्व के समयबद्ध कार्य को भी विफल करने का प्रयास किया गया है। निलंबन की इस कार्रवाई में स्पष्ट किया गया है कि दोनों कर्मचारियों ने मुख्य सचिव, बिहार के निर्देशों के बावजूद साप्ताहिक बैठकों में असहयोग किया और बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियमों का उल्लंघन करते हुए वरीय पदाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की। उक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2005 के तहत कार्रवाई करते हुए ललन कुमार भारती को निलंबित कर उनका मुख्यालय भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, नरकटियागंज तय किया गया है, जबकि राहुल रंजन का निलंबन अवधि का मुख्यालय भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, बगहा निर्धारित किया गया है।

### गंडक बराज से युवक ने लगाई छलांग, इलाके में मची अफरा-तफरी

बगहा। गंडक बराज के 25 नंबर फाटक के समीप शुक्रवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने अचानक नदी की धारा में छलांग लगा दी। यह घटना बराज के नेपाल साइड की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे युवक अपने एक साथी के साथ बराज पर पहुंचा था। इसी दौरान उसने अचानक नदी में कूद गया, जिससे साथ मौजूद युवक अवाक रह गया और कुछ समझ नहीं सका। घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर नेपाल पुलिस और सीमा पर तैनात एपीएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए।

# पश्चिम चंपारण जिला अंडर - 07 और अंडर - 09 बालक और बालिका शतरंज चैंपियनशिप

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया। अखिल बिहार शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त चंपारण शतरंज अकादमी के सातवीं सीसीए अंडर-17 ओपेन शतरंज प्रतियोगिता और पश्चिम चंपारण जिला अंडर - 07 और अंडर - 09 बालक और बालिका शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 19 अप्रैल रविवार को चंपारण शतरंज अकादमी के प्रांगण कोतवाली चौक हॉस्पिटल रोड बेतिया आयोजित होगी। प्रतियोगिता की रविवार 10 सुबह से मैच का शुरुआत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मात्र 200 रुपया जमा चंपारण शतरंज अकादमी के प्रांगण कोतवाली चौक में जाकर अपना एंट्री करा सकते हैं और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी अपना नाम भेजकर कर सकते है। शतरंज अकादमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने बताया यह प्रतियोगिता स्विस सिस्टम पर पांच चक्रों में खेला जाएगा और खेलने का समय रैपिड मैच में होगा। प्रत्येक खिलाड़ी को 15 मिनट का समय मिलेगा और प्रत्येक चाल पे 10 सेकंड का इंक्रीमेंट मिलेगा। सभी खिलाड़ियों को पांच चक्र का मैच खेलने के बाद उसमें से टॉप आने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें से टॉप 3 खिलाड़ियों को ट्रॉफी और बाकी सभी खिलाड़ियों को मेडल और ई सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा साथ ही पश्चिम चंपारण जिला अंडर - 07 और अंडर - 09 बालक और बालिका शतरंज चैंपियनशिप में प्रत्येक टॉप दो खिलाड़ियों का चयन बिहार राज्य अंडर - 07 और अंडर - 09 चैंपियनशिप के चयन किया जायेगा यह खिलाड़ी राज्य चैंपियनशिप में पश्चिम चंपारण जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# शादी-ब्याह में गैस की किल्लत दूर करने की पहल

■ वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को लेकर प्रशासन के सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिले में शादी-विवाह के दौरान रसोई गैस की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में वैवाहिक कार्यों हेतु वाणिज्यिक एलपीजी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पश्चिम चंपारण अनिल कुमार सिन्हा द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अब शादी समारोह के लिए गैस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाएगा, ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय पर गैस मिल सके और किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति के यहां विवाह कार्यक्रम निर्धारित है, उसे शादी का कार्ड संलग्न करते हुए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। आवेदन में आवश्यक गैस सिलेंडरों की संख्या तथा संभावित अतिथियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि अनुमंडल पदाधिकारी आवेदन के आधार पर अतिथियों की संख्या का आकलन करेंगे और उसी के अनुरूप संबंधित तेल कंपनियों को वाणिज्यिक गैस उपलब्ध कराने का निर्देश देंगे। यह आपूर्ति कार्यक्रम की तिथि एवं गैस की उपलब्धता के आधार पर की जाएगी, जिससे अनावश्यक मांग और कालाबाजारी पर रोक लग सके। इसके साथ ही, शादी समारोह में खाना बनाने वाले रसोइयों एवं कैटरर्स को भी वाणिज्यिक गैस के लिए अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। संबंधित तेल कंपनियों को 5 से 7 दिनों के भीतर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि विवाह कार्य हेतु उपलब्ध कराई गई वाणिज्यिक गैस का उपयोग केवल उसी कार्यक्रम में किया जाएगा। इसके दुरुपयोग पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने सभी ओएमसी (तेल विपणन कंपनियों) के प्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया है कि गैस वितरकों से प्राप्त मांग के आधार पर समय पर वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी विवाह समारोह में गैस की कमी न हो।

# एनडब्ल्यूसी कार्यालय में पुराने सामानों की नीलामी संपन्न 36.60 लाख आखरी बोली लगाई गई

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। शुक्रवार को एनडब्ल्यूसी (नॉर्थ वेस्टर्न कंस्ट्रक्शन) कार्यालय परिसर, त्रिवेणी गोदाम में वर्षों से रखे पुराने सामानों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस नीलामी में कुल 61 लोगों ने अपने दस्तावेज जमा किए थे, जिनमें से 56 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से बोली में हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार, नीलामी की शुरूआती बोली 20,81,291 रुपये से शुरू हुई, जो बढ़ते-बढ़ते अंतिम रूप से 36 लाख 60 हजार रुपये पर जाकर समाप्त हुई। अंतिम और सबसे ऊंची बोली अनुराधा कुमारी द्वारा लगाई गई, जिनके नाम यह नीलामी संपन्न हुई।

बताया जाता है कि यह सभी सामग्री वर्ष 1962 में गंडक बराज एवं उससे निकलने वाली नहरों के निर्माण के दौरान बची हुई थी, जिसे त्रिवेणी सब-डिवीजन के गोदाम में सुरक्षित रखा गया था। लंबे समय से बंद पड़े गोदाम का ताला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में खोला गया, जिसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा सामानों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के पश्चात जल संसाधन विभाग द्वारा विधिवत निविदा प्रक्रिया पूरी कर नीलामी आयोजित की गई। हालांकि, एनडब्ल्यूसी के कार्यपालक अभियंता ने प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान देने से इनकार कर दिया। नीलामी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय थाना पुलिस भी मौके पर तैनात रही।

# ट्रैक्टर के नीचे आने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत, जांच में जुटी पुलिस



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। स्थानीय थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किशोर किसी कारणवश ट्रैक्टर की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी हालत गंभीर हो गई। आसपास के लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चालक और घटना के परिस्थितियों की जांच की जा रही है, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोग प्रशासन से सड़क सुरक्षा और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# दुम्किबास-त्रिवेणी सड़क पर निकुञ्ज ऐन बना बाधा, मुख्यमंत्री पाण्डे ने प्रधानमंत्री का ध्यान कराया आकर्षित

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। गंडकी प्रदेश के मुख्यमंत्री सुन्दर पाण्डे ने दुम्किबास-त्रिवेणी सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को लेकर प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह (बालेन) का ध्यान आकर्षित किया है। गुरुवार को प्रधानमंत्री कार्यालय सिंहदरबार में सातों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया। मुख्यमंत्री पाण्डे ने बताया कि गंडकी प्रदेश की लाइफलाइन मानी जाने वाली दुम्किबासझत्रिवेणी सड़क का करीब 8 किलोमीटर हिस्सा निकुञ्ज (राष्ट्रीय उद्यान) ऐन के कारण अटका हुआ है। लेकिन यह सड़क मार्ग गजेंद्र मोक्ष धाम से दुंकीबास तक 22 किलोमीटर लम्बा है। सड़क निर्माण की फाइल लंबे समय से वन मंत्रालय में लंबित है, जिसके चलते स्थानीय लोगों को लंबी दूरी घूमकर यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सड़क गंडकी प्रदेश को भारत से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, इसलिए इसका निर्माण जल्द से जल्द होना जरूरी है। इस पर प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने गंभीरता दिखाते हुए समस्या के समाधान के लिए पहल करने का भरोसा दिलाया। बैठक में अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी अपने-अपने प्रदेशों से जुड़ी समस्याएं प्रधानमंत्री के समक्ष रखीं, जिस पर सरकार ने सकारात्मक कदम उठाने की बात कही है।

# वीटीआर में दिखा अद्भुत नजारा: 14 फीट लंबे किंग कोबरा ने धामिन सांप को निगला, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां विशालकाय किंग कोबरा और धामिन (रैट स्नेक) के बीच संघर्ष का अद्भुत नजारा देखने को मिला। यह घटना वीटीआर परिक्षेत्र स्थित सीबीआई ऑफिसर आवास परिसर में गुरुवार की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, एक अधिकारी (नाम नहीं छापने की शर्त पर) ने बताया कि देर रात लगातार कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई दे रही थी। संदेह होने पर जब वे बाहर कैंपस की ओर गए तो देखा कि दो बड़े सांप आमने-सामने फन उठाए आक्रामक मुद्रा में खड़े हैं। कुछ देर तक दोनों के बीच संघर्ष चला, जिसके बाद किंग कोबरा ने धामिन सांप को काबू में कर उसे निगलना शुरू कर दिया। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन कर्मी शंकर यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद किंग कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए किंग कोबरा की लंबाई करीब 14 फीट थी। रेस्क्यू के बाद उसे वीटीआर के घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, किंग कोबरा अन्य सांपों को भी अपना शिकार बनाता है, लेकिन इतनी नजदीक से इस तरह की घटना का देखा जाना बेहद दुर्लभ है। वीटीआर क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं, जो जंगल की प्राकृतिक विविधता और रोमांच को दशार्ती हैं।

# शिक्षक ने बदली स्कूल की तस्वीर अपनी कला-कौशल से लिख रहे नई इबारत

■ पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र के बटेसरा स्कूल की हो रही चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा । पश्चिम चंपारण जिले के बगहा प्रखंड अंतर्गत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बटेसरा इन दिनों बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। कभी जर्जर हालात और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा यह विद्यालय आज एक शिक्षक की मेहनत और समर्पण के चलते पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

जानकारी के अनुसार, विद्यालय के नए प्रधान शिक्षक मो. रिजवान ने पदभार संभालने के बाद बिना किसी शोर-शराबे के स्कूल की स्थिति सुधारने का बीड़ा उठाया। उन्होंने सबसे पहले विद्यालय परिसर, मैदान, कक्षाओं और दीवारों की स्थिति का जायजा लिया और फिर खुद ही काम में जुट गए। बताया जाता है कि प्रधान शिक्षक ने खुद कुदाल उठाकर स्कूल परिसर में भरे गड्ढों को भरना शुरू किया। मैदान को समतल करने, साफ-सफाई करने और बच्चों के लिए बेहतर माहौल बनाने में वे दिन-रात लगे रहे। उनके इस कार्य को देखकर अन्य शिक्षक और ग्रामीण भी प्रेरित हुए और धीरे-धीरे सभी ने सहयोग करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले बरसात के दिनों में स्कूल परिसर में पानी भर जाता था और बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। विद्यालय में साफ-सफाई, अनुशासन और पढ़ाई का माहौल बेहतर हुआ है।

स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने प्रधान शिक्षक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षकों की वजह से ही सरकारी स्कूलों की छवि बदल रही है। बटेसरा स्कूल अब पूरे प्रखंड में एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

# नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों व अन्य पशुओं पर प्रभावशाली नियंत्रण की प्रशासनिक पहल तेज: गरिमा

■ उपयुक्त और सक्षम एजेंसियों की मदद से शहरी क्षेत्र में 'पशु जन्म निषेध कार्यक्रम' चलाएगा नगर निगम प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों एवं पशुओं की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के उद्देश्य से ह्लपशु जन्म निषेध (एनिमल बर्थ कंट्रोल)ह्व कार्य के लिए सक्षम एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में निगम द्वारा विस्तृत निविदा जारी की गई है, जिसमें इच्छुक एवं योग्य संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग के स्तर से जारी निर्देश के अनुसार चयनित एजेंसी को सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों एवं अन्य पशुओं की नसबंदी, टीकाकरण तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक देखभाल का कार्य करना होगा। इसके साथ ही विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में आवरा पशुओं के मानवीय व्यवहार, सुरक्षित पकड़ने और पुनः छोड़ने की प्रक्रिया का भी पालन अनिवार्य होगा। महापौर ने बताया कि निविदा दस्तावेज में एजेंसियों के लिए आवश्यक अर्हताएं, तकनीकी क्षमता, अनुभव एवं वित्तीय शर्तों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इच्छुक एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव जमा करना होगा, जिसके बाद पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयन किया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस पहल से शहर में पशुओं की अनियंत्रित वृद्धि पर रोक लगेगी, साथ ही रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। यह कदम शहरवासियों के सुरक्षित आवागमन और नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# चन्द्रशेखर देश के सर्वमान्य नेता थे वे समाज को लेकर चलते थे: स्वामी

प्रात : किरण संवाददाता



सिवान /महाराजगंज शहर के चन्द्रशेखर इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 99 वीं जयंती पर चन्द्रशेखर अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन विधायक हेमनारायण साह, विधान पार्षद विरेन्द्र नारायण यादव, सुप्रीया जायसवाल ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधान पार्षद विरेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि चन्द्रशेखर देश के सर्वमान्य नेता थे। वे सबको लेकर चलते हैं। जब वे संसद में किसी मुद्दे पर बोलने के लिए उठते थे तो पक्ष हो या विपक्ष सभी उनका सम्मान करते थे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक हेमनारायण साह ने कहा कि चन्द्रशेखर दबे कुचले की आवाज थे। वे हमेशा सादगी में रहते, सादा जीवन जीते। देश के बारे में सोचते। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जितेन्द्र स्वामी ने कहा कि वे हमेशा देश हीत के बारे में सोचते थे। उन्होंने कहा कि चन्द्रशेखर महाराजगंज के बारे में हमेशा सोचते थे। जब भी स्व सांसद उमाशंकर सिंह या मैं उनसे मिलते तो एक बार जरूर महाराजगंज के बारे में चर्चा करते थे। समारोह में भजन गायक मनन मधुकर, कुन्दन कुमार की टोली ने भजन, चन्द्रशेखर पर आधारित गीत प्रस्तुत किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी ने जनगणना पोटल में किया पंजीकरण

गया जी।जिला परिषद अध्यक्ष गया ने पोर्टल पर स्वयं अपना स्व-गणना पंजीकरण किया है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपने परिवार एवं संबंधित विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे जनगणना की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित होगी।

### मृतक अजीत के परिजनों से मिले विधायक

मुजफ्फरपुर। कांटी प्रखंड क्षेत्र के वीरपुर पंचायत के साइन कानू टोला निवासी गणेश साह के पुत्र अजीत कुमार साह उम्र लगभग 22 वर्ष कि बीते 9 अप्रैल को सहरसा बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते विधायक ई. अजीत कुमार ने कांटी प्रखंड के कई विभागों के अधिकारियों के साथ मृतक अजीत साह के पैतृक गांव साइन कानू टोला पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी प्राप्त किया एवं सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग करने का वादा किया। इस दौरान विधायक अजीत कुमार ने मौके पर उपस्थित बीडीओ, सीओ, एलईओ, पीओ, बीएओ समेत अन्य अधिकारियों को मृतक के आश्रितों को अपने-अपने विभागों से मिलने वाले लाभ को त्वरित पहुंचावने के दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अजीत साह घर के कमाउ सदस्य था उनके निधन से परिवार को काफी नुकसान हुई है। उन्होंने कहा कि वे इस घटना से काफी दुःखी एवं मर्माहत है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। इस मौके पर बीडीओ आनंद कुमार विभूति, सीओ पिंटू कुमार, एलईओ वरुण कुमार , बीएओ शिवनाथ झा, पीओ मणिभूषण कुमार, डीपीएम राकेश कुमार समेत मोहन साह एवं स्थानीय अन्य ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

### बिक्रम में दो ट्रकों के बीच टक्कर,एक चालक की मौत

बिक्रमः थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर अन्धरा चौकी गांव के समीप शुक्रवार को रात्रि तीन बजे के करीब दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें एक चालक की मौत हो गई । स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों ट्रक तेज रफ्तार में थे । टक्कर इतनी भीषण थी कि इसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। एक ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया था। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया घटना की सूचना मिलते ही बिक्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी चालक को आनन फानन पुलिस वाहन से अस्पताल लाया गया।इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक ट्रक के चालक की पहचान वैशाली जिला अंतर्गत लालगंज के जहानाबाद निवासी अजय राय के रूप में की गई है।शव को पोर्समॉर्टम के बाद उनके परिवार को सौंप दिया गया है। वहीं हादसे के बाद दूसरे ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए एनएच-139 पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने आवागमन को सुचारू ढंग से जारी करवाया।पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# शेरघाटी में टावर के डीजे मशीन में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी शहर के राज हॉल सिनेमा के पास स्थित एक टावर परिसर में गुरुवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग टावर में लगे डीजे मशीन में लगी, जिससे देखते ही देखते लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

टावर पर तैनात गार्ड मंटू ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने कहा कि अचानक मशीन से धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग तेजी से फैल गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक डीजे मशीन पूरी तरह आग की चपेट में आ चुकी थी और जलकर राख हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन डीजे मशीन को बचाया नहीं जा सका। इस हादसे में करीब दो से ढाई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यह आसपास के अन्य उपकरणों और टावर संरचना तक फैल सकती थी, जिससे नुकसान और भी अधिक हो सकता था।

फिलहाल संबंधित कंपनी के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। घटना के कारणों की विस्तृत जांच की बात कही जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि विद्युत उपकरणों के उपयोग में सावधानी बरतें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम: रवि किशन शुक्ला

● सांसद रवि किशन शुक्ला ने महिला आरक्षण विधेयक का प्रबल समर्थन किया

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।गोरखपुरः रवि किशन शुक्ला ने आज संसद में महिला आरक्षण से संबंधित विधेयकों पर जोरदार समर्थन व्यक्त करते हुए इसे देश के इतिहास का ह्लस्वर्णिम दिनह्व बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्लनए भारतह्व के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि यह कोई चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का विषय है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह इस गंभीर विषय पर राजनीति कर रहा है, जबकि सरकार ने महिलाओं के वास्तविक मुद्दों को समझते हुए ठोस कदम उठाए हैं।

अपने निजी जीवन के संघर्षों को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने गरीबी और अभाव में महिलाओं की पीड़ा को बहुत करीब से देखा है—चाहे वह शौचालय की कमी हो या बुनियादी सुविधाओं का अभाव। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन समस्याओं का समाधान संभव हुआ और देश में व्यापक जागरूकता आई है।सांसद ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र—सेना, शिक्षा, खेल और राजनीति—में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं, ऐसे में उन्हें विधायिका में उचित प्रतिनिधित्व मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 33% महिला आरक्षण को समय की मांग बताते हुए कहा कि यह देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

गोरखपुर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों की महिलाओं में राजनीतिक भागीदारी को लेकर उत्साह है और वे अब आगे आकर नेतृत्व करना चाहती हैं। उन्होंने परिसीमन की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को अवसर मिल सके।

अंत में सांसद ने कहा कि यदि महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं हुआ तो देश की महिलाएं इसे गंभीरता से लेंगी और इसका प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी पड़ेगा। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि यह विधेयक पारित होकर ही रहेगा और महिलाओं को उनका अधिकार अवश्य मिलेगा।हर हर महादेव के उद्घोष के साथ उन्होंने अपने वक्तव्य का समापन किया।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डॉ. सीपी ठाकुर से की मुलाकात

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण डॉ. सीपी ठाकुर से पटना आवास पर शिष्टाचार कर उनका कुशल क्षेम जाना है। इस दौरान भाजपा नेता दीपक ठाकुर एवं प्रो. शबनम ठाकुर मौजूद रहीं हैं।

डॉ. सीपी ठाकुर ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर सम्राट चौधरी को बधाई दी एवं सफल, जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि इनके नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा तथा राज्य की प्रगति को नई गति मिलेगी। बिहार की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए एक समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ की और बढ़ी सुरक्षा व यात्री सहायता:अमरेश

## पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने किया निरीक्षण

■ गया और रफीगंज स्टेशन पर व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा, यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष फोकस

प्रात: किरण संवाददाता




गया जी।पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन और रफीगंज स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार में कहा कि रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ की और सुरक्षा व यात्री सहायता को बढ़ाया गया है।

गया जंक्शन पर बनने वाले सुरक्षा होल्डिंग एरिया का विशेष रूप से जायजा लिया ताकि यात्रियों की सुरक्षा और बेहतर हो सके।

रफीगंज स्टेशन का भी किया दौरा

आईजी अमरेश कुमार अपने दौरे के दौरान रफीगंज रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया।। इस दौरान स्टेशन परिसर में सुरक्षा इंतजाम, निगरानी व्यवस्था और यात्रियों की सुविधा से जुड़े पहलुओं की गहन समीक्षा की। साथ ही अधिकारी और जवानों किसान सुरक्षा सम्मेलन लेते हुए कई दिशा निर्देश दिया।

### अधिकारियों और यात्रियों से किया संवाद

निरीक्षण के दौरान आईजी न केवल विभागीय अधिकारियों बल्कि यात्रियों से भी सीधे संवाद किये। यात्रियों से फीडबैक लेकर सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के उपायों पर विचार किया ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या खतरे की स्थिति से बचा जा सके।

### जवानों को दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

दौरे के दौरान आईजी आरपीएफ जवानों से रूबरू होकर उन्हें आवश्यक सुरक्षा टिप्स दिए। साथ ही डीडीयू रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर भी इस निरीक्षण में मौजूद रहे। अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए जिससे रेलवे परिसरों में सुरक्षा का स्तर और ऊंचा हो सके।

# मगध विश्वविद्यालय के छात्रों को मिलेगा चिकित्सा शिक्षा में बेहतर मार्गदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता



बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने कहा है कि विश्वविद्यालय के छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अब और बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए समय-समय पर विशेषज्ञ शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा, साथ ही छात्रों को भी संबंधित संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण करने का अवसर मिलेगा।

कुलपति कक्ष में गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक विपिन कुमार सिंह ने कुलपति से शिष्टाचार मुलाकात की है। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया है।

कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक सहयोग से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ऐसे प्रयासों को आगे भी जारी रखेगा ताकि छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

वहीं, गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक विपिन कुमार सिंह ने कहा कि उनका संस्थान मगध विश्वविद्यालय के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से छात्रों को विशेष लाभ प्राप्त होगा और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे।

# आगलगी में लगभग 50 बीघे की गेहूं की पकी फसल जलकर राख

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रम। प्रखंड के पतुत गांव के पास शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे खेत में लगी गेहूं की फसल में आग लग गई। गर्म और तेज हवा की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अगलगी की इस घटना में स्थानीय किसानो की करीब 50 बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना में किसान रेवती रमण सिंह, राधा रमण सिंह, राज कुमार सिंह, संजय सिंह, सरोज सिंह समेत लगभग दो दर्जन किसानों की गेहूं की फसल में आग लग जाने से लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गई। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की गई। हालांकि, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित किसानों ने नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की है।

### जागो जनप्रतिनिधि एवं गया नगर निगम जागो, वर्ना जनता जाग जाएगी : गोपाल

गया । शहर का उपनगर मानपुर, जिसे नगर निगम गया में शामिल होने का गौरव प्राप्त है, आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। नदिया के पार कहलाने वाला यह क्षेत्र नगर सरकार के भेदभाव का शिकार है। मानपुर के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का प्रबंध पूरी तरह से फेलियर हो चुका है। सफाई कर्मियों की बड़ी संख्या के बावजूद प्रबंधन खोखला है। जनप्रतिनिधियों और सफाई पर्यवेक्षकों द्वारा सफाईकर्मियों का दोहन, शोषण और उनसे राशि उगाही किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। . पटवा टोली दुर्गा स्थान मुख्य मार्ग की गली में कूड़े का अंबार, महिलाओं को मुँह ढककर चलना पड़ता है। डाकघर लेन अटल बिहारी सार्वजनिक पार्क के सामने चैन गेट के निकट सफाई पर्यवेक्षक और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से अनाधिकृत डंपिंग पॉइंट बनाया जा रहा है। यह ह्यस्वच्छता ही सेवा है अभियान की धज्जियां उड़ाना है। ऊर्जा की बबार्दीः दिन के उजाले में मानपुर सब्जी बाजार का हाईमास्ट लाइट और वार्ड संख्या 49 में स्ट्रीट लाइट जलते रहते हैं, जबकि रात में पीली-धीमी रोशनी देते हैं। ऑन-ऑफ करने के लिए मैनपावर का प्रबंध है जिसका नियमित भुगतान भी किया जाता है। फिर भी दिन में लाइट ऑन रहना ऊर्जा की बबार्दी और प्रबंधन की निष्क्रियता है। संवेदक-अभियंता की मिलीभगतः जब से नए संवेदक को स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस का कार्य मिला है, तब से पूरे गया नगर निगम क्षेत्र में एक भी पीली और धीमी स्ट्रीट लाइट का मेंटेनेंस नहीं हुआ है और न होने की संभावना है।


## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 02, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02 वर्ष 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–02, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.04.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.04.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.04.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 02, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Residential Office in the Campus of Residence No.- 03 at Desh Ratan Marg, Patna for the Year 2026 -27. | 13.55 | 27,200=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2. | Construction of Cement Board Partition for Residential Office in the Campus of Residence No. - 03 at Desh Ratan Marg, Patna for the Year 2026-27. | 14.30 | 28,600=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 3. | Provision of Submersible Boring, Sanitary Fitting and Water Tank Stand for Residential Office in the Campus of Residence No. - 03 at Desh Ratan Marg, Patna for the Year 2026 -27. | 8.25 | 16,500=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 4. | Renovation of Campus Development Near Main Building Front Portico, Near Mandir and Back Side Portico in the Campus of Residence No.- 10 at Circular Road, Patna for the Year 2026 -27. | 14.62 | 29,300=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 5. | Renovation of Servant Room Sewerage Work, Drainage Work and Extension of Dhobi Shed in the Campus of Residence No. - 10 at Circular Road, Patna for the Year 2026 -27. | 14.97 | 30,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |

PR- 001046 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता

केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–02,पटना

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


# 30 और 31 मई को होगी बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा

## 22 मई को जारी होगा एडमिट कार्ड

### 5 मई तक होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, मेडिकल, इंजीनियरिंग और एग्रीकल्चर के इन कोर्सो में होगा एडमिशन

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2026 आगामी 30 मई और 31 मई को आयोजित की जाएगी। 30 मई को यह परीक्षा चार पालियों में और 31 मई को एक पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बीते 15 अप्रैल से शुरू हो चुका है और यह 5 मई 2026 तक चलेगा। पंजीकृत उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद 6 मई तक भुगतान किया जा सकता है। आवेदन पत्र में 7 मई से 8 मई तक किसी तरह का सुधार किया जा सकता है। वहीं, 22 मई को बीसीईसी परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने 14 अप्रैल 2026 को जारी अपने विज्ञापन के द्वारा इस परीक्षा में शामिल होने और चयन के बाद नामांकन के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा ली जाने वाली इस परीक्षा के आधार पर ही विभिन्न डिग्री कोर्सों के प्रथम वर्ष में नामांकन लिए जाएंगे। राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों में संचालित बीटेक कोर्स और संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना में होने वाले बीटेक कोर्स के प्रथम वर्ष में नामांकन के लिए जेईई (मुख्य) परीक्षा में सम्मिलित उम्मीदवारों के दो राउंड की ऑनलाइन काउंसिलिंग के बाद रिक्त सीटों को बीसीईसी परीक्षा 2026 के सफल उम्मीदवारों से भरा जाएगा। वहीं कृषि से जुड़े कोर्सों की बात करें तो बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कृषि, उद्यान और वानिकी में स्नातक कोर्स की 50 प्रतिशत सीटें पीसीएम और पीसीबी की संयुक्त मेधासूची से भरी जाएंगी।

सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बिहार के सरकारी फामेर्सी संस्थानों के डिग्री कोर्स में भी इसके आधार पर नामांकन होंगे। बिहार के सरकारी संस्थानों में मेडिकल से जुड़े फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, ऑप्टोमेट्री में स्नातक कोर्सों में इस परीक्षा के आधार पर ही दाखिला मिलेगा। वहीं बिहार में मौजूद सरकारी और निजी क्षेत्र के बीएससी नर्सिंग कोर्स और अन्य समान कोर्सों में भी इस परीक्षा के सफल उम्मीदवारों का नामांकन हो सकता है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2026 में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवार पर्षद की वेबसाइट पर जाकर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यहां से परीक्षा की विवरण पुस्तिका भी डाउनलोड की जा सकती है।


## बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06 वर्ष 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–02.05.2026 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–04.05.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–04.05.2026 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।

कार्य का विवरणी :

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of 84 Officer's flat No.-59/84 at New Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay) | 2,69,150.00 | 6000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 2 | Renovation of Louvers in 84 Officer's flat No.-56/84 at New Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay) | 12,86,150.00 | 26000.00 | 2500.00 | One Month |
| 3 | Renovation of Parking shed, Outer Surface & Campus Development of 84 Officer's flat No.-55/84 to 56/84 at New Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay) | 9,87,850.00 | 20000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4 | Renovation of 84 Officer's flat No.-56/84 at New Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay) | 4,32,050.00 | 9000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 5 | Renovation of Grill, UPVC Window of Outer Portion in 84 Officer's flat No.-55/84 to 60/84 at New Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay) | 9,90,750.00 | 20000.00 | 1250.00 | One Month |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 001191 ( B C D ) 2026-27

कार्यपालक अभियंता

पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



## बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05 वर्ष 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–28.04.2026 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–29.04.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–29.04.2026 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Protico in the Campus of Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay at 60/84 and 55/84 Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Part-01) | 13,03,950.00 | 27000.00 | 2500.00 | One Month |
| 2 | Renovation of Protico in the Campus of Office of Nagric Suraksha Mahanideshalay at 60/84 and 55/84 Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Part-02) | 3,20,550.00 | 7000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3 | Renovation of Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay at 60/84 Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Part-1) | 14,55,750.00 | 30000.00 | 2500.00 | One Month |
| 4 | Renovation of Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay at 60/84 Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Part-2) | 14,56,150.00 | 30000.00 | 2500.00 | One Month |
| 5 | Renovation of Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay at 55/84 Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Part-1) | 14,65,650.00 | 30000.00 | 2500.00 | One Month |
| 6 | Renovation of Office of Nagrik Suraksha Mahanideshalay at 55/84 Punaichak, Patna for the year 2025-26. (Part-2) | 11,30,050.00 | 23000.00 | 2500.00 | One Month |
| 7 | Demolishing and Dismantling of shed, PCC, and Other work in the Campus of 55/84 at Punaichak, Patna for the year 2025-26. | 1,43,750.00 | 3000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 8 | Renovation of 79 MOS Qtr. No. -C/10A at Punaichak, Patna for the year 2025-26. | 4,99,000.00 | 10000.00 | 750.00 | 15 Days |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 001189 ( B C D ) 2026-27

कार्यपालक अभियंता

पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## तमिलनाडु चुनाव 2026 के बीच जब्ती 800 करोड़ के पार, 2021 के मुकाबले लगभग दोगुनी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में चल रहे चुनावी माहौल के अब तक करीब 800 करोड़ रुपए की नकदी, कीमती सामान और अवैध वस्तुएं जब्त की जा चुकी हैं। यह आंकड़ा 2021 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले लगभग दोगुना है। चुनाव विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, 2021 के चुनाव में 446.28 करोड़ रुपए के उपहार और कीमती धातुएं बिना वैध दस्तावेज के जब्त की गई थीं। इसके अलावा 236.70 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी भी पकड़ी गई थी। खास बात यह रही कि जब्त किए गए सामान में से




50 प्रतिशत से ज्यादा बाद में सही दस्तावेज दिखाने पर लोगों को वापस लौटा दिए गए थे। उस समय कुल जब्ती में केवल सोने की हिस्सेदारी ही 173.19 करोड़ रुपए की थी। वहीं, इस बार स्थिति और ज्यादा सख्त नजर आ रही है। बुधवार तक करीब 800 करोड़ रुपए की जब्ती हो चुकी है, जिसमें नकदी, आभूषण, नशीले पदार्थ और शराब शामिल हैं। अब तक 126.64 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी भी जब्त की गई है, जिसके पास वैध कागजात नहीं थे। यह पूरी कार्रवाई राज्यभर में तैनात फ्लाइंग स्क्वॉड, स्थिर निगरानी टीमों और आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

## गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में बड़ा फर्जीवाड़ा, चोरी पकड़ने वाले जेई को गंवानी पड़ी थी नौकरी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में चल रहे फीस धांधली, प्रोफेसर व



कर्मचारियों की नियुक्ति के मामले में रोजाना नए-नए फर्जीवाड़े सामने आ रहे हैं। एक ऐसा मामले सामने है जिसमें सूत्रों ने बताया कि चोरी पकड़ाने वाले इलेक्ट्रिशियन जेई को ही विश्वविद्यालय प्रशासन के दबाव में नौकरी छोड़नी पड़ गई थी और उसे दो साल बाद वेतन मिल पाया था। वहीं चोरी के मामले में आरोपित को प्रमोशन दे दिया गया था। बता दें कि जीबीयू के कुलपति रहे प्रो. रविंद्र कुमार सिन्हा के कार्यकाल में इलेक्ट्रिशियन जेई रहे कर्मचारी ने बताया कि उनके अंडर में पिंटू सेंगर नाम का एक कर्मचारी काम करता था, जिसने रविवार के दिन विभाग से स्क्रैप में बैट्री, तार के अलावा अन्य सामान बेच दिए थे। मामले की जानकारी उन्हें सोमवार को हुई तो उन्होंने उसकी जानकारी कुलपति प्रो. रविंद्र कुमार सिन्हा और कुलसचिव रहे डा. विश्वास त्रिपाठी से शिकायत की। शिकायत के बाद माल भी बरामद किया गया, लेकिन पिंटू सेंगर के खिलाफ उस वक्त कोई कार्रवाई किए जाने की बजाय उनके ऊपर ही उल्टा दबाव बनाया गया और उनको संविदा से आउटसोर्सिंग से कर दिया गया। वहीं पिंटू सेंगर को आउटसोर्सिंग से प्रमोशन देकर संविदा से कर दिया गया। उनके ऊपर विश्वविद्यालय प्रबंधन से काफी दबाव बनाया जाने लगा और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। इससे उन्होंने परेशान आकर नौकरी छोड़ दी थी। इस दौरान उन्हें वेतन भी नहीं मिला। काफी प्रयासों के बाद उनको दो वर्ष बाद वेतन मिल पाया था। सूत्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने करीब दो वर्ष बाद एक दूसरे मामले में पकड़े जाने पर नौकरी से बाहर कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार उस दौरान ड्यूटी पर अगर 30 कर्मचारी रहते थे, तो रजिस्टर पर 40 लोगों की उपस्थिति दर्ज की जाती थी। इस तरह से भी लंबे समय तक फर्जीवाड़ा चला था। इसका भी विरोध करने पर एक कर्मचारी को नौकरी से हाथ धोना पड़ गया था। वहीं पूर्व कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी का कहना है कि हमारे कार्यकाल में पिंटू सेंगर के स्क्रैप बेचने का मामला सामने आया था।

# अयोध्या में सुगम और विशिष्ट पास धारकों के लिए सप्त मंडपम के दर्शन का इंतजार बढ़ा

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के सभी मंदिरों में दर्शन शुरू हो गया है। बीते दिनों की इस व्यवस्था में उत्तर के अलग-अलग दो प्रवेश द्वारों तथा रंगमहल बैरियर व राम गुलेला-अमावां राम मंदिर में विशिष्ट एवं सुगम पास धारकों का प्रवेश हो रहा है। सुगम व विशिष्ट पास धारकों के पास के लिए फिलहाल किसी नये साफ्टवेयर का प्रयोग नहीं हो रहा है बल्कि पुराने साफ्टवेयर से पास जारी किया जा रहा है। यही वजह है कि सुगम व विशिष्ट पास पर रामलला व राम परिवार दर्शन ही लिखा जा रहा है। यह अलग बात है कि 13 अप्रैल से सभी मंदिरों में दर्शन खोले जाने के बाद सुगम व विशिष्ट पास धारकों को परकोटे के सभी छह मंदिरों में अतिरिक्त रूप से दर्शन की अनुमति ऐच्छिक रूप से दे दी गयी है। फिर भी इन पास धारकों को शेषावतार, सप्त मंडपम व कुबेर नवरत्न टीला में कुबेरेश्वर महादेव के दर्शन का मार्ग तो कोई रास्ता निर्धारित किया गया है और न ही उन्हें इन स्थानों पर जाने की इजाजत है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा जिन्हें विशेष अनुमति दी जाती है, उन्हें ट्रस्ट के कार्यकर्ता गोल्फ कार्ट से राम मंदिर



के पश्चिम रास्ते से ले जाकर शेषावतार मंदिर पहुंचाते हैं। पुनः उन्हें पैदल घुमाकर दर्शन कराया जाता है। यह सुविधा सीमित वीवीआईपी के लिए ही है। शेष श्रद्धालु इससे वंचित हैं। खास बात यह है कि सुगम व विशिष्ट दर्शन पास की सुविधा भी आनलाइन है लेकिन यहां पास की संख्या काफी कम है जिसके कारण अधिकांश पास रेफरल होते हैं। जो कि ट्रस्ट के किसी पदाधिकारी की संस्तुति पर ही बनाए जा सकते हैं क्योंकि इन सभी रेफरल पास पर संस्तुति करने वाले पदाधिकारी के आईडी का विशेष कोड अंकित किया जाता है। तीर्थ क्षेत्र से सामान्य दर्शन पास धारकों को आद्य गुरु रामानंदाचार्य प्रवेश द्वार से इंट्री के बाद बैगेज स्कैनर तक वीआईपी रास्ते का प्रयोग करने की अनुमति है। पुनः वह सभी आम श्रद्धालुओं के दर्शन मार्ग से ही रामलला का दर्शन करते हैं। यहां से दक्षिण द्वार से उन्हें अपर प्लिंथ पर लाकर दक्षिणी तरफ बनाई गयी सीढ़ियों से राम परिवार का दर्शन कराया जाता है। इसके बाद उनकी वापसी भी आम श्रद्धालुओं के निर्धारित मार्ग से होती है। परकोटे के बाहर आने पर पास धारकों को दाहिने रास्ते से शेषावतार मंदिर व सप्त मंडपम समेत कुबेर नवरत्न टीला पर स्थित कुबेरेश्वर महादेव के दर्शन करने की अनुमति दी जाती है।

## पश्चिम एशिया युद्ध की आंच गाजियाबाद तक... 195 सड़कों का काम प्रभावित

**गाजियाबाद, एजेंसी।** पश्चिम एशिया युद्ध की आंच से नगर निगम और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की 195 सड़कों का काम प्रभावित हुआ है। नगर निगम का कहना है कि तारकोल (बिटुमेन) मिलना मुश्किल हो गया है। जो मिल रहा है वह महंगा है। कई सड़कों पर गड्ढों की वजह से परेशानी हो रही है। नगर निगम ने जब्त की गई पालीथीन से सड़कों पर पेंच वर्क करने की योजना बना रहा है। जिससे लोगों गड्ढामुक्त सड़कें मिल सकें। हालांकि इससे अभी सड़कों को बनाना संभव नहीं है। नगर निगम ने 85 सड़कों पर काम कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इन सड़कों की लंबाई लगभग 112 किलोमीटर है। इनमें सड़कों को गड्ढामुक्त, चौड़ीकरण और नये सिरे से बनाने का काम शामिल है। ठेकेदारों को पता नहीं था कि युद्ध की आंच सड़कों के निर्माण कार्य पर भी आ जाएगी। ऐसे में युद्ध शुरू होने के दौरान भी कई ठेकेदारों ने निगम से टेंडर ले लिए थे।

# मासूमों की मौत पर दहला मणिपुर! हाथों में मशालें लिए सड़कों पर उतरे हजारों लोग, तीखी झड़प

### रैली की शुरुआत और मुख्य मांगें

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में हुए बम हमले के विरोध में हजारों लोगों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए एक विशाल मशाल रैली निकाली। इस बम विस्फोट में दो बच्चों की जान चली गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प देखने को मिली।



गुरुवार शाम करीब 7 बजे सिंगजामेई इलाके से हजारों की संख्या में लोगों ने हाथों में मशालें लेकर अपना मार्च शुरू किया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि 7 अप्रैल को बिष्णुपुर जिले के त्रोंग्लाओबी में हुए बम ब्लास्ट के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि रैली के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वहां तैनात जवानों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार भी किया। लगभग 2 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद यह रैली चिंगमथाक पहुंची, जो मुख्यमंत्री आवास, पुलिस मुख्यालय और लोक भवन से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। चूंकि इलाके में निषेधाज्ञा लागू थी, इसलिए वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को वापस लौटने के लिए कहा। हालांकि, भारी भीड़ के आगे सुरक्षा बल संख्या में काफी कम थे, जिसके चलते दोनों पक्षों में टकराव शुरू हो गया। जैसे ही स्थिति तनावपूर्ण हुई, सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले दागे और लाठीचार्ज का सहारा लिया। इसके जवाब में कुछ युवाओं ने सुरक्षा बलों पर कथित तौर पर पथराव किया, जिससे हालात और ज्यादा बिगड़ गए। इस हिंसक झड़प में कई लोगों के घायल होने की खबर है। आंसू गैस के धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ और मामूली चोटों के चलते कम से कम पांच लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना पर एक अधिकारी ने बयान देते हुए कहा कि कुछ तत्व राज्य की मौजूदा स्थिति का फायदा उठाकर सरकार और सुरक्षा बलों के खिलाफ अपना एजेंडा चलाने की कोशिश कर रहे हैं। आपको बता दें कि त्रोंग्लाओबी बम हमले के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर इलाके में पहले से ही सख्त पाबंदियां लागू हैं। शाम 5 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक लोगों के घरों से बाहर निकलने पर पूरी तरह से रोक (कर्फ्यू) जारी है। इस बीच मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गोलीबारी की घटना में शामिल होने के आरोप में सुरक्षा बलों ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गोलीबारी की इस घटना में आरएएफ का एक जवान घायल हो गया था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दोनों आरोपियों को बुधवार को उस वक्त पकड़ा गया जब सुरक्षा बलों ने जिले में रेंगकाई इलाके में एक वाहन को रोका।

पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''आरोपी चुराचांदपुर जिले के सीलमत पुल पर सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में शामिल थे जिसमें रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया था।'' गोलीबारी की घटना की जांच जारी है। मणिपुर में दो साल पहले जातीय हिंसा भड़कने के बाद से सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है। मई 2023 से मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय संघर्ष में 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### सपा सरकार ने पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ नहीं दिया

# महिला आरक्षण पर बीएसपी चीफ मायावती ने कांग्रेस और सपा पर जमकर साधा निशाना

**लखनऊ, एजेंसी।** महिला आरक्षण अधिनियम लागू होने के बाद सियासत तेज हो गई है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबा पोस्ट लिखकर भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस को 'गिरगिट' तक करार देते हुए उस पर दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मुद्दों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। मायावती ने कहा



कि देश के एससी, एसटी, ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के मामले में कांग्रेस का रिकॉर्ड भरोसेमंद नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, तब इन वर्गों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। आज महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस इन वर्गों की बात कर रही है, लेकिन यह उसकी राजनीतिक मजबूरी है। उन्होंने आगे कहा कि ओबीसी समाज को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण वीपी सिंह की सरकार में लागू हुआ, जो बसपा के प्रयासों का परिणाम था।

# बंधवाड़ी लैंडफिल में 28 घंटे बाद भी नहीं बुझी आग, कई जगहों से अभी भी धुआं निकल रहा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी लैंडफिल में लगी आग 28 घंटे बाद भी पूरी तरह नहीं बुझ सकी। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे कूड़े के ढेरों में लगी आग पर बृहस्पतिवार शाम सात बजे तक करीब 80 प्रतिशत काबू पा लिया गया, लेकिन कई स्थानों से धुआं लगातार सुलगता रहा। आग की तीव्रता भले कम हुई हो, लेकिन प्रदूषण और स्वास्थ्य पर खतरा बरकरार है। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की करीब दस गाड़ियां दिन-रात मौके पर डटी रहीं और लगातार पानी का छिड़काव किया गया। इसके साथ ही कूड़े के ढेरों को हटाने और अंदर सुलग रही आग तक पहुंचने के लिए भारी मशीनों का भी इस्तेमाल किया गया। नगर निगम के एक्सईएन संदीप सिहाग ने बताया कि आग पर लगभग काबू पा लिया गया है, लेकिन जहां-जहां धुआं निकल रहा है, उसे पूरी तरह खत्म करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि कचरा निस्तारण कर रही एजेंसियों को टेंडर शर्तों के अनुसार आग से बचाव के सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। बंधवाड़ी लैंडफिल लंबे समय से पर्यावरणीय चिंताओं का केंद्र बना हुआ है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर निगम पर अब तक 6.3 करोड़ रुपये का पर्यावरण मुआवजा तय किया है। अप्रैल 2020 से हर महीने 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। यह कार्रवाई कचरा प्रबंधन में लापरवाही, पर्यावरण मानकों के उल्लंघन और लैंडफिल से फैलते प्रदूषण के चलते की गई है। लैंडफिल साइट पर आग लगने का मुख्य कारण कूड़े के ढेरों के नीचे बनने वाली मिथेन गैस है। जब यह गैस अधिक मात्रा में बनकर हवा के संपर्क में आती है तो आग लग जाती है। यही वजह है कि ऐसी आग को नियंत्रित करना बेहद मुश्किल हो जाता है और यह लंबे समय तक सुलगती रहती है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लैंडफिल साइट पर स्प्रिंकलर सहित आधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड मदद कर सकती है, लेकिन प्राथमिक जिम्मेदारी साइट प्रबंधन और नगर निगम की ही होती है।

# इज़रायल में मधुमक्खियों का आतंक... तेल अवीव में लगा 'लॉकडाउन'

**तेल अवीव, एजेंसी।** इज़रायल के तेल अवीव और आसपास के कई शहरों में अचानक हजारों मधुमक्खियों का बड़ा झुंड देखने को मिला। जिसके बाद लोगों में डर का माहौल बन गया। हालात इतने गंभीर हो गए कि स्थानीय प्रशासन को तुरंत अलर्ट जारी करना पड़ा और कुछ इलाकों में अस्थायी रूप से दुकानों, कैफे और शॉपिंग सेंटर को बंद कर दिया जिसके बाद अस्थायी लॉकडाउन जैसी स्थिति देखने को मिली।बता दें कि इजरायल में इन दिनों मधुमक्खियों का भयानक हमला देखा जा रहा है। तेल अवीव समेत कई शहरों में मधुमक्खियों के झुंड आसमान में छा गए। इतनी ज्यादा मधुमक्खियां हैं कि अधिकारियों को आपातकालीन चेतावनी जारी करनी पड़ी है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी कि वे अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें और मधुमक्खियों को किसी भी तरह से परेशान या नुकसान न पहुंचाएं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा गया कि मधुमक्खियों का विशाल झुंड इमारतों, गाड़ियों और बाजारों के आसपास मंडरा रहा है, जिससे लोगों में घबराहट फैल गई और पूरे शहर में अफता-तफरी मच गई।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इमरजेंसी टीमें और ट्रेनड मधुमक्खी पालकों को मौके पर भेजा गया। इन टीमों ने मधुमक्खियों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर दूसरी जगह स्थानांतरित करने का काम शुरू किया।विशेषज्ञों के अनुसार, यह कोई हमला नहीं बल्कि मधुमक्खियों की प्राकृतिक प्रक्रिया हो सकती है, जिसे स्वार्मिंग कहा जाता है। इसमें मधुमक्खियों का एक बड़ा समूह अपनी पुरानी कॉलोनी छोड़कर नई रानी के साथ नया घर खोजने निकलता है। यह प्रक्रिया अक्सर तब होती है जब छत्ते में जगह कम हो जाती है या पर्यावरणीय परिस्थितियां बदलती हैं। वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि मौसम में बदलाव, फूलों की कमी या छत्ते के टूटने जैसी वजहें इस तरह के बड़े झुंड का कारण बन सकती हैं। हालांकि घटना से किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो वायरल हो रहे हैं।

# हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करे भारत

### लश्कर-ए-तैयबा से हैं संबंध', इस्राली विदेश मंत्री का दावा

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा कि यरूशलम और नई दिल्ली के बीज संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंधों में सकारात्मक बदलाव दिख रहा है। गिदोन सार ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एक वैश्विक प्रतिनिधिमंडल के साथ जानकारी साझा की। सार ने कहा कि उन्होंने कहा कि उन्हें दुनिया भर से आए सम्मानित हिंदू नेताओं के एक समूह को जानकारी देने का अवसर मिला। इस बातचीत में उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति और इस्राइल से जुड़े संघर्ष की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस्राइल पिछले ढाई साल से इस्लामी चरमपंथ के खिलाफ एक गंभीर युद्ध लड़ रहा है, जिसका लक्ष्य इस्राइल को खत्म करना है। उन्होंने इसे एक 'बहुत बड़ा खतरा' बताया। सार ने यह भी कहा कि इस्राइल ने कई मोर्चों पर बढ़त हासिल की है और उसने इस्लामी चरमपंथ के 'आतंकी नेटवर्क' को काफी कमजोर किया है, जिसका नेतृत्व ईरान करता है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष का असर पश्चिम एशिया से बाहर भी देखने को मिलेगा। भारत के साथ सुरक्षा सहयोग का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को हमास को एक आतंकवादी संगठन घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमास के संबंध अन्य चरमपंथी संगठनों से हैं, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) भी शामिल है। इस्राइली विदेश मंत्री ने कहा कि इस तरह के संगठनों के बीच वैश्विक स्तर पर जुड़ाव है और ये मिलकर काम करते हैं। इस्राइल पहले ही लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है और वह चाहता है कि भारत भी हमास को उसी तरह सूचीबद्ध करे। इस्राइल के विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार इन नेटवर्क और उनके संबंधों के



बारे में जानकारी रखती है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के आईआरजीसी, हमास और हिजबुल्ला जैसे संगठन अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क की मदद से हमले करते हैं। अधिकारी ने कहा कि आमतौर पर ईरानी एजेंट सीधे यूरोप में हमला नहीं करते, बल्कि वे किसी स्थानीय आपराधिक समूह के जरिये हमला करवाते हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अगर भारत सिर्फ यह घोषणा भी करता है, तो इसका वैश्विक स्तर पर बड़ा असर होगा, क्योंकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और मालदीव जैसे देश भारत के रुख को देखते हैं और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इससे यह संदेश जाएगा कि भारत की जमीन पर ऐसे किसी भी व्यक्ति को काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# दक्षिणी लेबनान में 10 किमी का सुरक्षा जोन बनाए रखेगा इस्राइल

**यरूशलम, एजेंसी।** ईरान के मुद्दे पर नेतन्याहू ने दावा किया कि ट्रंप ने उन्हें भरोसा दिया है कि वे समुद्री नाकेबंदी जारी रखेंगे और ईरान की बची हुई परमाणु क्षमता को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं। नेतन्याहू ने इन कदमों को बहुत महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे आने वाले वर्षों में सुरक्षा और राजनीतिक स्थिति में बड़ा बदलाव आ सकता है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम लागू होने के बाद भी इस्राइल दक्षिणी लेबनान में 10 किलोमीटर का सुरक्षा क्षेत्र बनाए रखेगा। उनका यह बयान उस समय आया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा की। यह समझौता नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन के बीच हुआ है और इसे अमेरिकी पूर्वी समय के अनुसार शाम 5 बजे से लागू किया जाना है। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने हिजबुल्ला की उस मांग को ठुकरा दिया, जिसमें इस्राइली सेना को अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पीछे हटने के लिए कहा गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्राइली सेना लेबनान के अंदर बनाए गए इस सुरक्षा क्षेत्र में ही तैनात रहेगी। उनका कहना है कि यह सुरक्षा क्षेत्र उत्तरी इस्राइल के इलाकों को हमलों और टैंक रोधी हथियारों से बचाने में मदद करेगा। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि लेबनान के साथ एक ऐतिहासिक शांति समझौता करने का मौका है। उन्होंने बताया कि ट्रंप इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए उन्हें और लेबनान के राष्ट्रपति को बातचीत के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं। नेतन्याहू के अनुसार, यह मौका इसलिए बना है क्योंकि इस्राइल ने लेबनान में ताकत का संतुलन अपने पक्ष में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक महीने में लेबनान की ओर से सीधे शांति वार्ता के संकेत मिले हैं। उन्होंने बताया कि इन बातचीतों में इस्राइल की दो मुख्य शर्तें होंगी- पहली, हिजबुल्ला को पूरी तरह हथियार छोड़ने होंगे, और दूसरी, एक स्थायी शांति समझौता होना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय बचाव समिति (आईआरसी) ने इस्राइल-लेबनान युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे 'उन नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण और लंबे समय से प्रतीक्षित राहत' बताया है, जिन्होंने हफ्तों तक लगातार हिंसा झेली है। संगठन ने अपने बयान में कहा कि लेबनान में 2,100 से अधिक लोग मारे गए हैं, हजारों लोग घायल हुए हैं और दस लाख




से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। संगठन ने बयान में कहा, 'इस युद्धविराम का उपयोग नागरिकों की सुरक्षा, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करने और स्थायी शांति की नींव रखने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में किया जाना चाहिए।' संगठन ने सभी पक्षों से संयम बरतने और ऐसे राजनीतिक मार्ग पर चलने का आग्रह किया जो आगे और जानमाल के नुकसान को रोके और संघर्ष के मूल कारणों का समाधान करे। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने बताया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के साथ युद्धविराम को लेकर आगे के कदमों पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर से बात की। दोनों पक्षों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की ताकि वाणिज्यिक जहाज जलडमरूमध्य से स्वतंत्र रूप से गुजर सकें और ऊर्जा आपूर्ति वैश्विक बाजारों तक पहुंच सके। वॉशिंगटन और तेहरान के बीच हुआ युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। अमेरिका की तरफ से इस्राइल-लेबनान में युद्धविराम के बाद शांति वार्ता की मेजबानी के प्रस्ताव पर कई गुटों में मतभेद है। कुछ लोग इसे वार्ता की दिशा में एक कदम के रूप में देखते हैं, जिससे पिछले छह हफ्तों के युद्ध से तबाह हुए देश में स्थायी शांति स्थापित हो सकती है। लेकिन कई अन्य लोग, ठीक इसी कारण से, इसे बेहद चिंताजनक मानते हैं - यह विचार कि उनके राष्ट्रपति इजरायल के साथ बातचीत करने के लिए बैठेंगे। और यह 10 दिवसीय युद्धविराम वास्तव में इसके संभव होने के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लेबनानी संसद के बेहद प्रभावशाली अध्यक्ष नबीह बेरी की एक प्रमुख शर्त थी। वह देश के सबसे वरिष्ठ शिया राजनेता हैं, और उन्होंने लंबे समय से यह कहा था कि गोलीबारी के बीच कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496